- वैशाख मास कृष्ण पक्ष-3
- वर्ष : 19, अंक : 338
- पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00*

मौसम
अधि. 37
न्यून. 22

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


बेल्जियम की संघीय लोक न्याय सेवा ने सोमवार को कहा कि भारत ने भगोड़े कारोबारी मेहुल चोकसी के प्रत्यर्पण का अनुरोध किया है

**भारत के बैंकिंग इतिहास के सबसे बड़े 13000 करोड़ रुपए के घोटाले का आरोपी अब स्विट्जरलैंड भागने की फिराक में था**

**चोकसी ने बेल्जियम में निवास कार्ड पाने के लिए जाली दस्तावेज जमा किए। यह भी छिपाया कि वह भारत और एंटीगुआ का नागरिक है**

# भगोडा मेहुल चोकसी बेल्जियम में गिरफ्तार, भारत ने कहा- हमें 'सौंपो'

**नईदिल्ली।** भारत के भगोड़े कारोबारी मेहुल चोकसी को सोमवार सुबह बेल्जियम से गिरफ्तार किया गया है। चोकसी बीते करीब सात साल से भारतीय एजेंसियों की पकड़ से दूर है। चोकसी की गिरफ्तारी के बाद यह चर्चा है कि क्या 26/11 हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा के बाद चोकसी का प्रत्यर्पण भी कर सकता है? माना जा रहा है कि अब उसके भांजे का नंबर है। आरोप है कि नीरव मोदी और मेहुल ने पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के कुछ अधिकारियों के साथ मिलकर बैंक को करीब 13,000 करोड़ रुपयए का चूना लगाया। यह बैंकिंग इतिहास का सबसे बड़ा घोटाला कहा जाता है। इन लोगों ने पीएनबी की मुंबई के फोर्ट में स्थित ब्रेडी हाउस ब्रांच के अधिकारियों की मदद से फर्जी लेटर ऑफ अंडरटेकिंग्स के जरिए बैंक से कर्ज पर रकम लेकर विदेशों में ट्रांसफर की। आरोपियों ने फर्जीवाड़े से लेटर ऑफ अंडरटेकिंग्स की अवधि एक साल तक दिखाई और महंगे आभूषणों का आयात किया, जबकि रिजर्व बैंक की गाइडलाइंस के मुताबिक, इनकी अवधि 90 दिन ही हो सकती है, जिसके बाद कर्ज वापसी जरूरी है।

### वकील ने कहा था-उसे ब्लड कैंसर, वह भारत नहीं आ सकता

फरवरी में चोकसी के वकील ने मुंबई की एक अदालत को बताया था कि वह भारत नहीं लौट सकता, क्योंकि वह रक्त कैंसर के इलाज के लिए बेल्जियम में था। भगोड़े कारोबारी ने कहा था कि वह भारतीय एजेंसियों के साथ सहयोग करने और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अदालतों में पेशी के लिए तैयार है। हालांकि, इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया गया और एजेंसियां उसके प्रत्यर्पण की दिशा में काम करती रहीं।



### भारत और बेल्जियम के बीच प्रत्यर्पण संधि

### जब दोनों देशों में अपराध साबित तभी होगा प्रत्यर्पण

भारत और बेल्जियम के बीच प्रत्यर्पण संधि है। इस संधि के तहत हत्या, धोखाधड़ी, जालसाजी जैसे कई अपराधों के अभियुक्तों को एक देश से दूसरे देश भेजने का अहम माध्यम है। 2020 में केंद्रीय कैबिनेट ने संधि में कुछ बदलाव भी किए थे। भारत और बेल्जियम ने 2023 में आपसी कानूनी सहयोग संधि पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके तहत दोनों देश भगोड़े आरोपियों के खिलाफ जांच एजेंसियों की तरफ से जारी एक-दूसरे के सर्च वॉरंट और समन को प्रभावी कर सकते हैं।संधि के मुताबिक किसी भी स्थिति में नागरिकों या निवासियों को तब तक नहीं सौंपा जा सकता।

### तो, बेल्जियम प्रत्यर्पण से मना कर सकता है?

संधि की एक खास बात यह भी है कि अगर प्रत्यर्पण की मांग राजनीतिक कारणों से की जा रही है तो इस मांग को नकारा जा सकता है। इसके अलावा सैन्य, भेदभाव व अन्य तर्कों और तथ्यों के आधार पर भी प्रत्यर्पण से इनकार किया जा सकता है। इसके अलावा अगर किसी अपराध के लिए भारत में मौत की सजा दी जा सकती है, तो बेल्जियम प्रत्यर्पण से पहले ऐसी किसी सजा को न देने का समझौता कर सकता है। हालांकि, चोकसी के मामले में यह तथ्य लागू नहीं होता।

### 2021 में डोमिनिकन गणराज्य में पकड़ा गया था

इससे पहले 2021 में मेहुल चोकसी को अवैध प्रवेश के लिए डोमिनिकन गणराज्य में गिरफ्तार किया गया था। उसकी हिरासत को सुरक्षित करने के लिए सीबीआई की एक टीम कैरेबियाई देश पहुंची थी। 65 साल का मेहुल चोकसी 2018 में भारत से भाग गया था। घोटाला सामने आने के बाद वह देश छोड़कर एंटीगुआ चला गया, जहां उसने निवेश कार्यक्रम के जरिए नागरिकता ले ली थी।

### नीरव मोदी भी लंदन में प्रत्यर्पण कार्यवाही का सामना कर रहा

सीबीआई की स्पेशल कोर्ट ने भगौड़ा नीरव मोदी और मेहुल चोकसी दोनों के खिलाफ गैरजमानती वॉरंट जारी किया है। नीरव मोदी वर्तमान में लंदन में प्रत्यर्पण कार्यवाही का सामना कर रहा है। नीरव मोदी लंदन में मनी लांड्रिंग मामले को लेकर कानूनी कार्रवाई का सामना कर रहा है। फिलहाल वो लंदन की जेल में बंद है। बार-बार जमानत मांगने के बाद भी उसकी याचिका खारिज हो गई है। नीरव मोदी ने जनवरी 2018 में भारत छोड़ा था। इसके कुछ दिनों बाद ही पंजाब नेशनल बैंक के साथ हुए घोटाले का मामला सामने आया था। सीबीआई ने इस मामले में 30 जनवरी 2018 को एफआईआर दर्ज की थी। उसको 19 मार्च 2019 को लंदन में होबर्न के मेट्रो बैंक ब्रांच से गिरफ्तार किया गया था। उस वक्त नीरव मोदी वहां अपना बैंक अकाउंट खुलवाने गया था। उसके बाद नीरव मोदी को लंदन की वैंडजवर्थ जेल में रखा गया। मई 2020 से लंदन के वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट कोर्ट में नीरव मोदी के प्रत्यपर्ण का मामला चला। लंदन की अदालत ने नीरव मोदी के भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
पंजाब कोलकाता
शाम 7.30 बजे से

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ


## खबर संक्षेप

### वर्ग-2 की शिक्षक पात्रता के प्रवेश पत्र जारी



**भोपाल।** मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन बोर्ड ने मध्य प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा वर्ग 2 का प्रवेश पत्र जारी कर दिया है। परीक्षा 20 अप्रैल को शुरू होने वाली है। उम्मीदवार नीचे बताए चरणों का पालन करके अपना प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं। नियमों का पालन जरूरी है।

### हेमंत होंगे झामुमो के अध्यक्ष, शिबू संरक्षक



**रांची।** सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा में अब कार्यकारी अध्यक्ष का पद नहीं होगा। उसके स्थान पर संस्थापक संरक्षक का पद होगा। कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन अब झामुमो के अध्यक्ष होंगे, जबकि केंद्रीय अध्यक्ष रहे दिशोम गुरु शिबू सोरेन संस्थापक संरक्षक।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भीम जन्मस्थली (महू) डॉ. आंबेडकर नगर में नमन करते हुए कहा

# बाबा साहेब ने आरक्षण की व्यवस्था के साथ प्रेरणा दी कि शिक्षा की 'कमी' न हो



भीम जन्मस्थली से शुरू नई ट्रेन से महू सीधा देश की राजधानी दिल्ली से जुड़ा

*सीएम ने कहा कि अनुसूचित जाति वर्ग की साक्षरता जो कभी मात्र 1.5 प्रतिशत थी, आज 59 प्रतिशत तक पहुंच गई है। भविष्य में जब-जब कठिनाई आएगी, हम सर्वहारा वर्ग के सशक्तिकरण का ध्यान रखेंगे।*



हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बाबा साहेब आंबेडकर ने 20 वीं शताब्दी में ऐसे अनेकों उल्लेखनीय कार्य किए, जिनसे 1000 वर्ष की गुलामी की विसंगतियां दूर हुईं। इन्हीं के आधार पर आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश बना है। डॉ. आंबेडकर के जीवन के योगदान बहुआयामी हैं, उन्हें भारत में भविष्य की चुनौतियों का आभास हो चुका था, यद्यपि उनका जीवन बहुत कठिनाई के साथ बीता, लेकिन वे ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने स्वयं के संघर्ष से सीख ली और अपने जैसे दूसरे लोगों की मदद की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को बाबा साहब डॉ. आंबेडकर की जन्मस्थली महू पहुंचे थे। उन्होंने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस मौके पर कई मंत्री, जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में बाबा साहेब के अनुयायी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब ने स्वयं की शिक्षा में कोई कसर नहीं रहने दी, इससे यह प्रेरणा मिलती है कि व्यक्ति के जीवन में शिक्षा में कभी कोई कमी नहीं रहनी चाहिए।

### महू से हुई एक सकारात्मक क्रांति की शुरुआत

विचारक मुकुल कानिटकर ने कहा कि 1891 में इसी दिन महू से एक सकारात्मक क्रांति की शुरुआत हुई थी, एक क्रांति सूर्य का उदय हुआ था। डॉ. आंबेडकर ने वर्ष 1916 में मात्र 27 वर्ष में अमेरिका के कोलंबिया विश्वविद्यालय से इकोनॉमिक्स की डिग्री प्राप्त की थी। कोलंबिया यूनिवर्सिटी में सिर्फ एक ही स्टैच्यू लगा है, वो बाबा साहेब आंबेडकर का है। उन्होंने अर्थशास्त्र में पीएचडी और समाजशास्त्र व मानवशास्त्र में एमए किया। उस समय वे विश्व में सर्वाधिक डिग्री हासिल करने वाले व्यक्ति थे। वे किसी एक जाति-धर्म के नेता नहीं सर्वसमाज के नेता हैं।

### प्रधानमंत्री ने डॉ. आंबेडकर से जुड़े सभी स्थानों को पंचतीर्थ के रूप में मान्यता दी

### महू में धर्मशाला निर्माण के लिए सरकार देगी 3.5 तीन एकड़ जमीन

**महू आने-जाने वालों की संपूर्ण सुविधा का प्रबंध सरकार की ओर से किया जाएगा**

### अनुसूचित जाति वर्ग की साक्षरता अब 59 प्रतिशत

बाबा साहेब ने समूचे समाज को आरक्षण जैसी व्यवस्था प्रदान की। आज अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति सहित हर वर्ग को साक्षरता का लाभ मिल रहा है। अनुसूचित जाति वर्ग की साक्षरता जो कभी मात्र 1.5 प्रतिशत थी, आज 59 प्रतिशत तक पहुंच गई है। भविष्य में जब-जब कठिनाई आएगी, हम सर्वहारा वर्ग के सशक्तिकरण का ध्यान रखेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉ. आंबेडकर से जुड़े सभी स्थानों को पंचतीर्थ के रूप में मान्यता दी। महू स्थित भीम जन्मभूमि को तीर्थ के रूप में विकसित करने में मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. सुंदरलाल पटवा और शिवराज सिंह चौहान का योगदान महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव और मंचासीन अतिथियों ने 'संवैधानिक सामाजिक न्याय : एक चिंतन' पुस्तक का विमोचन किया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, सांसद श्रीमती कविता पाटीदार, पूर्व मंत्री और विधायक सुश्री ऊषा ठाकुर सहित वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे।

### डेयरी खोलने पर सरकार देगी 30 प्रतिशत अनुदान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने सर्वहारा वर्ग और प्रदेश के किसानों को समृद्ध बनाने के लिए डॉ. आंबेडकर कामधेनु योजना शुरू की है। उन्होंने कहा कि यदि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग का कोई व्यक्ति दूध डेयरी खोलेगा, तो उसे हमारी सरकार 30 प्रतिशत अनुदान देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से एक दिन पहले ही भीम जन्मस्थली महू को नई ट्रेन की सौगात मिली है। अब महू शहर सीधा देश की राजधानी दिल्ली से जुड़ गया है।

**टेकरी के पुजारी से मारपीट का मामला**



## 6 गाड़ियां ट्रेस, मालिकों-चालकों समेत 12 पर केस, पर विधायक पुत्र नामजद नहीं

कांग्रेस नेता सज्जन वर्मा व पिंटू जोशी ने पखारे पुजारी के पैर

इंदौर के मठ ने कहा गोलू या रुद्राक्ष शुक्ला मांगें माफी

हरिभूमि न्यूज ⏩ देवास

देवास पुलिस ने देवास के जीतू रघुवंशी पर केस दर्ज कर व उज्जैन में भी लापरवाही से वाहन चलाने व हूटर कार में लगाकर घूमने पर कार जप्त की हैं। बीते शुक्रवार की रात को 12 बजे बाद रुद्राक्ष शुक्ला व उसके साथियों ने माता टेकरी पर पहुंचकर पुजारियों पर मंदिर के पट खोलने का दबाव बनाया था।

उक्त मामले में जीतू रघुवंशी पर मामला दर्ज किया जा चुका है। अब इस मामले में कांग्रेस ने इसको राजनीतिक मुद्दा बना लिया है। सोमवार को पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा व उनके साथ गोलू शुक्ला के सामने विधानसभा चुनाव में खड़े हुए प्रत्याशी प्रदेश कांग्रेस सचिव पिंटू जोशी ने माता टेकरी मंदिर के पुजारियों के पैर पखारकर उनसे माफी मांगी है। वहीं, इंदौर के मठ ने एक पत्र जारी कर आंदोलन करने की चेतावनी दी है, कहा है कि रुद्राक्ष शुक्ला या गोलू शुक्ला माफी नहीं मांगते हैं तो बड़ा आंदोलन उनके विरुद्ध किया जाएगा।

### *शुक्ला के बेटे की गाड़ी पर लगी थी बत्ती*

*मंदिर के पास इंदौर विधायक गोलू शुक्ला के बेटे रुद्राक्ष की गाड़ी को देखा गया है। वीडियो में रुद्राक्ष उसी गाड़ी में नजर आ रहा है। गाड़ी पर नीली-पीली बत्ती भी दिख रही है, जो बिल्कुल वैसी है, जैसी पुलिस की गाड़ियों में होती है। पुलिस का कहना है कि जो छह गाड़ियां ट्रेस की गई हैं, उनके मालिकों और चालकों समेत 12 पर केस दर्ज किया गया है। एसपी पुनीत गेहलोत ने बताया कि पुलिस ने अभी तक सात गाड़ियां चिन्हित की हैं। जिसमें से चार गाड़ियों को जप्त किया जा चुका है। इंदौर उज्जैन से एक एक गाड़ी और अन्य दो देवास से जप्त की हैं। जिसमें एमपी 09 डब्ल्यू एल 0009 गाड़ी भी शामिल हैं। आगे इन वाहनों के वाहन मालिकों को तलब किया जाएगा।*

**हर दिन विशेष विधि से बदला जाता है मंदिर का ध्वज**

## जगन्नाथ मंदिर का ध्वज लेकर 'उड़' गया गरुड़, लोग जता रहे अनहोनी की आशंका



**मंदिर प्रशासन की तरफ से इस घटना को लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया**

एजेंसी ⏩ पुरी

ओडिशा के पुरी स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें एक गरुड़ मंदिर के शिखर पर लगे पवित्र ध्वज को अपने पंजों में दबाकर उड़ रहा है।

भगवान जगन्नाथ मंदिर का ध्वज हर दिन विशेष विधि से बदला जाता है। इसे बेहद शुभ मानते हैं। कई लोग इस घटना को भगवान जगन्नाथ की कोई लीला मान रहे हैं, तो वहीं कुछ लोग इसे शुभ या अशुभ संकेत से जोड़ रहे हैं। फिलहाल, मंदिर प्रशासन की तरफ से इस घटना को लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है। हालांकि, स्थानीय पुजारियों के हवाले से कहा गया है कि यह एक सामान्य प्राकृतिक घटना हो सकती है। हालांकि, श्रद्धालुओं की भावनाओं और मंदिर की परंपरा के मद्देनजर यह घटना चर्चा का विषय बन गई है। हालांकि, लोग अनहोनी की आशांका जता रहे हैं।

क्योंकि इस पहले साल 2020 में आकाशीय बिजली के चमकने की वजह से मंदिर के ध्वज में आग लग गई थी। मंदिर के ऊपर एक सुदर्शन चक्र लगा है, जिसका वजन करीब 1000 किलोग्राम है। विज्ञान भी हैरान है कि आखिर यह चक्र इतनी ऊंचाई पर कैसे पहुंचा? क्योंकि उस समय तकनीक भी इतनी विकसित नहीं थी।

**अब बारिश थमेगी, दो-तीन दिन बाद से गर्मी बढ़ेगी**

भोपाल में एक डिग्री बढ़कर पारा 39.5 डिग्री

## सबसे गर्म रतलाम में दिन का पारा 42, धार और उज्जैन में 41 डिग्री

### पूर्वी मप्र के कुछ हिस्सों में गरज-चमक व एक-दो जगह हल्की ओलावृष्टि की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

सोमवार को भोपाल सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में दिन के तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं रहा। धूप और बारिश के बीच पारा 40 डिग्री के करीब थमे रहने से भीषण गर्मी से राहत रही।

सबसे गर्म रतलाम में पारा 42 और धार तथा उज्जैन में 41 डिग्री तक दर्ज हुआ है। भोपाल में एक डिग्री बढ़कर 39.5 डिग्री रहा, जबकि रतलाम, उज्जैन, खजुराहो, नौगांव और सागर में सर्वाधिक बढ़त 2.5 से 3 डिग्री की रही। मौसम केंद्र के अनुसार अब बारिश में कमी आएगी। गर्मी में बढ़त होगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अब सिस्टम आगे निकल रहा है। अभी राजस्थान से लगे हिस्सों पर सकुर्लेशन का असर होने से पूर्वी मप्र के कुछ हिस्सों में गरज चमक और एक-दो जगह हल्की ओलावृष्टि हो सकती है। शेष प्रदेश में बारिश में कमी आने से बुधवार के बाद से तापमान में 2 से 4 डिग्री तक बढ़त होगी। इधर, भोपाल सहित आसपास के हिस्सों में भीषण गर्मी से अभी दो-तीन दिन और कुछ राहत के संकेत हैं। हवाएं बदलने और गति सामान्य से अधिक रहने से यह राहत रहेगी। 17-18 अप्रैल के बाद गर्मी काफी तेज हो जाएगी।



### आज यहां बारिश के साथ ओले गिरेंगे

मंगलवार तक रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, खंडवा, खरगोन, देवास, सिंगरौली, सीधी, रीवा, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिं दवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, सागर, मैहर, पांढुर्ना आदि जिलों में गरज चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। सिंगरौली, अनुपपुर, डिंडोरी और बालाघाट जिलों में हल्की ओलावृष्टि होने का येलो अलर्ट है। वहीं, सोमवार को दोपहर बाद पांढुर्णा, बैतूल, सिवनी, छिंदवाड़ा, बालाघाट, सिंगरौली और अनूपपुर जिलों में हल्की बारिश होने से गर्मी से कुछ राहत रही।

ट्रंप के जवाबी शुल्क पर रोक के फैसले से निर्यातकों में खुशी की लहर

# भारत को मिली राहत, अमेरिका को 40 हजार टन झींगा भेजने को तैयार सी फूड निर्यातक, अब कर सकेंगे अन्य देशों के साथ प्रतिस्पर्धा

*भारतीय समुद्री खाद्य निर्यातक संघ के महासचिव केएन. राघवन ने कहा कि अमेरिकी शुल्क की घोषणा और फिर उन पर रोक के कारण लंबित हुए झींगा के करीब 2,000 कंटेनर अब निर्यात के लिए तैयार किए जा रहे हैं। अस्थायी राहत के तहत चीन को छोड़कर सभी देशों पर 10% का मूल शुल्क लागू रहेगा*

एजेंसी ⏭ कोच्चि

भारत के समुद्री खाद्य निर्यातक संयुक्त राष्ट्र अमेरिका को 35,000-40,000 टन झींगा (श्रिम्प) भेजने की तैयारी कर रहे हैं। उद्योग के अधिकारियों ने बताया कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 26% जवाबी शुल्क लगाने की योजना पर रोक लगाने के बाद ऑर्डर स्थिर बने हुए हैं। अमेरिका भारतीय झींगा निर्यात पर फिलहाल 17.7% का प्रभावी सीमा शुल्क लगता है, जिसमें 5.7% प्रतिकारी शुल्क और 1.8% डंपिंग रोधी शुल्क शामिल है। भारतीय समुद्री खाद्य निर्यातक संघ के महासचिव केएन. राघवन ने कहा कि अब हमें काफी राहत मिली है, क्योंकि हम अमेरिका के अन्य निर्यातकों के बराबर पहुंच गए हैं। अब वे सभी खेपें जो रोकी गई थीं, उन्हें प्रक्रिया में लाया जाएगा।

अमेरिका फिलहाल 17.7 प्रतिशत का सीमा शुल्क लगा रहा

भारत ने अमेरिका को 2.7 अरब अमेरिकी डॉलर का झींगा निर्यात किया

## करीब 2,000 कंटेनर निर्यात के लिए तैयार



*राघवन ने कहा कि अमेरिका के इस फैसले के बाद सी फूड निर्यातकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। अमेरिकी शुल्क की घोषणा और फिर उन पर रोक के कारण लंबित हुए झींगा के करीब दो 2,000 कंटेनर अब निर्यात के लिए तैयार किए जा रहे हैं। अस्थायी राहत के तहत चीन को छोड़कर सभी देशों पर 10% का मूल शुल्क लागू रहेगा। चीन पर 145% शुल्क है। उद्योग से जुड़े सूत्रों ने बताया कि भारतीय निर्यातक आमतौर पर आपूर्ति शुल्क-भुगतान व्यवस्था के तहत शुल्क लागत वहन करते हैं, जिसका मतलब है कि पहले से अनुबंधित निर्यात को उच्च शुल्क के तहत महत्वपूर्ण अतिरिक्त खर्चों का सामना करना पड़ता।*

### भारत अमेरिका का प्रमुख निर्यातक

राघवन ने बताया कि करीब दो हजार कंटेनरों में झींगे की खेपें जो पहले टैरिफ की वजह से अटकी हुई थीं, उन्हें अब 9 अप्रैल को राष्ट्रपति ट्रंप के निर्णय के बाद फिर से तैयार किया जा रहा है। यह फैसला 2 अप्रैल को अधिक टैरिफ की घोषणा के ठीक एक सप्ताह बाद आया है। भारत अमेरिका को झींगा एक्सपोर्ट करने वाले प्रमुख देशों में से एक है और टैरिफ में इस राहत से सी-फूड एक्सपोर्ट्स को बड़ी राहत मिली है।

### अमेरिका से ऑर्डर में कोई कमी नहीं

*उद्योग के एक प्रतिनिधि ने कहा कि अतिरिक्त शुल्क पर 90 दिन की रोक से निर्यातकों को अतिरिक्त लागत के बिना इन ऑर्डर को पूरा करने का अवसर मिलता है। भारतीय समुद्री खाद्य निर्यातक संघ के अनुसार, अमेरिका से ऑर्डर में कोई कमी नहीं आई है, जो मात्रा और मूल्य के मामले में अमेरिका भारत का सबसे बड़ा झींगा बाजार बना हुआ है।*

### झींगा बाजार में भारत का दबदबा

भारत ने वित्त वर्ष 2023-24 में अमेरिका को 2.7 अरब अमेरिकी डॉलर का झींगा निर्यात किया। राघवन ने सरकार से आग्रह किया कि शुल्क रोक समाप्त होने से पहले आगामी व्यापार वार्ता के दौरान देश के समुद्री खाद्य निर्यात के लिए 'समान अवसर' सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाए।

---

## खबर संक्षेप

### इक्वाडोर में नोबोआ दोबारा राष्ट्रपति चुने गए

**क्वीटो।** इक्वाडोर ने डेनियल नोबोआ को दोबारा राष्ट्रपति चुन लिया है। रूढ़िवादी करोड़पति का



अपराध के खिलाफ जंग छेड़ने का रिकॉर्ड बेमिसाल रहा है। कानून व्यवस्था को लेकर उनके बेबाक फैसले की वजह से इक्वाडोर ने उन्हें सर्वोच्च पद के लिए एक बार फिर से चुना है। कट्टर दक्षिणपंथी राष्ट्रपति डेनियल नोबोआ को करीब 15 उम्मीदवार टक्कर दे रहे थे। 37 साल के अरबपति नोबोआ केले के व्यापारी के हैं। वह करीब 15 महीने पहले ही सत्ता में आए थे। उनका सबसे करीबी मुकाबला वामपंथी सांसद से था।

### मलेशिया के पूर्व पीएम अहमद बदावी का निधन

**कुआलालंपुर।** मलेशिया के पूर्व पीएम अब्दुल्ला अहमद बदावी का हृदय की बीमारी के कारण यहां निधन



हो गया। कुआलालंपुर स्थित अस्पताल 'इंस्टिट्यूट जांतुंग नेगरा' ने सोमवार को यह जानकारी दी। बदावी का इस अस्पताल में उपचार चल रहा था। वह 85 वर्ष के थे। बदावी मलेशिया के पांचवें पीएम थे। वह 2003 से 2009 तक पद पर रहे, लेकिन राष्ट्रीय चुनावों में सत्तारूढ़ गठबंधन के निराशाजनक परिणाम की जिम्मेदारी लेने के लिए उन पर इस्तीफा देने का दबाव डाला गया था। राजनीति छोड़ने के बाद उन्होंने आम आदमी की तरह जीवन व्यतीत किया।

### यमन में अमेरिकी हवाई हमलों में छह की मौत

**दुबई।** यमन में हूती विद्रोहियों के कब्जे वाली राजधानी के आसपास संदिग्ध अमेरिकी हवाई हमलों में



कम से कम छह लोग मारे गए और 30 अन्य घायल हो गए। हूतियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। हूतियों के विरुद्ध अमेरिकी कार्रवाई की शुरुआत लगभग एक महीने पहले हुई थी। पश्चिम एशिया के समुद्री क्षेत्र में जहाजों पर हूतियों के हमलों को लेकर अमेरिकी बल हूती विद्रोहियों को निशाना बना रहे हैं। हूतियों ने इजराइल-हमास युद्ध के मद्देनजर पश्चिम एशियाई समुद्री क्षेत्र में जहाजों को निशाना बनाने की धमकी दी थी।

### मचैल माता मंदिर श्रद्धालुओं के लिए खुला

**जम्मू।** जम्मू के किश्तवाड़ जिले में श्री मचैल माता मंदिर सर्दियों के बाद अब तीर्थयात्रियों के लिए फिर खोल



दिया गया है, जिसके साथ वार्षिक यात्रा कार्यक्रम शुरू हो गया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रविवार को बैसाखी के अवसर पर मंदिर को खोल दिया गया और जम्मू के संभागीय आयुक्त रमेश कुमार ने वार्षिक तीर्थयात्रा की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस अवसर पर धार्मिक अनुष्ठानों और भव्य मेले के बीच देवी मचैल माता (देवी दुर्गा) की मूर्ति को स्थानीय पुजारी पहलवान सिंह के घर से मंदिर में स्थानांतरित किया गया।

---

## पुतिन के हमले से परेशान जेलेंस्की ने ट्रंप को यूक्रेन आने का दिया न्योता

थम नहीं रहा रूस और यूक्रेन युद्ध

# कहा- आइए और देखिए क्या हाल हो गया हमारा, अस्पतालों का करें दौरा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रूस और यूक्रेन के बीच जंग जारी है। दोनों देशों में शांति स्थापित कराने के लिए अमेरिका समेत कई देश लगातार प्रयास कर रहे हैं। जहां एक और शांति वार्ता की कोशिश की जा रही है। तो दूसरी तरफ दोनों देश एक दूसरे पर हमले करने से पीछे नहीं हट रहे हैं। हाल में ही रूस ने यूक्रेन के सूमी शहर पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला बोला।

इस घटना में 34 लोगों की मौत की जानकारी सामने आई थी। इस बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेंलेंस्की ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को यूक्रेन आने और युद्धग्रस्त इलाकों का दौरा करने के लिए आमंत्रित किया है। जानकारी के अनुसार, यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की चाहते हैं कि अमेरिका के राष्ट्रपति एक बार यूक्रेन का दौरा करें। निमंत्रण देने के पीछे की वजह है कि जेलेंस्की ट्रंप को दिखाना चाहते हैं इस युद्ध से यूक्रेन का क्या हाल हो गया है।

*रविवार को रूस के यूक्रेन हमले में 34 लोगों की हुई मौत*

*युद्ध रोकने के लिए कई देश प्रयासरत पर नहीं मिली सफलता*

### रूस ने यूक्रेन पर किया मिसाइल से हमला




*बता दें, रूस ने रविवार को यूक्रेन के सूमी शहर पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला बोला। इस हमले में 34 लोगों की जान गई है। इसके अलावा इस हमले में 100 से अधिक लोगों के घायल होने की भी खबर सामने आई है। इस हमले को लेकर यूक्रेन के राष्ट्रपति ने चिंता जाहिर की और रूसी हमले की निंदा की है। 24 फरवरी 2022 से रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध जारी है। दोनों देश एक दूसरे पर लगातार हमला कर रहे हैं। इस युद्ध को समाप्त कराने को लेकर अमेरिका समेत कई देश लगातार प्रयास कर रहे हैं। हालांकि, अभी तक कोई बात नहीं बन सकी है।*

### चर्चों का दौरा करें ट्रंप

*राष्ट्रपति जेलेंस्की ने डोनाल्ड ट्रंप से आग्रह किया वह किसी भी फैसले पर पहुंचने से पहले एक बार यूक्रेन का दौरा करें और वहां की वास्तविक स्थिति को देखें। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने एक साक्षात्कार के दौरान कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति को किसी संधि पर हस्ताक्षर करने से पहले और किसी भी नतीजे पर पहुंचने से पहले एक बार यूक्रेन आना चाहिए और यहां के अस्पतालों, चर्चों, आम नागरिकों और योद्धाओं से मिलना चाहिए।*

## 'सीबीएस' और '60 मिनट्स' के प्रसारण पर भड़के ट्रंप, बोले मेरे पीछे पड़ने के लिए 'बड़ी कीमत' चुकानी होगी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को अमेरिकी टेलीविजन पर प्रसारित होने वाली समाचार पत्रिका 'सीबीएस' द्वारा अपने कार्यक्रम '60 मिनट्स' में यूक्रेन और ग्रीनलैंड पर कार्यक्रम प्रसारित करने के तुरंत बाद 'सीबीएस' और '60 मिनट्स' पर तीखा हमला करते हुए कहा कि टेलीविजन नेटवर्क नियंत्रण से बाहर हो गया है और उनके पीछे पड़ने के लिए उसे 'बड़ी कीमत चुकानी होगी'। राष्ट्रपति ने अपने 'ट्रुथ सोशल' पर



कहा कि लगभग हर हफ्ते '60 मिनट्स' में... अपमानजनक और बदनाम करने वाले तरीके से ट्रंप का नाम लिया जाता है, लेकिन इस सप्ताहांत का प्रसारण उन सभी कार्यक्रमों से ऊपर है। उन्होंने संघीय संचार आयोग (एफसीसी) के अध्यक्ष ब्रेंडन कार से "उनके गैरकानूनी और अवैध व्यवहार के लिए" अधिकतम जुर्माना और दंड देने का आह्वान किया। नेटवर्क ने इस बारे में तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की।

### पुतिन से 100 प्रतिशत नफरत करता हूं: जेलेंस्की

*'60 मिनट्स' के संवाददाता ने यूक्रेन की यात्रा की और देश के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ एक साक्षात्कार किया, जहां इस महीने की शुरुआत में रूसी हमले में नौ बच्चे मारे गए थे। रविवार को प्रसारित साक्षात्कार में जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन पर आक्रमण के लिए वह रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से "100 प्रतिशत" नफरत करते हैं और उन्होंने ट्रंप को अपने देश की यात्रा करने के लिए आमंत्रित किया ताकि वह देख सकें कि क्या किया गया है। अपने सोशल मीडिया संदेश में ट्रंप ने कहा कि '60 मिनट्स' अब एक समाचार शो नहीं रह गया है और उन्होंने जो किया है और वे जो कर रहे हैं, उसके लिए उन्हें जिम्मेदार होना चाहिए।*

---

दिल्ली पुलिस का ताबड़तोड़ एक्शन

## 2 बांग्लादेशियों समेत 15 विदेशियों को पकड़कर डिटेंशन सेंटर भेजा



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पश्चिमी दिल्ली में द्वारका जिला पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मार्च में 15 लोगों को पकड़ा है। इनमें दो लोग बांग्लादेश के हैं। इन सभी को डिटेंशन सेंटर भेजा गया है। अब इन्हें देश से निर्वासित करने की प्रक्रिया शुरू की गई है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि अवैध प्रवासियों पर नकेल कसने के लिए जिले के सभी थाना अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। पुलिस कर्मी इलाके में छापेमारी कर बिना वैध वीजा के द्वारका में रह रहे विदेशी नागरिकों को पकड़ रहे हैं। इसी कड़ी में जिला पुलिस ने 15 विदेशी नागरिकों को पकड़ा है। इनमें 12 नाइजीरिया, दो बांग्लादेश और एक आइवरी कोस्ट से हैं। बिना वैध वीजा के साथ ही कुछ ने पासपोर्ट भी उपलब्ध नहीं कराए।

### बिना दस्तावेज भारत में रह रहे थे

पुलिस अधिकारी ने बताया कि एंटी-नारकोटिक्स सेल ने 11, मोहन गार्डन थाना पुलिस ने तीन और उत्तम नगर थाना पुलिस ने एक विदेशी नागरिक को पकड़ा। जांच में पाया गया कि ये सभी बिना वैध दस्तावेजों के भारत में रह रहे थे। पकड़े गए विदेशी नागरिकों को विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) के समक्ष पेश किया गया। एफआरआरओ से निर्वासन का आदेश मिलने के बाद उन्हें डिटेंशन सेंटर भेज दिया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिक देश के संसाधनों का दुरुपयोग करते हैं और कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती बन सकते हैं। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे अपने आसपास संदिग्ध गतिविधियों में शामिल या अवैध प्रवासियों की जानकारी पुलिस को दें।

### मणिपुर में दो उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने इंफाल पूर्व जिले में दो अलग-अलग स्थानों से प्रतिबंधित 'यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ)' के दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया और उनके पास से हथियार तथा करीब 22 लाख रुपये नकद जब्त किए। एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि रविवार को इंफाल पूर्व जिले के वांगखेई इलाके से जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल यूएनएलएफ के एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक बरेटा पिस्तौल और 15 कारतूस बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि उसके ठिकाने पर की गई छापेमारी में पुलिस ने एक एसएमजी कार्बाइन गन, नौ एमएम की एक पिस्तौल, चार मैगजीन, एक हथगोला, 66 स्नाइपर कारतूस और 69,000 रुपये नकद बरामद किए।

---

ढाका कोर्ट से गिरफ्तार वारंट जारी होने पर भड़की हसीना

## युनूस ने सत्ता के लिए विदेशी ताकतों संग मिलकर देश को पतन में ढकेला

एजेंसी ⏭ ढाका

बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना ने वीडियो जारी कर अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस को चेतावनी दी। शेख हसीना ने अंतरिम सरकार को खुदगर्ज सूदखोर करार दिया। वहीं ढाका कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद शेख हसीना की भतीजी और ब्रिटिश सांसद ट्यूलिप सिद्दीकी ने भ्रष्टाचार के आरोपों को खारिज किया। पूर्व पीएम शेख हसीना ने आठ मिनट के वीडियो में कहा कि अंतरिम सरकार ने सत्ता की प्यास बुझाने के लिए विदेशी ताकतों के साथ मिलकर देश के पतन की साजिश रची। उन्होंने युनुस पर बांग्लादेश के इतिहास को मिटाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम के सभी चिह्न मिटाए जा रहे हैं। स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान किया जा रहा है।

### युनूस सत्ता और पैसे के भूखे



शेख हसीना ने कहा कि उस (युनूस) कर्जदार, सत्ता के भूखे, पैसे के भूखे और आत्मकेंद्रित व्यक्ति ने विदेशी साजिश रची और देश को नष्ट करने के लिए विदेशी फंड का इस्तेमाल किया। बीएनपी और जमात ए इस्लामी हत्याएं कर रहे हैं और आवामी लीग को परेशान कर रहे हैं।

### भतीजी बोली- आरोप राजनीति से प्रेरित

वहीं, शेख हसीना की भतीजी और ब्रिटिश सांसद ट्यूलिप सिद्दीकी ने भ्रष्टाचार के आरोपों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि मैंने कोई गलत काम नहीं किया है। सिद्दीकी के प्रवक्ता ने कहा कि उनके पास बांग्लादेश में कभी भी कोई जमीन का टुकड़ा नहीं रहा है और उन्होंने कभी भी अपने परिवार के सदस्यों या किसी अन्य को जमीन के किसी भी हिस्से के आवंटन को प्रभावित नहीं किया है। एसीसी ने आरोप साबित करने के लिए कोई सबूत नहीं दिया। इसलिए यह साफ है कि आरोप राजनीति से प्रेरित हैं।

### गाजा पर इजराइल का हमला, 21 की मौत

**येरुशलम।** इजराइल ने रविवार को गाजा के अल-अहली अस्पताल पर मिसाइल हमला किया। इस हमले में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है लेकिन अस्पताल के भवन को भारी क्षति हुई है। इजराइल ने कहा है कि हमास के आतंकी इस अस्पताल से अपनी गतिविधियां संचालित कर रहे थे इसलिए उस पर हमला किया गया। गाजा के अन्य इलाकों में हुए ताजा हमलों में 21 लोग मारे गए हैं। बताया गया है कि हमले से कुछ मिनट पहले इजराइली सेना ने मरीजों और चिकित्सा से जुड़े लोगों को अस्पताल खाली करने के लिए कहा, इसके बाद अस्पताल भवन से दो मिसाइलें टकराईं। इस हमले से अस्पताल का आपात चिकित्सा विभाग, आगंतुक कक्ष नष्ट हो गए और अन्य हिस्सों को नुकसान हुआ।

अमेरिका जाने का हजारों भारतीयों का सपना धूमिल

## अनारक्षित वीजा श्रेणी आवेदनों की वेटिंग कट ऑफ एक मई 2019 की

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

ट्रंप प्रशासन ने हजारों भारतीयों के अमेरिका जाने और ग्रीन कार्ड पाने के सपने को तोड़ दिया है। अमेरिकी विदेश विभाग ने मई 2025 के लिए जारी किए गए वीजा बुलेटिन में भारतीयों के लिए ईबी 5 वीजा श्रेणी में कटौती की है। विदेश विभाग ने अनारक्षित वीजा श्रेणी आवेदनों की वेटिंग कट ऑफ एक मई 2019 कर दी है। पहले यह एक नवंबर 2019 थी। अब 1 मई 2019 के बाद ईबी 5 वीजा के लिए आवेदन करने वालों को लंबा इंतजार करना होगा। ईबी-5 श्रेणियों में भारत द्वारा उच्च मांग और संख्या के उपयोग, शेष विश्व में बढ़ती मांग और संख्या के उपयोग के कारण वित्त वर्ष 2025 की वार्षिक सीमा के अंतर्गत संख्या के उपयोग को अधिकतम सीमा के भीतर रखने के लिए भारत की अंतिम कार्रवाई तिथि को और पीछे करना जरूरी हो गया है।

### अलग-अलग देशों से सवा दो लाख लोग वरीयता में



वीजा बुलेटिन में कहा गया कि आव्रजन और राष्ट्रीयता अधिनियम (आईएनए) की धारा 201 के अनुसार निर्धारित परिवार प्रायोजित वरीयता वाले प्रवासियों के लिए वित्तीय वर्ष 2025 की सीमा 226,000 है। वार्षिक रोजगार आधारित वरीयता वाले प्रवासियों के लिए विश्वव्यापी स्तर कम से कम 140,000 है।

### शेष विश्व के लिए तिथि निधारित करना जरूरी

बुलेटिन में कहा गया है कि यदि मांग और उपयोग की संख्या में वृद्धि जारी रही तो शेष विश्व के देशों के लिए अंतिम कार्रवाई की तिथि निर्धारित करना भी आवश्यक हो सकता है। बता दें, ईबी-5 एक अमेरिकी अप्रवासी निवेशक वीजा है, जो विदेशी नागरिकों और उनके परिवारों को किसी योग्य अमेरिकी व्यवसाय या क्षेत्रीय केंद्र परियोजना में न्यूनतम राशि का निवेश करके संयुक्त राज्य अमेरिका में स्थायी निवास प्राप्त करने की अनुमति देता है। इस निवेश से कम से कम 10 रेगुलर नौकरियां पैदा होनी चाहिए।

---

सिंगापुर के पीएम वोग का ऐलान

## आगामी आम चुनाव में भारतीय समुदाय के उम्मीदवारों को उतारेंगे

एजेंसी ⏭ सिंगापुर

सिंगापुर के पीएम लॉरेंस वोंग ने व्यवसाय, उद्योग और लोक सेवाओं सहित कई क्षेत्रों में भारतीय समुदाय के लोगों के योगदान को स्वीकारते हुए रविवार को कहा कि सत्तारूढ़ 'पीपुल्स एक्शन पार्टी' (पीएपी) निश्चित रूप से आगामी आम चुनाव में भारतीय समुदाय के लोगों को भी उतारेगी। पीएपी ने 2020 के आम चुनाव में 27 नए चेहरों को चुनाव मैदान में उतारा था लेकिन इनमें एक भी भारतीय मूल का उम्मीदवार नहीं था जिसके बाद संसद में भारतीय समुदाय के प्रतिनिधित्व को लेकर सवाल उठने लगे थे। वोंग ने कहा कि भारतीय समुदाय एक छोटा समुदाय हो सकते हैं, लेकिन निश्चित रूप से सिंगापुर में आपका योगदान और आपका प्रभाव बिल्कुल भी



छोटा नहीं है। वास्तव में, मैं कहूंगा कि आप पहले से ही सिंगापुर की भावना का प्रतिबिंब हैं। आपकी कहानी सिंगापुर की कहानी है। वोंग ने सिंगापुर में व्यापार, उद्योग और सरकार सहित कई क्षेत्रों में देश के लिए भारतीयों के योगदान को रेखांकित किया। 2024 में सिंगापुर की आबादी में भारतीय मूल के लोग 7.6% थे, मलेशिया के 15.1% और चीन के 75.6 फीसदी थे।

नए वैज्ञानिक अध्ययन में डराने वाला खुलासा

# टूट रहा भारतीय उपमहाद्वीप, बार-बार आ सकते हैं भूकंप

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दुनिया में आने वाली प्राकृतिक आपदाओं को लेकर वैज्ञानिकों की तरफ से अक्सर चेतावनी दी जाती है। अब उन्होंने भारत के भूगर्भीय भविष्य को लेकर की गई एक गंभीर अलर्ट जारी किया है। भूवैज्ञानिकों की तरफ से संकेत दिया गया है कि भारतीय प्लेट दो भागों में बंट रही है। यह इस इलाके के भूवैज्ञानिक स्थिति को हमेशा के लिए एक नया आकार दे सकती है। अमेरिकन जियोफिजिकल यूनियन में एक लेख प्रकाशित किया गया है, जिसमें इस अहम खोज के बारे में जानकारी दी गई है। इसमें बताया गया है कि इस भूभाग में प्लेट अलग हो रही है और पृथ्वी के मेंटल में समा रही है। इस अध्ययन के मुताबिक, जिस भारतीय प्लेट की करीब 600 लाख सालों से यूरेशियन प्लेट से टक्कर हो रही है, वो एक नई प्रक्रिया से गुजर रही है। इस प्रक्रिया को डेलैमिनेशन कहा जाता है। इस प्रक्रिया के दौरान प्लेट का घना निचला भाग पृथ्वी के मेंटल में समा रहा है। इससे प्लेट के अंदर एक लंबवत दरार बन रही है।

भारतीय प्लेट 600 लाख सालों से यूरेशियन प्लेट से टकरा रही

हिमालय में भूकंपीय गतिविधियों से और तनाव बढ़ने की आशंका

### भारतीय प्लेट में ऊर्ध्वाधर दरार मिली

वैज्ञानिकों ने तिब्बती झरनों में भूकंप की तरंगों और हीलियम समस्थानिकों का विश्लेषण किया, जिसके बाद इस घटना की जानकारी मिली। इससे प्लेट में एक ऊर्ध्वाधर दरार की जानकारी मिली है। यूट्रेक्ट यूनिवर्सिटी के भूगर्भशास्त्री डौवे वैन हिंसबर्गेन ने बताया कि हम इस बारे में नहीं जानते थे कि महाद्वीप ऐसे व्यवहार



कर सकते हैं। यह ठोस पृथ्वी विज्ञान के लिए बहुत ही मौलिक है। क्योंकि यह बताती है कि न सिर्फ प्लेट की सतह की अलग-अलग मोटाई और विशेषताएं हैं, बल्कि टेक्टोनिक शिफ्ट को ऑपरेट करने वाली अंदरूनी प्रक्रियाएं पहले से जानकारी की तुलना में कहीं अधिक जल्दी से बदल रही हैं, जिसे समझना बेहद मुश्किल है।

### तिब्बती पठार में गहराई से दरारें बनने से भूकंप का खतरा बढ़ा

स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के भूभौतिकीविद् साइमन क्लेम्परर ने बताया कि हिमालय टकराव क्षेत्र जैसे हाई कंप्रेशन वाले इलाकों में टेक्टोनिक प्लेटें अक्सर कई दरारें दिखाती हैं, जिससे पृथ्वी की पपड़ी में तनाव निर्माण प्रभावित हो सकता है। इससे भूकंप का खतरा बढ़ जाता है। हिमालय क्षेत्र पहले से ही भूकंपीय गतिविधियों के लिए जाना जाता है। डेलैमिनेशन की प्रक्रिया से इस इलाके में तनाव और बढ़ सकता है। इससे अधिक तीव्र और बार-बार भूकंप आ सकते हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि इस प्रक्रिया से तिब्बती पठार में गहराई से दरारें बन सकती हैं। हालांकि, यह खोज बेहद अहम है, लेकिन वैज्ञानिकों ने कहा कि अभी यह सिर्फ एक शुरुआती संकेत है। उनका कहना है कि अभी और शोध की आवश्यकता है, जिससे लंबे समय तक पड़ने वाले प्रभावों को हम समझ सकें।

कोटा स्पेशल इंपैक्ट फीचर

# एम्स हो या आईआईटी हर चौथा स्टूडेंट होता है कोटा कोचिंग से


## कोटा कोचिंग ने दिए 31 से ज्यादा ऑल इंडिया टॉपर्स

कोटा कोचिंग के वर्ष 2024 के रिजल्ट्स में आईआईटी व एम्स एडिमशन में हर चौथा स्टूडेंट कोटा कोचिंग से है। जेईई एडवांस्ड में वेद लाहोटी, जेईई मेन में नीलकृष्ण एवं नीट में 6 ऑल इंडिया टॉपर्स एलन कोटा कोचिंग से रहे। पिछले 10 वर्षों में कोटा कोचिंग ने चार बार नीट व आईआईटी-जेईई में एक साथ ऑल इंडिया टॉपर दिए हैं।

कोटा कोचिंग से 2014 में चित्रांग मुरडिया जेईई-एडवांस्ड टॉपर तथा तेजस्विन झा एआईपीएमटी टॉपर एलन कोटा से रहे, वर्ष 2016 में भी कोटा कोचिंग के अमन बंसल जेईई-एडवांस्ड टॉपर तथा हेत संजय शाह नीट आल इंडिया टॉपर एलन से रहे। इस वर्ष जेईई-एडवांस्ड व नीट दोनों में ऑल इंडिया 1, 2, 3 रैंक एलन क्लासरूम से रही। एम्स-2017 में सभी टॉप-10 स्टूडेंट्स एलन से रहे। निशिता पुरोहित ने ऑल इंडिया टॉप किया। वर्ष 2019 में कार्तिकेय जेईई-एडवांस्ड तथा नलिन खंडेलवाल नीट में टॉपर रहे।

### मेंटोरशिप प्रोग्राम

कोटा कोचिंग में हर स्टूडेंट का एक मेंटोर (फैकल्टी) होता है, जिससे वह व्यक्तिगत रूप से जुड़कर हर समस्या का समाधान ले सकता है।




## हर साल ऑल इंडिया टॉपर कोटा कोचिंग से

**आईआईटी-जेईई**

| | |
|---|---|
| 2024 | वेद लाहोटी |
| 2021 | मृदुल अग्रवाल |
| 2019 | कार्तिकेय गुप्ता |
| 2016 | अमन बंसल |
| 2015 | सतवत जगवानी |
| 2014 | चित्रांग मुरडिया |
| 2008 | शितिकांत |
| 2007 | अचिन बंसल |
| 2002 | डूंगराराम |
| 2000 | नितिन गुप्ता |

**नीट/एम्स/एआईपीएमटी**

| | |
|---|---|
| 2024 | माजिन, दिव्यांश, प्राचिता, नेहा माने, तेजस |
| 2022 | तनिष्का |
| 2020 | शोएब आफताब |
| 2019 | नलिन खंडेलवाल |
| 2017 | निशिता पुरोहित |
| 2016 | हेत संजय शाह |
| 2014 | तेजस्विन झा |
| 2013 | आयुष गोयल |
| 2010 | लोकेश अग्रवाल |

**जेईई मेन** 2024 में नीलकृष्ण एवं पिछले वर्षों में गुरमीत सिंह, मृदुल अग्रवाल, पुलकित गोयल, सिद्धांत मुखर्जी, अंशुल वर्मा, काव्या चौपड़ा, कल्पित वीरवाल टॉपर रहे।

## अपने-अपने अनुभव

### कोटा की धरती बना रही देश के चैंपियन



कोटा में कॉम्पीटिशन का लेवल और पढ़ाई का माहौल बहुत अलग है। इसे देखते हुए ही एलन में पढ़ाई शुरू की। जो सुना था उससे भी अच्छा पाया। यहां बेस्ट स्टूडेंट्स का साथ है, बेस्ट फैकल्टीज की गाइडेंस है और पढ़ाई के लिए एलन कोटा में बेस्ट इको सिस्टम है। मेरा रैंक-1 का लक्ष्य पूरा करने में कोटा आना सबसे सही निर्णय रहा।

*-वेद लाहोटी, एआईआर-1, जेईई-एडवांस्ड 2024*



नीट की तैयारी के लिए एलन कोटा ज्वाइन किया। यहां आकर मेरा कॉन्फीडेंस अलग ही लेवल का हो गया, क्योंकि यहां का माहौल ही अलग है। इसका रिजल्ट भी सबके सामने है। परिवार हरियाणा से है। घर में पापा, चाचा सेना में हैं तो मेरा मन भी देश सेवा का था लेकिन पापा ने कहा कि तुम डॉक्टर बनकर देश सेवा करो।

*- दिव्यांश जितेन्द्र, एआईआर-1, नीट 2024*



नीट में कम्पीटिशन बड़ा है तो हमारी तैयारी भी बड़ी होनी चाहिए और बड़ी तैयारी के लिए कोटा आना सबसे सही फैसला था। इससे न केवल मेरा सेल्फ असेसमेंट प्रॉपर हुआ, वरन मुझे अच्छा कम्पीटिशन भी मिला जिससे मुझमें निरन्तर सुधार हुआ और मैं सफलता प्राप्त कर सकी।

*-तनिष्का, एआईआर-1, नीट 2022*



मेरी तीन बेटियां कोटा एलन में पढ़कर डॉक्टर बनी हैं। अब छोटे भाई की बेटी यहां पढ़ रही है। पढ़ने वाले बच्चों के लिए कोटा में सबकुछ है। यहां अनुभवी फैकल्टीज हैं, स्टूडेंट्स को कोटा आकर जरूर पढ़ना चाहिए।

*- विष्णु कुमार मंगल, मुरैना*


## यूं समझिए कोटा को

**13** लाख वर्तमान कोटा शहर की आबादी

**1.50** लाख से अधिक कोचिंग स्टूडेंट

**5** हजार अनुभवी फैकल्टीज

**25%** सीटों पर कोटा कोचिंग स्टूडेंट आईआईटी, एनआईटी और एमबीबीएस में



**50** हजार से अधिक छात्राएं।

**04** हजार हॉस्टल्स, 1500 से अधिक मैस

**25** हजार से अधिक स्टूडेंट्स पीजी में।

## कोटा... एक ऐसा शहर जहां मेहनत को दिशा, संघर्ष को हौसला और सपनों को मिल रही उड़ान

# कोटा : बड़ी जीत के लिए बड़ा मैदान

### जेईई व नीट जैसे बड़े कम्पीटिशन के लिए देश का बड़ा मैदान है कोटा

**चम्बल** किनारे बसा शहर कोटा शिक्षा की काशी है। यह सिर्फ एक शहर नहीं, बल्कि लाखों सपनों की कर्मभूमि है। यहां हर साल हजारों छात्र अपने भविष्य की नींव रखने आते हैं। यह वह जगह है, जहां मेहनत को दिशा मिलती है, संघर्ष को हौसला मिलता है, और सपनों को उड़ान मिलती है। यही कोटा की असली परिभाषा है। कोटा सिर्फ डॉक्टर और इंजीनियर बनाने का केंद्र नहीं रहा। यह जीवन जीने की पाठशाला भी बन गया है। माता-पिता अब कहते हैं कि 'कोटा जाओ, वहां सिर्फ पढ़ाई ही नहीं, जिंदगी के सबक भी सीख जाओगे।' यहां स्टूडेंट्स को मेहनत, आत्मनिर्भरता और सफलता के असली मायने समझाए जाते हैं।

### ऐसे हुई शुरुआत

1988 में एक छोटी सी शुरुआत ने कोटा की पहचान बदली। जब यहां के एक पॉलीटेक्निक डिप्लोमाधारी शिक्षक राजेश माहेश्वरी ने सबसे पहले सभी विषयों की कोचिंग एक छत के नीचे देने का नवाचार करते हुए एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट की स्थापना की। यह पहल धीरे-धीरे सफलता में तब्दील होने लगी, वर्ष-दर-वर्ष कोटा की पहचान इस क्षेत्र में मजबूत होती चली गई। इस तर्ज पर कई संस्थान शुरू होते चले गए। आज कोटा को एजुकेशन कैपिटल के रूप में पहचाना जा रहा है। कोटा में देश ही नहीं वरन दुनिया से स्टूडेंट्स मेडिकल व इंजीनियरिंग में कॅरियर बनाने के लिए आ रहे हैं। कोटा क्लासरूम कोचिंग के साथ अत्याधुनिक तकनीक से भी स्टूडेंट्स को सपोर्ट दे रहा है।

## मॉडल एजुकेशन सिटी, जहां है 'संस्कार से सफलता' तक की शिक्षा




**एक शहर...** जहां देश के हर प्रांत से श्रेष्ठ स्टूडेंट्स एक साथ पढ़ते हैं।

**एक शहर...** जहां देश के सबसे ऊर्जावान और युवा फैकल्टीज स्टूडेंट्स के आइकन हैं।

**एक शहर...** जहां पढ़ाई के लिए देश का सबसे बेहतर माहौल है।

**एक शहर...** जहां बातों-बातों में दिनभर में लाखों सवाल हल हो जाते हैं।

**एक शहर...** जहां आबादी के 15 प्रतिशत देशभर से आए स्टूडेंट्स हैं।

**एक शहर...** जहां देश के हर कोने से आई करीब 50 हजार बेटियां अपना कॅरियर बनाने के लिए मेहनत कर रही हैं।

**एक शहर...** जहां स्टूडेंट्स की केयरिंग परिवार की तरह की जा रही है। कोचिंग, हॉस्टल के साथ शासन-प्रशासन सभी स्टूडेंट्स के सपने पूरे करने के लिए प्रयासरत हैं।

**एक शहर...** जहां के एलन संस्थान का दुनिया में सबसे ज्यादा क्लासरूम स्टूडेंट्स पढ़ाने का रिकॉर्ड है।

**एक शहर...** एक शहर जो सबसे ज्यादा डॉक्टर व इंजीनियर देता है।

**एक शहर...** जहां के स्टूडेंट्स इंटरनेशनल ओलम्पियाड में भारत का नाम रोशन कर रहे हैं।

**एक शहर...** जहां अत्याधुनिक तकनीक के साथ ऑफलाइन के साथ ऑनलाइन मोड पर एजुकेशन दी जा रही है।

**एक शहर...** जिसका हैप्पीनेस इंडेक्स अन्य शहरों से ज्यादा है।

### कोटा कोचिंग के ऐसे उदाहरण जो समाज में बदलाव की कहानियां लिख रहे हैं

कोटा जिंदगी बदल रहा है। कामयाबी की कहानियां लिख रहा है, वो कहानियां जो समाज में बदलावों के लिए प्रेरक साबित हो रही है। छोटे गांव कस्बे के निर्धन परिवार की प्रतिभा को कामयाबी दिलाने की जिद हो या देश को नई दिशा देने की, कोटा साथ है।



रामचंद्र, वात्सल्य व डॉ. रूपा

यहां के तुहीन-डे (90% विकलांगता के साथ एनआईटी में), बालिका वधू डॉ. रूपा यादव, गूगल में कार्यरत दिहाड़ी मजदूर का बेटा रामचन्द्र सांखला, माइक्रोसॉफ्ट में कार्यरत वेल्डर का बेटा वात्सल्य चौहान, कुली का बेटा खेराज, घर-घर कबाड़ एकत्रित करने वाले का बेटा अरविन्द कुमार, शोध कर रही कैंसर से लड़ने वाली डॉ. अनीशा, बुनकर का बेटा मनोहरलाल, चौब सिंह, विशाल बिस्वास, राकेश बंजारा सहित सैंकड़ों ऐसे स्टूडेंट्स हैं जो डॉक्टर-इंजीनियर बनकर सामाजिक बदलाव के उदाहरण बने।

## कोटा केयर्स | कोचिंग, कॅरियर के साथ केयरिंग का नया कोटा

### 4 दशक में जीता 30 लाख परिवारों का भरोसा, देश को दिए 10 लाख से अधिक डॉक्टर व इंजीनियर्स

**कोटा** शहर अब एक नई परिभाषा और नए संकल्प के साथ स्थापित हो रहा है। पहले कोटा को सिर्फ 'कॅरियर व कोचिंग सिटी' कहा जाता था, लेकिन अब यह 'केयर सिटी' भी बन चुका है। यहां न सिर्फ पढ़ाई होती है, बल्कि छात्रों की देखभाल, मानसिक मजबूती और व्यक्तिगत विकास पर भी ध्यान दिया जाता है। 'कोटा केयर्स' अभियान ने पूरे शहर को स्टूडेंट्स की सफलता से जोड़ दिया है। कोटा ने अब तक 30 लाख परिवारों का भरोसा जीता है। करीब 10 लाख स्टूडेंट्स का कॅरियर डॉक्टर-इंजीनियर आदि प्रोफेशनल्स के रूप में बनाया है। कोटा केयर्स के तहत हॉस्टल संचालकों, ऑटो चालकों और डॉक्टर्स ने स्टूडेंट्स की मदद के लिए पहल की है।



### कोटा कोचिंग पैटर्न : एक्सपिरियंस लर्निंग सिस्टम

पिछले चार दशकों की एक्सपिरियंस लर्निंग से कोटा कोचिंग एक पैटर्न बन गया है, जिसका देशभर में अनुसरण किया जा रहा है। देश में मेट्रो और कोटा से बड़े अन्य शहर कोटा कोचिंग के पैटर्न के आधार पर बच्चों का कॅरियर बना रहे हैं। कोटा कोचिंग पैटर्न पढ़ाई की ऐसी पद्धति बन गई है जो सफलता के लिए आवश्यक है।

### देश के लिए मॉडल सिटी बनाने की पहल

कोटा में अकेडमिक एक्सीलेंस के साथ अब कोटा केयरिंग मॉडल को जोड़ते हुए शहर को मॉडल सिटी बनाने की तरफ कदम बढ़ाया जा रहा है। कोटा केयर्स अभियान के तहत एजुकेशन के साथ केयरिंग जोड़ते हुए ऐसा इको सिस्टम डवलप किया जा रहा है जो देश में एक मॉडल की तरह स्थापित हो। प्रशासन एवं पुलिस के साथ मिलकर शहर में हॉस्टल संचालक, ऑटो यूनियन, पीजी संचालक, मैस, स्ट्रीट वेंडर्स सभी आगे आए हैं

## छात्रों के लिए देश का पहला इमोश्नल वेलबीइंग सेंटर

कोटा अनुभवों से सीख रहा है। यह पहला शहर है जहां स्टूडेंट्स के मानसिक स्वास्थ्य पर काम हो रहा है। स्टूडेंट्स को एडवांस केयर कैसे दी जाए, उनके मानसिक स्वास्थ्य कैसे बेहतर हो, इस पर कोटा अब देश के अन्य शहरों से आगे बढ़ रहा है। यहां देश के पहले इमोशनल वेल बीइंग सेंटर की स्थापना की, जो एक इंटीग्रेटेड कैंपस है जहां सभी तरह के काउंसलर 24 घंटे स्टूडेंट्स की मदद के लिए उपलब्ध रहते हैं।

### कोटा इसलिए है दूसरे शहरों से अलग

- **पढ़ाई का तरीका:** विषयों की गहराई ही नहीं, बल्कि प्रभावी अध्ययन तकनीकों पर भी ध्यान दिया जाता है।
- **संघर्ष से सीख:** केवल परीक्षा पास करना ही नहीं सिखाता, बल्कि कठिनाइयों से लड़कर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।
- **नेशनल लेवल कम्पीटिशन:** देश के बेस्ट फैकल्टीज स्टूडेंट को नेशनल लेवल के कंप्टीशन के लिए तैयार करते हैं।

## एक्सपर्ट कमेंट्स | कोटावासियों की मेहनत और अनुभव से मजबूत बनी है शिक्षा की काशी कोटा सिटी

# अपने कर्म और कौशल से कोटा ने हासिल की कीर्ति

### कोटा के बेटा-बेटी देश-दुनिया में नेतृत्व कर रहे



अभिभावक अपने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने के लिए कोटा भेजें। यहां सुरक्षित वातावरण के साथ अच्छी शिक्षा है। यहां आकर विद्यार्थी अपनी आकांक्षाओं को पूरा करते हैं। कोटा में पढ़ने वाले बेटा-बेटी आज देश-दुनिया में नेतृत्व कर रहे हैं। आने वाला समय कोटा का और बेहतर होगा। कोटा स्टूडेंट्स की अपेक्षाओं को पूरा करने की समझ रखता है। यहां का माहौल आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।

*- ओम बिरला,*
*लोकसभा अध्यक्ष*

### स्टूडेंट्स के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित



पूरा कोटा आने वाले बच्चों को अपने स्वयं के बच्चों की तरह देखभाल करने हेतु कृत संकल्पित है। इस हेतु पिछले एक वर्ष में कई प्रयास कोटा द्वारा किए गए हैं, जिसमें कोटा केयर्स अभियान के तहत पूरे शहर के आमजन को स्टूडेंट केयरिंग से जोड़ा जा रहा है। अब यहां हर वर्ग स्टूडेंट की केयरिंग के लिए फोकस्ड है। समय-समय पर विभिन्न माध्यमों से स्टूडेंट्स से बातचीत करते हैं, उनके मन की बात जानते हैं और उन्हें समाधान देते हैं।

*-डॉ.रविन्द्र गोस्वामी, जिला कलक्टर, कोटा*

### स्टूडेंट्स के लिए सबसे सुरक्षित और अनुकूल शहर



कोटा देश में विद्यार्थियों के लिए बहुत अनुकूल और सुरक्षित शहर है। विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए ही कई पहल भी की गई है, जिसमें कोटा सेफ्टी ऑफ स्टूडेंट्स (K-SOS) एप लॉच किया गया है। इसमें पैनिक बटन दिया गया है। पुलिस हर कदम पर स्टूडेंट्स के साथ खड़ी है। हमारा उद्देश्य कोटा में आने वाले स्टूडेंट्स के लिए एक सुरक्षित माहौल तैयार करना है। कोचिंग स्टूडेंटस वाले क्षेत्रों में नियमित गतिविधियां की जा रही है, बच्चों से बातचीत भी करते हैं, उन्हें समझते हैं।

*- डॉ.अमृता दुहन, सिटी एसपी, कोटा*

### कोटा स्टूडेंट्स के लिए परफेक्ट सिटी है



कोटा स्टूडेंट्स के लिए परफेक्ट सिटी है। यहां एक ऐसा इको सिस्टम है, जिसमें स्टूडेंट पढ़ाई के लिए प्रेरित होता है। चार दशकों के अनुभव से कोटा का सिस्टम इतना मजबूत हो गया है कि स्टूडेंट की जरूरतों को बहुत अच्छी तरह समझकर समाधान दिए जाते हैं। यही कारण है कि स्टूडेंट्स की फर्स्ट च्वाइस कोटा है। यहां बेस्ट स्टूडेंट के साथ बेस्ट फैकल्टीज और बेस्ट माहौल का पूल स्टूडेंट को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है और यही प्रेरणा परिणामों में नजर आती है।

*- राजेश माहेश्वरी, निदेशक, एलन करियर इंस्टीट्यूट प्रा.लि.*

## नेशनल लेवल कम्पीटिशन का सबसे बड़ा रन-वे



**कोचिंग** सिटी कोटा नेशनल लेवल कॉम्पिटिशन के लिए रनवे है। यहां देशभर के टॉप ब्रेन आते हैं और साथ पढ़ते हैं। ऐसे में यहां मिलने वाला नेशनल लेवल का कम्पीटिशन स्टूडेंट को नेशनल लेवल के लिए निखारता है। स्टूडेंट अपना सेल्फ एनालिसिस भी आसानी से कर सकते हैं। यहां वे वास्तविक परीक्षा के बहुत करीब खुद को पाते हैं और उसी के अनुरूप अपनी कमजोरियों को दूर करने का प्रयास करते हैं। ऐसे में कोटा के रन-वे पर रफ्तार पकड़ने वाले स्टूडेंट्स के उड़ान भरने के अवसर अधिक होते हैं।



# वक्फ पर पिछली सरकारों ने नहीं किया ईमानदारी से काम विभूतियों को नहीं दिया देश का 'सर्वोच्च सम्मान'

पीएम ने संबोधन की शुरुआत में कहा कि हरियाणा के मेरे भाई-बहनों को मोदी की राम-राम साथियों, आज मैं उस धरती को प्रणाम करता हूं, जहां मां सरस्वती का उद्गम हुआ। जहां मंत्रा देवी विराजती हैं। जहां पंचमुखी हनुमान जी हैं। जहां कपाल मोचन साहिब का आशीर्वाद है। जहां संस्कृति, श्रद्धा, समर्पण की त्रिवेणी बहती है। आज बाबा साहेब आंबेडकर जी की 135वीं जयंती भी है। उनका विजन, उनकी प्रेरणा, निरंतर विकसित भारत की यात्रा में हमें दिशा दिखा रही है।

**मोदी ने किया जलियांवाला बाग हत्याकांड का जिक्र, शंकरन नायर का नाम लेकर कांग्रेस को सुनाई खरी-खोटी**

## पीएम ने यमुनानगर में थर्मल पावर प्लांट की यूनिट और कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट का शिलान्यास किया

एजेंसी ▶▶| यमुनानगर

पीएम नरेंद्र मोदी ने यमुनानगर में 800 मेगावाट के थर्मल पावर प्लांट की यूनिट और कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट का शिलान्यास किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कांग्रेस पर जमकर निशाने साधे। उन्होंने कहा कि एक तरफ कांग्रेस का मॉडल है जो पूरी तरह से फेल साबित हो रहा है, दूसरी तरफ भाजपा का मॉडल है, जो सत्य पर चल रहा है। सपना है देश को विकसित भारत बनाने का। यमुनानगर भी इसी तर्ज पर आगे बढ़ रहा है।

पीएम ने संबोधन की शुरुआत में कहा कि हरियाणा के मेरे भाई-बहनों को मोदी की राम-राम साथियों, आज मैं उस धरती को प्रणाम करता हूं, जहां मां सरस्वती का उद्गम हुआ। जहां मंत्रा देवी विराजती हैं। जहां पंचमुखी हनुमान जी हैं। जहां कपाल मोचन साहिब का आशीर्वाद है। जहां संस्कृति, श्रद्धा, समर्पण की त्रिवेणी बहती है। आज बाबा साहेब आंबेडकर जी की 135वीं जयंती भी है। मैं सभी देशवासियों को आंबेडकर जयंती की शुभकामनाएं देता हूं। बाबा साहेब का विजन, उनकी प्रेरणा, निरंतर विकसित भारत की यात्रा में हमें दिशा दिखा रही है।

### पीएम से मिलने का 14 साल का संकल्प पूरा, मोदी ने पहनाए जूते



यमुनानगर में पीएम मोदी का पार्टी कार्यकर्ता के साथ प्यार और स्नेह की एक तस्वीर भी सामने आई है। यहां पीएम मोदी एक पार्टी कार्यकर्ता को अपने हाथ से जूते पहना रहे हैं। इस पर पीएम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर इसका एक वीडियो शेयर किया है। सार्वजनिक सभा के दौरान मेरी मुलाकात कैथल से आए रामपाल कश्यप से हुई। उन्होंने 14 वर्ष पहले एक संकल्प लिया था कि जब तक मैं प्रधानमंत्री नहीं बनता और वे मुझसे मिल नहीं लेते, तब तक वे चप्पल नहीं पहनेंगे।




**कर्नाटक सरकार ने एससी-एसटी और ओबीसी के हक को छीन लिया**

### कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति ने मुस्लिमों का भी भला नहीं किया

प्रधानमंत्री मोदी ने जनसभा में कहा कि कर्नाटक सरकार ने एससी, एसटी और पिछड़ा वर्ग के अधिकारों को छीन लिया और धर्म के आधार पर आरक्षण दिया। लेकिन बाबा साहेब आंबेडकर ने साफ कहा था कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जाएगा। कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति ने मुस्लिम समुदाय का भला नहीं किया, बल्कि उन्हें नुकसान ही पहुंचाया है। कांग्रेस ने सिर्फ कुछ कट्टरपंथियों को खुश करने का काम किया।

### कांग्रेस ने सिर्फ कुछ कट्टरपंथियों को ही खुश किया

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने सिर्फ कुछ कट्टरपंथियों को ही खुश किया है। बाकी समाज बेहाल रहा, अशिक्षित रहा, गरीब रहा। इस कुनीति का सबसे बड़ा प्रमाण वक्फ कानून है। पीएम ने आगे कहा कि अब नए वक्फ कानून के तहत किसी भी आदिवासी की जमीन को हिंदुस्तान के किसी भी कोने में उसकी संपत्ति को ये वक्फ बोर्ड हाथ भी नहीं लगा पाएगा। नए प्रावधानों से वक्फ की पवित्र भावना का सम्मान होगा। मोदी ने कहा कि वक्फ के नाम पर लाखों हेक्टेयर जमीन पूरे देश में है। इस जमीन से गरीबों का, बेसहारा महिलाओं-बच्चों का भला होना चाहिए था। आज ईमानदारी से इसका उपयोग हुआ होता तो मुसलमानों को साइकिल के पंक्चर बनाने की जरूरत नहीं होती। इससे सिर्फ भू-माफिया को ही फायदा हुआ। ये माफिया इस कानून के जरिए गरीबों की जमीन लूट रहे थे। सैकड़ों विधवा मुस्लिम महिलाओं ने भारत सरकार को चिट्ठी लिखी, तब जाकर सरकार ने यह बदलाव किया है। हमने इस वक्फ कानून में एक और प्रावधान किया है।



### कांग्रेस ने भारत रत्न नहीं दिया

हमें यह नहीं भूलना है कि कांग्रेस ने जब तक वे थे, कांग्रेस ने उन्हें अपमानित किया। 2-2 बार उन्हें चुनाव हरवाया। कांग्रेस सरकार उनको उखाड़ फेंकने में लगी थी। उनको सिस्टम से बाहर रखा गया। वे नहीं रहे, तो कांग्रेस ने उनकी याद तक मिटाने की कोशिश की। विचारों को भी हमेशा के लिए खत्म करना चाहा। कांग्रेस संविधान की भक्षक है। चौधरी चरण सिंह को भी भारत रत्न नहीं दिया।

### उन्होंने उनकी यादों को भी मिटाने की कोशिश की

कांग्रेस उन्हें उखाड़ फेंकना चाहती थी, उन्होंने उन्हें सिस्टम से बाहर रखने की साजिश रची। उन्होंने उनकी यादों को भी मिटाने की कोशिश की। बाबा साहब समानता के पक्षधर थे, लेकिन कांग्रेस ने पूरे देश में वोट बैंक की राजनीति का वायरस फैलाया।

**कांग्रेस शासनकाल में ब्लैकआउट आम बात थी :** पीएम मोदी ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि आज जब देश ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। कांग्रेस के शासनकाल ब्लैक आउट आम बता थी।

## औद्योगिक विकास के लिए ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता जरूरी

पीएम मोदी ने यमुनानगर में आयोजित एक कार्यक्रम में देश के औद्योगिक और ऊर्जा क्षेत्र के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि बिजली देश की उन्नति का आधार है और औद्योगिक विकास, एमएसएमई सेक्टर की तरक्की तथा विश्वस्तरीय उत्पादों के निर्माण के लिए देश को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना अनिवार्य है। उन्होंने दीनबंधु चौधरी छोटूराम थर्मल पावर प्रोजेक्ट की तीसरी इकाई की शुरुआत करते हुए कहा कि इससे यमुनानगर को विशेष रूप से लाभ होगा, जहां प्लाईवुड, एल्युमिनियम, कॉपर और पीतल के बर्तनों का निर्माण बड़े पैमाने पर होता है। साथ ही पेट्रोकेमिकल सेक्टर में भी यह क्षेत्र अग्रणी है। बिजली की उपलब्धता बढ़ने से इन सभी उद्योगों को मजबूती मिलेगी और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा।

**जज्बे का नाम शंकरन**

मोदी ने कहा कि देश ने बैसाखी का पर्व मनाया। कल ही जलियांवाला बाग हत्याकांड हुआ था। यह पहलू मानवता के साथ देश के साथ खड़े होने के जज्बे का है। इस जज्बे का नाम शंकरन नायर है। इनका नाम सुना नहीं होगा, लेकिन इस नाम की चर्चा खूब हो रही है। उस जमाने में वे अंग्रेजी सरकार में बहुत बड़े पद पर विराजमान थे।


### हिसार से अयोध्या पहुंची पहली फ्लाइट

पीएम मोदी ने सोमवार सुबह हिसार से अयोध्या के लिए एक वाणिज्यिक उड़ान को हरी झंडी दिखाई थी। 1 घंटे 45 मिनट का सफर करके जब ये फ्लाइट अयोध्या एयरपोर्ट पर पहुंची तो वहां मौजूद लोगों ने हिसार के यात्रियों का स्वागत किया। एयरपोर्ट के डायरेक्टर विनोद कुमार ने बताया कि सप्ताह में 2 दिन शुक्रवार और रविवार को यह फ्लाइट उड़ान भरेगी। उन्होंने कहा कि इससे हिसार और अयोध्या के बीच व्यापारिक संबंध भी अच्छे होंगे।




**खबर संक्षेप**

### राम मंदिर ट्रस्ट को दी तमिलनाडु से धमकी



**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या के पुलिस महकमे में उस वक्त खलबली मच गई जब एक ईमेल के माध्यम से राम मंदिर ट्रस्ट को धमकी दी गई। धमकी वाले संदिग्ध ईमेल मामले में जांच की जा रही है। तमिलनाडु से किसी अनजान शख्स ने अंग्रेजी भाषा में धमकी भरा ईमेल भेजा है।

### पड़ा खलल... ततैयों के हमले में 25 लोग घायल



**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर में एक शादी समारोह के दौरान अचानक ततैये ने हमला कर दिया। ततैये के हमले से 25 लोग घायल बताए जा रहे हैं। 5 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। बताया जा रहा शादी समारोह के दौरान परिवार के सभी सदस्य मंदिर पर रस्म पूरी करने के लिए गए हुए थे।

### कल्याण की पत्नी ने कराया 'मन्नत मुंडन'



**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण की पत्नी ने रविवार को तिरुमाला मंदिर में सिर मुंडवाकर मन्नत पूरी की। हाल ही में सिंगापुर के एक स्कूल में आगजनी की घटना में घायल बेटे की सलामती को मन्नत मांगी थी। देवता के प्रति कृतज्ञता के प्रतीक में बाल अर्पित कर दिए।

### बंगाल में वक्फ संशोधन कानून पर विरोध का सिलसिला नहीं थम रहा

# मालदा, मुर्शिदाबाद के बाद अब सिलीगुड़ी में फैली हिंसा की आग कई जगह पर जमकर पत्थरबाजी, लूटपाट और आगजनी भी

बंगाल पुलिस को इनपुट मिले कि हिंसक प्रदर्शन में बांग्लादेश के कट्टरपंथी संगठन एसडीपीआई और अन्य समूहों का हाथ है। इंडियन सेक्युलर फ्रंट के समर्थक पुलिस से भिड़ गए।



एजेंसी ▶▶| सिलीगुड़ी

पश्चिम बंगाल में वक्फ संशोधन कानून पर विराध का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है.बंगाल में मालदा और मुर्शिदाबाद के बाद अब दार्जिलिंग जिले के सिलीगुड़ी शहर में हिंसा भड़क गई है। चरक पूजा कर रहे लोगों पर हमले की घटना के बाद सिलीगुड़ी नगर निगम के अधीन वार्ड नंबर 4 के ज्योति नगर इलाके में दो पक्षों के बीच भिड़ंत हो गई, जिससे पूरे इलाके का माहौल गरमा गया है। इलाके में दो कंपनी रैफ के साथ भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। पूरे इलाके में स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है। दोनों पक्षों के बीच जमकर पत्थरबाजी हुई। इसमें कुछ लोगों को चोटें भी आई है। कई घरों में कांच की खिड़कियां टूट गई है। मुर्शिदाबाद के शमशेरगंज के जाफराबाद में एक बार फिर हिंसा भड़की, लेकिन पुलिस एवं केंद्रीय सुरक्षा बल के जवाब तुरंत वहां पहुंचे और परिस्थिति पर काबू पाया। कोलकाता में आईएसएफ ने विरोध प्रदर्शन की योजना बनाई थी, लेकिन पुलिस ने लाठीचार्ज कर उन्हें तितर बितर कर दिया.

### चरक पूजा कर रहे लोगों पर किया गया हमला, दो पक्ष आपस में भिड़े

**आईएसएफ पुलिस से भिड़े**

**शमशेरगंज में घरों में कांच की खिड़कियां टूटीं, पुलिस ने किया तितर बितर**



**लाठी डंडों के साथ आमने-सामने आए दोनों पक्ष**

सिलीगुड़ी पुलिस के डीसीपी (वेस्ट) बीसी ठाकुर, डीसीपी (मुख्यालय) तन्मय सरकार को लेकर पुलिस कमिश्नर सी सुधाकर इलाके में पहुंचे। यहां दोनों पक्षों के लोग लाठी डंडों के साथ आमने-सामने थे। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुए दोनों पक्षों को खदेड़ा। इसके बाद दो कंपनी रैफ के साथ पुलिस बल की तैनाती की गई। पुलिस कमिश्नर सी सुधाकर ने कहा कि एक अफवाह की वजह से दो गुटों मे विवाद हुआ। पत्थरबाजी भी हुई। सूचना मिलते ही पुलिस ने मोर्चा

**नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु ने कहा**

### राष्ट्रपति शासन में कराए जाएं राज्य के विधानसभा चुनाव



नेता विपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने मांग की है कि अगले साल बंगाल विधानसभा चुनाव राष्ट्रपति शासन में कराए जाएं। मुर्शिदाबाद जिले में हुई हिंसा के दौरान कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई। अधिकारी ने कहा कि मुर्शिदाबाद, सुती, धुलियान, जंगीपुर और शमशेरगंज में जो अशांति है, वह राज्य सरकार की नाकामी है कि वह आम नागरिकों की सुरक्षा नहीं कर सकी और शांति व्यवस्था कायम नहीं रख सकी।

### पुलिस सत्ताधारी पार्टी के कैडर की तरह काम कर रही

सुवेंदु ने दावा किया कि जब उन्मादी भीड़ तोड़फोड़ और तबाही कर रही थी तो सत्ताधारी पक्ष मूकदर्शक बना सब देख रहा था। साथ ही सुवेंदु ने यह भी कहा कि जब भी हिंदू अल्पसंख्यक हुए हैं तो उन्हें वोट देने से रोका गया है। पुलिस सत्ताधारी पार्टी के कैडर की तरह काम करती है।

### 200 से ज्यादा उत्पाती गिरफ्तार



पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हाल ही में हुई हिंसा और आगजनी के सिलसिले में अब तक 200 से ज़्यादा लोगों को गिरफ़्तार किया जा चुका है। पुलिस का फ़िलहाल ध्यान इलाके में सामान्य स्थिति बहाल करने पर है। पुलिस और केंद्रीय बलों ने कहा कि शांति बनाए रखने के लिए फिलहाल वह सक्रिय रूप से रूट मार्च कर रहे हैं। राज्य पुलिस के कानून और व्यवस्था के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) जावेद शमीम ने विश्वास जताया कि जल्द ही सामान्य स्थिति बहाल हो जाएगी। सोमवार को शमीम ने भवानी भवन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुष्टि की कि 200 से ज़्यादा लोगों को गिरफ़्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार के बाद से जो कुछ हुआ, वह हम सभी ने देखा।

### ममता मौलवियों संग करेंगी बैठक भाजपा मनाएगी हिंदू शहीद दिवस



वक्फ संशोधन कानून को लेकर पश्चिम बंगाल में घमासान मचा हुआ है। मुर्शिदाबाद में हिंसा के बाद अब राजधानी कोलकाता में पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा है। इस बीच, बड़ी खबर सामने आई है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी 16 अप्रैल को इमाम और मौलवियों से मुलाकात करेंगी। दूसरी तरफ, भाजपा ने इसी दिन शहीद दिवस मनाने का ऐलान किया है।

**मेघवाल ने हिंसा पर जताई नाराजगी**

### ममता का बयान गैरजिम्मेदाराना और पूरी तरह से अनुचित



नई दिल्ली। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा है कि वक्फ संशोधन कानून को लेकर सीएम ममता बेनर्जी का बयान ठीक नहीं है। दरअसल ममता ने कहा था कि वे बंगाल में वक्फ कानून को लागू नहीं करेंगी। मेघवाल ने कहा कि ममताने नागरिकता कानून के वक्त भी ऐसा ही बयान दिया था, लेकिन बंगाल में नागरिकता कानून लागू हुआ है। वक्फ कानून को लेकर बंगाल में हिंसा का दौर चल रहा है, जिसमें 3लोगों की मौत हो चुकी है और सैकड़ों घायल हैं।

### नागरिकता कानून भी बंगाल में लागू

मेघवाल ने बंगाल में जारी हिंसा को लेकर सवाल किया गया, जिसमें उनसे ममता बनर्जी के बयान पर प्रतिक्रिया मांगी गई, जिसमें ममताने बंगाल में वक्फ संशोधन कानून लागू नहीं करने की बात कही थी। इस पर मेघवाल ने कहा कि उन्होंने नागरिकता संशोधन कानून के वक्त भी ऐसा ही बयान दिया था, जबकि बंगाल में नागरिकता संशोधन कानून लागू हुआ। ये संसद द्वारा बनाए गए कानून हैं, जो पूरे देश में लागू होते हैं। ऐसे में सीएम ममता का बयान कि बंगाल में वक्फ कानून लागू नहीं होगा, वह सही नहीं है।



**गर्भगृह के मुख्य शिखर के लिए विधि-विधान के साथ की पूजा**

# श्रीराम मंदिर के शिखर पर कलशारोहण पर वैदिक मंत्रों से गूंज उठा पूरा परिसर

**अयोध्या में एक और ऐतिहासिक पड़ाव पार**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

श्रीराम जन्मभूमि पर निर्माणाधीन भव्य राम मंदिर में आज एक और ऐतिहासिक पड़ाव पार हुआ. मंदिर के गर्भगृह के मुख्य शिखर पर विधि-विधान के साथ कलश पूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार और भक्ति भजनों का माहौल गूंजायमान रहा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्यों, साधु-संतों और स्थानीय श्रद्धालुओं की उपस्थिति में यह पूजन संपन्न हुआ।श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चमंपत राय ने मीडिया को बताया कि गर्भगृह पर 9.15 बजे कलश पूजन विधि प्रारंभ कर 10.30 बजे विधि विधान से कलश स्थापित किया गया।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चंपत राय ने बताया कि 9.15 बजे कलश पूजन विधि प्रारंभ कर 10.30 बजे संपन्न हुई



### अगले चरण में शिखर पर ध्वज स्थापना की जाएगी

मंदिर निर्माण का दूसरा चरण अब तेज गति से आगे बढ़ रहा है। ट्रस्ट ने बताया कि गर्भगृह का शिखर पूर्ण होने के बाद अगले चरण में शिखर पर ध्वज स्थापना की जाएगी। विशेषज्ञों और इंजीनियरों की टीम दिन-रात निर्माण कार्य में जुटी है ताकि मंदिर का कार्य निर्धारित समय पर पूरा हो। माना जा रहा है कि अक्टूबर 2025 तक मंदिर का निर्माण कार्य पूरी तरह समाप्त हो जाएगा, जिसके बाद यह भक्तों के लिए खोल दिया जाएगा।

### भारतीय मंदिर निर्माण कला का यह एक उत्कृष्ट नमूना

मंदिर की वास्तुकला नागर शैली में तैयार की जा रही है, जो भारतीय मंदिर निर्माण कला का उत्कृष्ट नमूना है। गर्भगृह में भगवान राम की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा पहले ही हो चुकी है और अब शिखर निर्माण के साथ मंदिर और भव्य रूप ले रहा है। निर्माण में प्रयुक्त पत्थर राजस्थान और गुजरात से लाए गए हैं, जिन्हें कुशल कारीगरों ने तराशा है।

## गंगा पथ पुल में दरार, सरकार बोली-कुछ नहीं




**पटना।** यहां गंगा किनारे बनाया गया सीएम नीतीश कुमार का ड्रीम प्रोजक्ट गंगा पथ एक बार फिर से चर्चा में है। 9 अप्रैल को लोकार्पण के 4दिन बाद ही दीदारगंज के पास पुल के पाया नंबर ए 3 पास पर सड़क पर बड़ी दरार देखी गई है। यह दरार गंगा पथ के दोनो ओर स्पष्ट दिख रही है। इस मामले को लेकर पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन कहा कि अधिकारियों को गंभीरता से जांच का आदेश दिया है। पुल के जिस हिस्से में क्रैक की सूचना दी जा रही है, वह वास्तव में कोई क्रैक नहीं है।

हाई कोर्ट की तल्ख टिप्पणी : सेवा से पृथक करने के आदेश को पाया उचित

# आपराधिक प्रकरण की जानकारी छिपाना नैतिक अधमता की श्रेणी में आता है

हरिभूमि जबलपुर ।

मप्र हाईकोर्ट ने एक अहम टिप्पणी में कहा कि आपराधिक प्रकरण की जानकारी छिपाना नैतिक अधमता की कोटि में आता है। जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की कोर्ट ने कहा, प्रश्न यह नहीं है कि याचिकाकर्ता पद के लिए उपयुक्त है या नहीं, महत्वपूर्ण बात तो यह है कि नियोक्ता ने आपराधिक प्रकरण दर्ज होने के संबंध में जानकारी मांगी थी। जिसे दबाकर नैतिक अधमता का परिचय दिया गया है। लिहाजा, कोर्ट उसे सेवा से पृथक करने के आदेश को उचित निरूपित करता है।

दरअसल, अलीगढ़, उत्तर प्रदेश निवासी रामभुवन यादव की ओर से याचिका दायर की गई थी। जिसमें कहा गया था कि आर्डिनेंस फैक्ट्री, इटारसी द्वारा टर्नर (अर्ध कुशल) के पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। याचिकाकर्ता ने उक्त पद के लिए आवेदन दिया था। इसके बाद सात और आठ मई, 2016 को आयोजित लिखित परीक्षा में शामिल हुआ था। 31 जुलाई, 2016 से सात अगस्त 2016 तक भोपाल में आयोजित ट्रेड परीक्षा (कौशल परीक्षण) में उपस्थित हुआ था। याचिकाकर्ता लिखित तथा ट्रेड परीक्षा में उत्तीर्ण हुआ था। उसका नाम मैरिट सूची में था।परिणाम घोषित होने के बाद याचिकाकर्ता द्वारा 25 अक्टूबर, 2016 को दस्तावेज व सत्यापन प्रपत्र प्रस्तुत किया गया था। सत्यापन प्रपत्र को जांच पर कलेक्टर आजमगढ़ (उप्र) के कार्यालय से रिपोर्ट प्राप्त हुई कि याचिकाकर्ता के विरुद्ध धारा 354, 323 एवं 325 भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत आपराधिक प्रकरण पंजीकृत था। जिसमें याचिकाकर्ता को 23 सितम्बर, 2016 को दोषमुक्त कर दिया गया। आपराधिक प्रकरण दर्ज होने के खुलासा याचिकाकर्ता ने अपने सत्यापन-पत्रक में नहीं था। आपराधिक प्रकरण चलने के संबंध में पूछे गए प्रश्न का नकारात्मक उत्तर दिया था। इस संबंध में याचिकाकर्ता को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया था। याचिकाकर्ता द्वारा स्पष्टीकरण दिए जाने के बावजूद भी उसकी उम्मीदवारी को रद कर दिया गया था। जिसके विरुद्ध उसने केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण की शरण ली थी। केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण के द्वारा आवेदन निरस्त किए जाने के कारण उक्त याचिका दायर की गयी है। हाई कोर्ट ने सुनवाई के बाद तल्ख टिप्पणी सहित याचिका निरस्त कर दी।



हाईकोर्ट व जिला बार के संयुक्त कार्यक्रम में बोले चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत

# आंबेडकर को पूजने नहीं बल्कि उनके आदर्शों पर चलने की आवश्यकता

**जबलपुर ।** मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत ने कहा कि आंबेडकर को पूजने की नहीं बल्कि उनके आदर्शों पर चलने की आवश्यकता है। वे मप्र हाईकोर्ट व जिला बार एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में सिल्वर जुबली आदर्श सभागार में आयोजित संयुक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे ।इस दौरान अन्य न्यायाधीश, काफी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे। चीफ़ जस्टिस कैत ने कहा कि आंबेडकर ने ज्योतिबाराव फुले को अपना गुरु माना था। महिलाओं की शिक्षा के लिए प्रथम पाठशाला ज्योतिबाराव फुले ने ही खोली थी। भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले थीं। महिलाओं को शिक्षा का अधिकार दिलाने में फुले का महनीय योगदान था, जो आंबेडकर के गुरु थे। यही वजह है कि आंबेडकर ने भी शिक्षा पर विशेष जोर दिया था।

**पहली बार हुआ संयुक्त आयोजन :** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन अध्यक्ष धन्य कुमार जैन, सचिव परितोष त्रिवेदी, जिला बार अध्यक्ष मनीष मिश्रा, सचिव ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि हाईकोर्ट की 1956 में स्थापना के बाद से यह आंबेडकर के सम्मान में यह पहला संयुक्त कार्यक्रम है, जो हाई कोर्ट व जिला बार ने संयुक्त रूप से आयोजित किया है। आंबेडकर की 134 वीं जयंती पर हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल, द्वरिकाधीश बंसल, अवनींद्र कुमार सिंह, मनिंदर भट्टी, प्रमोद कुमार अग्रवाल, देवनारायण सिंह विशिष्ट अतिथि बतौर शामिल रहे। हाई कोर्ट बार के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित जैन, उपाध्यक्ष प्रशांत अवस्थी, कार्यकारणी में राजेन्द्र प्रताप सिह, रविन्द्र प्रताप, रजनीश उपाध्याय ने व्यवस्था बनाई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक अवस्थी, एमपी स्टेट बार काउंसिल के चेयरमैन राधेलाल गुप्ता, डिप्टी सालिसिटर जनरल पुष्पेंद्र यादव सदस्य केपी गनगोरे, वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर व आदित्य संघी सहित 500 अधिवक्ता व रजिस्ट्री के सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के सचिव परितोष त्रिवेदी ने किया।



भाजपा जबलपुर महानगर के सभी 967 बूथों में हुए बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जन्म जयंती के कार्यक्रम

वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों ने अंबेडकर चौक स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन

# भारत रत्न डॉ. आम्बेडकर के योगदान से ही विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश बना भारत

**जबलपुर।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती पर भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ ने अंबेडकर चौक स्थित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुए नमन किया। जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, सांसद आशीष दुबे, राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मिकी, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, विधायक अशोक रोहाणी, नगर निगम अध्यक्ष रिंकुंज विज के साथ पार्टी पदाधिकारियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर भाजपा जबलपुर महानगर द्वारा सभी 967 बूथों में बाबा साहब की जन्म जयंती मनाई गई जिसमें वरिष्ठजनों ने उपस्थित होकर बाबा साहब की जीवनी पर प्रकाश डाला और संविधान की प्रस्तवाना का वाचन किया।

जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने इस अवसर पर कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने 20वीं शताब्दी में ऐसे अनेक उल्लेखनीय कार्य किए, जिनसे 1000 वर्ष की गुलामी की विसंगतियां दूर हुईं। इन्हीं के आधार पर आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश बना है। श्री सोनकर ने कहा बाबा साहब ने समाज को नारा दिया था शिक्षित हो, संगठित बनो और संघर्ष करो। बाबा साहेब ने स्वयं की शिक्षा में कोई कसर नहीं रहने दी, इससे यह प्रेरणा मिलती है कि व्यक्ति के जीवन में शिक्षा में कभी कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। आज अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति सहित हर वर्ग को साक्षरता का लाभ मिल रहा है। अनुसूचित जाति वर्ग की साक्षरता जो कभी मात्र 1.5 प्रतिशत थी, आज 59 प्रतिशत तक पहुंच गई है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार बाबा साहब के बनाए संविधान के आधार पर देश की सेवा करने के साथ बाबा साहब के सपने को साकार कर रही है।

इस अवसर पर महामंत्री पंकज दुबे, रजनीश यादव, संदीप जैन, कमलेश अग्रवाल, जय सचदेवा, कैलाश साहू, लालू यादव, रंजीत पटेल, प्रणीत वर्मा, योगेंद्र राजपुत, शिवा चौधरी, रूपा राव, सोनू बचवानी, प्रमोद चोहटेल, संतोष झरिया, राम सोनकर, गंगा प्रजापति, रवि शर्मा, योगेश लोखंडे, अमित राय, ऋषि सोनकर के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# आदिवासी सेवा महासंघ ने मनाई डॉ. आम्बेडकर जयंती

**जबलपुर।** आदिवासी सेवा कल्याण महासंघ के तत्वावधान में महासंघ के पदाधिकारियों द्वारा डॉ. बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर महासंघ के अध्यक्ष शंकरलाल गोंटिया, राष्ट्रीय संरक्षक शैलेष सिंह लोधी, राजेन्द्र गोंटिया, अशोक गोंटिया, विनोद गोंटिया, अमर कोल, संगीता मैडम, आरती मरावी, अषलेशा मरकाम, निरंजना पाटिल आदि उपस्थित रहे।

# विशिष्ट सेवाभावी कार्य पर 50 विद्यार्थी सम्मानित

**जबलपुर।** श्रीराम सेवा समिति एवं श्रीराम मानव मंडल जाबालिपुरम के संयोजकत्व में एमएलबी स्कूल परिसर स्थित श्री हनुमान मंदिर में आयोजित रामायण सत्संग समारोह एवं भंडारा महाप्रसाद वितरण में प्राचार्य प्रभा मिश्रा तथा कार्यक्रम संयोजक डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव द्वारा धार्मिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान प्रदान करने पर सेवाभावी 50 विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. संदीप नेमा, डॉ. माया शुक्ला, सीके मेहरा, डॉ. शुभम जैन, सीमा भसीन, प्रगति नेमा, डॉ. प्रहलाद अग्रवाल तथा अन्य बुद्धिजीवी उपस्थित रहे।



भोपाल स्थित कृषि भूमि के विवाद का मामला

# भाजपा नेत्री मेनका गांधी और उनकी बहन अंबिका शुक्ला की अपील पर नोटिस

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने भाजपा नेत्री मेनका गांधी और उनकी बहन अंबिका शुक्ला की अपील पर भोपाल निवासी वीएम सिंह, कलेक्टर भोपाल सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिए हैं। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक सिंह की डिवीजन बेंच कोर्ट ने सभी पक्षों को अपनी-अपनी लिखित दलीलें पेश करने के लिए स्वतंत्र किया है। मामला राजधानी भोपाल स्थित कृषि भूमि के विवाद से संबंधित है। इसे लेकर मेनका गांधी व उनके ममेरे भाई वीएम सिंह के बीच विवाद गहरा गया है।

**हाई कोर्ट ने सभी पक्षों को लिखित दलीलें पेश करने के लिए भी किया स्वतंत्र**

मेनका गांधी व उनकी बहन अंबिका की ओर से अधिवक्ता आदिल उसमानी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि भोपाल की हुजूर तहसील के अंतर्गत लाउखेड़ी की जमीन पर मेनका के ममेरे भाई ने पूर्व में हाईकोर्ट से नामांतरण करवाने का एक आदेश करया। इस मामले में उन्होंने मेनका व उनकी बहन को पक्षकार नहीं बनाया। उनकी जानकारी में लाए बिना ही जमीन का नामांतरण अपने नाम करा लिया। लिहाजा, हाई कोर्ट में अपील दायर की। वहीं दूसरी ओर वीएम सिंह की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता शोभा मेनन व उमेश त्रिपाठी ने घोर आपत्ति दर्ज कराई। उन्होंने दलील दी कि मेनका अनावश्यक आपत्ति पेश कर रही हैं। मेनका की मां अमतेश्वर की जिन आपत्तियों को सुप्रीम कोर्ट निरस्त कर चुकी हैं, पुनः वही आपत्ति लगाई जा रही है। दलील दी गई कि अपील 1691 दिन के विलंब से की गई, इसलिए उसे निरस्त किया जाए। उन्होंने बताया कि दरअसल, मेनका की मां ने मध्य प्रदेश की सभी संपत्तियों से स्वयं और वारिसानों का हक त्याग कर दिया था। ये जमीनें वीएम सिंह के नाम कर दी गई थीं।

# 450 महिलाओं ने किया सुहागल पूजन

**जबलपुर।** पश्चिम विधानसभा के शहीद गुलाब सिंह वार्ड अंतर्गत महाकाल मंदिर साकार हिल्स में सुहागल पूजन का कार्यक्रम माला राकेश सिंह की उपस्थिति में आयोजित किया गया। सुहागल पूजन में 450 महिलाओं ने भाग लिया और माता-बहिनों के सुहाग लंबे जीवन की कामना की। कार्यक्रम में शक्ति नगर, सैनिक सोसायटी, वत्सला होम्स, तरुण साकार हिल्स, दाना बाबा बस्ती, बदनपुर बस्ती की माता-बहिनें उपस्थित थीं। सुहागल पूजन में समता सिंह, नीलम सिंह, भारती दीक्षित, रश्मि महरोत्रा, रजनी श्रीवास्तव, सारिका शर्मा, प्रिया नामदेव के साथ बड़ी संख्या में क्षेत्र की महिलाओं ने कार्यक्रम में योगदान दिया।

30 अप्रैल तक संस्कारधानी में बड़ी संख्या में होंगी शादियां

# खरमास खत्म, फिर गूंजी शहनाइयां शुरू हुए वैवाहिक कार्यक्रम

हरिभूमि, जबलपुर

जो लोग अपने घर शादी या अन्य शुभ काम करने का सोच रहे हैं, उनके लिए अच्छी खबर है। दरअसल शनिवार यानी 13 अप्रैल को खरमास समाप्त हो गए। इसके चलते अब एक बार फिर से शहनाइयों की गूंज सुनाई देने लगी है। शुभ कार्य मुहूर्त अनुसार होंगे। कल से 30 अप्रैल तक जिले में करीब तीन हजार के आसपास शादियां होने की संभावना है। इसको लेकर अभी से होटल व मैरिज गार्डन एडवांस में बुक हो गए हैं। पंडित शिवशंकर तिवारी ने बताया कि 13 अप्रैल को खरमास समाप्त हो गए हैं। इसके साथ ही मांगलिक कार्यों की शुरुआत हो गई है। सूर्य के मेष राशि में प्रवेश करते ही मीन महीना खत्म हुआ। इसके बाद विवाह, सगाई जैसे शुभ कार्य शुरू हो गए।

**ग्रहों की स्थिति विवाह के अनुकूल**

पंडित शिवशंकर तिवारी ने बताया कि अक्षय तृतीया, बसंत पंचमी और देव प्रबोधिनी एकादशी को अबूझ मुहूर्त माना जाता है। इन दिनों बिना पंचांग देखे भी विवाह किया जा सकता है। विवाह हिंदू धर्म के 16 संस्कारों में से एक है। इसके बिना कोई भी व्यक्ति गृहस्थ जीवन में प्रवेश नहीं कर सकता। इसलिए विवाह को सबसे महत्वपूर्ण और कल्याणकारी संस्कार माना गया है। ग्रहों की स्थिति भी विवाह के लिए अनुकूल रहेगी। गुरु वृषभ राशि में रहेंगे। सूर्य 12 फरवरी तक मकर राशि में रहेंगे। इन ग्रहों का नवम पंचम योग बनेगा, जो लाभकारी रहेगा।



**6 जुलाई को देवशयनी एकादशी से चातुर्मास**

पंडित शिवशंकर तिवारी ने बताया कि मई में सबसे अधिक विवाह होंगे। अप्रैल में भी कई शुभ मुहूर्त बन रहे हैं। 6 जुलाई को देवशयनी एकादशी से चातुर्मास शुरू होगा। इसके बाद अक्टूबर तक कोई भी शुभ कार्य नहीं होंगे। इस दौरान भगवान विष्णु योग निद्रा में रहेंगे। देवउठनी एकादशी 1 नवंबर को होगी। इसके बाद विवाह के मुहूर्त फिर से शुरू होंगे।

**यह रहेंगे शुभ मुहूर्त**

**अप्रैल** - 14, 16, 18, 19, 20, 21, 22, 25, 29 और 30 (10 दिन)
**मई** - 1 से 18 और फिर 22 से 28 मई तक कुल (20 दिन)
**जून** - 1, 2, 4, 5, 6, 7, 8 (7 दिन)
**जुलाई** - 6 जुलाई देवशयनी से 1 नवंबर देवउठनी एकादशी तक शादियां बंद रहेगी।
**नवंबर** - 21 से 26 और 30 (3 दिन)
**दिसंबर** - 1, 4, 5 और 6 (कुल 4 दिन) रहेंगे विवाह के मुहूर्त।



### डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर हुए वृहद आयोजन

# संविधान निर्माता बाबा साहेब को शहर ने किया नमन



**जबलपुर।** भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती कल यहां धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नगर के विभिन्न मार्गों से रैलियां निकाली गई, जिसका समागम हाईकोर्ट के समीप अंबेडकर चौक पर हुआ। यहां स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें अनेक सामाजिक, राजनैतिक व सांस्कृतिक संगठनों द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अम्बेडकर संयुक्त जयंती महोत्सव समिति द्वारा विभिन्न क्षेत्रों की मेधावी प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

**नगर भाजपा-** नगर भाजपा संगठन द्वारा बाबा साहब को पुष्पांजलि अर्पित की गई। मुख्य समारोह अंबेडकर चौक पर आयोजित किया गया जहां पर लोक निर्माण मंत्री, नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, सासंद आशीष दुबे, राज्य सभा सासंद सुमित्रा वाल्मीक, विधायक अशोक रोहाणी सहित तमाम पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। सभी 967 बूथों में कार्यक्रम आयोजित किए गए।

**शहर कांग्रेस कमेटी-** डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा की अध्यक्षता में प्रातः 9 बजे तहसीली चौक स्थित डॉ. भीम राव अम्बेडकर जी के प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण कर बाबा साहब को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव दिनेश यादव, विधायक लखन घनघोरिया, पूर्व विधायक संजय यादव आदि उपस्थित थे।

**जनता दल (यू)-** बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती पर आज जनता दल यू के प्रदेश अध्यक्ष सूरज जायसवाल ने अंबेडकर चौक स्थित बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी पुष्पांजलि अर्पित की इस अवसर पर श्री जायसवाल ने कहा कि बाबासाहेब सामाजिक चेतना और समरसता के प्रतीक थे उन्होंने जातिवाद धर्म से ऊपर उठकर समाज में व्याप्त कुरीतियों को खत्म करने जिंदगी भर प्रयास किए थे। इस अवसर पर जनता दल यू के सुभाष नेमा, मुस्ताक अली, रवि जायसवाल, कंचन, रुचिता सेठ, मोहन दुबे, तुलाराम, विवेक, विनीत सराठे, मणिकांत नेमा आदि उपस्थित थे।

**अधिवक्ता संघ-** मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ एवं जिला न्यायालय अधिवक्ता संघ जबलपुर के संयुक्त तत्वाधान में डॉक्टर बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की 134 वी जन्म जयंती मनाई गई जिसमें मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत एवं जस्टिस अतुल श्रीधर जस्टिस विवेक अग्रवाल जस्टिस डीडी बंसल जस्टिस श्री विवेक जैन जस्टिस एमएस भट्टी, जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल जस्टिस अव नीद्र कुमार सिंह एवं जिला न्यायाधीशो सहित भारी संख्या में अधिवक्ताओं ने कार्यक्रम में भाग लिया वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर द्वारा समस्त न्यायधीशो क्रो डॉ.बाबा साहब अम्बेडकर का छाया चित्र भेट किया गया !कर्यक्रम में ओबीसी एडवोकेट्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधि, रामेश्वर सिंह ठाकुर,विनायक शाह,परमानन्द साहू, ओमप्रकाश पटेल, राजेंद्र चौधरी,राजरूप पल, एम.एम. ज्यासवाल,आर.जी वर्मा, तीरर्थ जायसवाल,रविकांत साहू, शिवम कोल, रूप सिंह मरावी,राम मिलन,अखलेश कोरी, हेमंत सेन, रेखा पटेल, काजल विश्वकर्मा संजय प्रजापति,रामजी पटेल सहित, आर एन द्विवेदी, फूल चंद पालीवाल संजय प्रजापति,जी.एस. उद्दे,गीता यादव, प्रशांत चौरसिया, तरुण रोहतास ने भाग लिया।

**बहुजन अधिकार कल्याण संघ-** भारत रत्न संविधान शिल्पी डॉ भीमराव अंबेडकर जी के 134 वे जन्मोत्सव के अवसर पर आदिवासी बहुजन अधिकार कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष देवेश कुमार चौधरी,सेवानिवृत आई ए एस जगदीश जटिया शिवनाथ चौधरी आलम , तेजकुमार भगत, तरुण रोहितास, डॉ बी एल झारिया,शिवकुमार गोटियां, आदि ने जय भीम के नारे बुलंद कर माल्यार्पण कर डॉ अंबेडकर को श्रद्धाजंलि दी।

### आंबेडकर जयंती पर सिहोरा में निकली वाहन रैली

# केक काटकर मनाया गया बाबा साहेब का जन्मदिन



**सिहोरा।** संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर की 134 वीं जयंती नगर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी उत्साह पूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन आंबेडकर युवा मंच एंव भीम परिवार सिहोरा के तत्वावधान में किया गया।

आंबेडकर भवन बाबाशाला कटरा मोहल्ला से भव्य एवं विशाल वाहन रैली प्रारम्भ हुई जो झंडा बाजार,काल भैरव चौक, बाबाताल से पहरेवा, कृषि उपज मंडी रोड से लखराम मोहल्ला, खितौला बाजार, वन विभाग वाली रोड से होकर खितौला बस स्टेंड से पुनः बाबाताल होकर पुराना बस स्टेंड में संपन्न हुई। युवा मंच एंव भीम परिवार के सभी सदस्यों द्वारा मंच में केक काटकर एंव प्रसाद वितरण कर बाबासाहेब का जन्मदिन मनाया एंव एक दुसरे को बधाई प्रेषित की। रैली में बाबासाहेब अमर रहे, जय भीम के नारे लगाते सभी लोग उत्साह के साथ वाहनो में जय भीम के ध्वज लगाकर चल रहे थे। रैली का जगह जगह स्वागत किया गया। तथा इसे सफल बनाने में एसटीएससी, ओबीसी, आजाक्स के समस्त पदाधिकारीयों का योगदान रहा। इसी तरह गोसलपुर में भी स्वाभीमान सेवा समिति के तत्वावधान में रैली निकाली गई।

### कांग्रेस ने भी मनाई बाबा साहेब की जयंती

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिहोरा के तत्वावधान में भारत रत्न डॉ भीमराव आंबेडकर जी की जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष बिहारी पटेल, पार्षद राजेश चौबे, ममता गोटिया, रमेश पटेल,लाल बहादुर पाठक,पूर्व प्रदेश सचिव बाबा कुरैशी, मंजू मिश्रा, आलोक पांडेय सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## धूमधाम से मनाई अंबेडकर जयंती

**मझौली।** वार्ड नंबर 5 चौधरी मोहल्ला मझौली के अंबेडकर भवन में बाबा साहब अंबेडकर की जयंती पर दीप प्रज्वलित कर उनकी प्रतिमा परमाल्या अर्पण कर पूजन अर्चन कर शोभा यात्रा निकाली जो नगर के मुख्यमार्ग से होते हुए भगवान विष्णु वाराह पहुची उसके बाद वापस अंबेडकर भवन में संपन्न हई। शोभायात्रा में मनमोहन झांकियां प्रस्तुत की गईं। समस्त चौधरी समाज एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



## जय भीम के नारे से गुंजायमान हुई संस्कारधानी

**जबलपुर।** भारत रत्न संविधान शिल्पी डॉ. भीमराव अंबेडकर के 134वें जन्मोत्सव के अवसर पर आज जय भीम, जय भीम के नारों से शहर गुंजायमान हुआ। संस्कारधानी की समस्त गलियों से महिला, पुरुष, युवा, बच्चे हाथ में नीला झंडा, बग्घी जिस पर बाबा साहब, महात्मा ज्योतिराव फुले, बिरसा मुंडा, झलकारी बाई आदि की झांकियां रैली के रूप में लेकर अम्बेडकर चौक पहुंचे, बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संगीत की धुन पर नृत्य प्रस्तुति महिला, युवाओं ने की। साथ ही आतिशबाजी कर भव्य रूप से जयंती को मनाया गया। इस अवसर पर आदिवासी बहुजन अधिकार कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष देवेश कुमार चौधरी, सेवानिवृत्त आईएएस जगदीश जटिया, शिवनाथ चौधरी आलम, तेजकुमार भगत, तरुण रोहितास, डॉ. बीएल झारिया, शिवकुमार गोटियां, कमलेश धपोड़कर, उमेश मेहरा, सीएस सिरसाठ, डॉ. सत्येंद्र ब्यौहार, राजेंद्र गुप्ता, वीरेंद्र परस्ते, शुभम चौधरी, राजकुमार सिंह, नीलू सोनकर, जीवन जाटव, प्रमेंद्र धुर्वे, सहित अन्य उपस्थित थे।



## आदित्य अस्पताल में पार्किंसन रोग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**जबलपुर।** आदित्य अस्पताल में वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. तरुण नागपाल के मार्गदर्शन में पार्किंसन रोग जागरूकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पार्किंसन रोग के बारे में जागरूकता फैलाना और रोगियों तथा उनके देखभालकर्ताओं को उपयोगी जानकारी प्रदान करना था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जबलपुर के महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू रहे। उन्होंने इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए अत्यंत लाभकारी बताया और रोगियों तथा देखभालकर्ताओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। लेफ्टिनेंट कर्नल हिमांशी शर्मा ने रोगियों और पैरा मेडिकल स्टाफ को संबोधित करते हुए एक प्रेरणादायक वक्तव्य दिया, जिसमें उन्होंने सकारात्मक सोच और धैर्य की आवश्यकता पर बल दिया।

डॉ. तरुण नागपाल ने पार्किंसन रोग के लक्षणों और संकेतों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी, साथ ही रोगियों के लिए दैनिक जीवन की गतिविधियों को आसान बनाने वाले व्यावहारिक सुझाव भी साझा किए। डॉ. अर्पिता ने पार्किंसन रोगियों के लिए फिजियोथेरेपी और पुनर्वास के महत्व पर एक प्रभावशाली व्याख्यान दिया, जो रोगियों की जीवनशैली में सुधार हेतु उपयोगी सिद्ध हुआ।

## बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचार व आदर्श हमें सदैव प्रेरित करते रहेंगे : दीपक नाहर



**जबलपुर।** भारतीय सुदर्शन समाज महासंघ के पदाधिकारियों ने मिलकर भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर कोटि-कोटि नमन किया, जिसमें सुदर्शन समाज महासंघ के प्रदेश महामंत्री दीपक नाहर ने बताया कि आज हम सभी यहां बेहद खास मौके पर एकत्रित हुए हैं। आज हमारा देश बड़े धूमधाम के साथ अंबेडकर जयंती मना रहा है और उनके महान विचारों को याद करते हुए उन्हें नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। यह दिन केवल एक जयंती नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और संविधान की भावना का उत्सव है। संविधान की रचना में उनके योगदान के साथ-साथ आजाद भारत की संस्थाओं के निर्माण में जो उनकी शानदार सक्रिय भूमिका रही। जयंती कार्यक्रम के दौरान सुदर्शन समाज महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश चोहटेल, प्रसादी लाल बिरहा, पप्पू गिरानिया, अशोक कटारे, अजय अधिकार, भारत बिरहा, दीपक गोतेल, बबलू पराग, राम किशन हाटे एवं समस्त सुदर्शन समाज पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

## पशु पालन एम्प्लॉई लीग क्रिकेट व महिला बैडमिंटन टूर्नामेंट 18 से

**जबलपुर।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी विभागीय कर्मचारी कल्याण समिति मध्य प्रदेश के तत्वावधान में आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय विभागीय कर्मचारी क्रिकेट/ महिला बैडमिंटन प्रतियोगिता जबलपुर संभाग में दिनांक 18 19 एवं 20 अप्रैल 2025 को आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में प्रदेश स्तर से पशु पालन एवं डेयरी विभाग की 16 टीमें भाग ले रही हैं, जिसमें जबलपुर, भोपाल, नरसिंगपुर, बालाघाट, मंडला, रतलाम, बड़वानी, छिंदवाड़ा, ग्वालियर, सिंगरोली, देवास, सागर, रीवा आदि जिलों के पशु पालन एवं डेयरी विभाग के कर्मचारी/ अधिकारी शामिल होंगे। विदित हो कि गत वर्ष यह प्रतियोगिता भोपाल में आयोजित की गई थी जिसमें ग्वालियर संभाग विजेता रहा। प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 18, 19 एवं 20 अप्रैल को कृषि विश्वविद्यालय आधारताल जबलपुर के ग्राउंड (इंडियन कॉफ़ी हाउस के पीछे) किया जायेगा।

### पूर्व विधायक की 11वीं पुण्यतिथि पर कार्यक्रम

## सच्चे जन सेवक एवं समाज सेवा के लिए समर्पित थे प्रभात पांडे



**सिहोरा।** सिहोरा के पूर्व विधायक स्व. प्रभात पांडे की ग्यारहवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन पहरेवा स्थित निज निवास पर किया गया। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों ने पूर्व विधायक स्व. प्रभात पांडे बड़े बब्बू को मिलनसार व्यक्तित्व का धनी तथा तथा समाज सेवा के लिए समर्पित बताया। श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए जेष्ठ पुत्र बहोरीबंद विधायक प्रणय प्रभात पांडे ने कहा कि उनके पिता जीवन पर्यन्त इस क्षेत्र के विकास के लिए काम करते रहे और दो बार के विधायक कार्यकाल में उन्होंने क्षेत्र में अनेको विकास कार्य कराये। जिसका लाभ आमजन को मिल रहा है ।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित उनके समर्थकों सहित अन्य लोगों ने उपस्थित होकर यह साबित कर दिया कि बब्बू के प्रति लोगों का प्यार सम्मान आज भी सभी के दिलों में जीवंत है। श्रद्धांजलि सभा में विनय असाटी,प्रांजल पांडे,वैभव पांडे,सतीष जैन,कैलाश पंजाबी,गौरव शुक्ला,राजेन्द्र दिक्षित,विनय परिहार,राजा मोर, शिशिर पांडे ,बिट्टू दुआ,अभिषेक चीकू तिवारी, शंशाक पांडे,नीलू बाजपेयी सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## जय रेवाखण्ड माँ नर्मदा युवा संगठन ने निकाली भगवा झण्डा यात्रा

**जबलपुर।** श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व के अवसर पर जय रेवाखण्ड माँ नर्मदा युवा संगठन द्वारा विशाल झण्डा यात्रा निकाली गई। झण्डा यात्रा अंकित किराना भेड़ाघाट से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए पंचवटी घाट हनुमान मंदिर में समाप्त हुई। यात्रा का नेतृत्व युवा जनसेवक, यूथ आइकॉन ठा. अनमोल सिंह राजपूत (विराट) ने किया। आयोजन के पूर्व विशाल भंडारा, राम दरबार जी की झांकी, पूजन आदि के कार्यक्रम संपन्न हुए। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता पं. अपूर्व त्रिवेदी, प्रदेश उपाध्यक्ष पं. ऋषभ दुबे, राकेश सिंह ठाकुर, जिला ग्रामीण अध्यक्ष ब्रजेश श्रीपाल, नीलेश सिंह, अंकित सिंह ठाकुर, प्रद्युम्न प्रताप सिंह, शुभम अग्रवाल, हर्षुल त्रिवेदी, अभय उपाध्याय, वरुण दुबे, राजीव राजपूत, दुर्गेश चक्रवर्ती, सौरभ दुबे, संकेत व्यास, आकाश ठाकुर, अमित बर्मन, लोकेश ठाकुर, मयंक जरगर, राजा रजक, मिलन भाई, सुनील बर्मन, विकास नामदेव, दिनेश श्रीपाल, विकास सेन, आदर्श सिंह, अंकित पटेल, अनमोल सैनी, विनय पटेल, प्रयाग दुबे, वैभव ठाकुर, अभय ठाकुर, ऋषभ चडार, हर्ष भाई सहित संगठन के अन्य सदस्यगण एवं समस्त शहर व नगरवासी यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में शामिल रहे।




**श्री सुनील सूदन-** संत नगर पीपी कॉलोनी निवासी श्री सुनील सूदन (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री लव चौधरी-** रामहरख का बगीचा पूर्वी घमापुर निवासी श्री रामदास चौधरी के पुत्र श्री लव चौधरी (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सपना चौधरी-** पोलीपाथर सामुदायिक भवन के पास निवासी श्री संतोष कुमार चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती सपना चौधरी (29) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नंद लाल बेन-** राधाकृष्णन वार्ड बंशकार मोहल्ला निवासी श्री नंद लाल बेन (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री कुल प्रसाद दुबे-** तुलसीनगर रांझी निवासी श्री कुल प्रसाद दुबे (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती दुर्गावती बाई कछवाहा-** खलासी लाइन छोटी ओमती निवासी श्री दयाराम कछवाहा की धर्मपत्नी श्रीमती दुर्गावती बाई कछवाहा (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री दीपक देवक-** सदर केंट पूर्व एंपायर टाकीज के पीछे निवासी श्री दीपक देवक (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती ममता सोनकर-** फकीचंद के अखाड़े के पास राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री नरसिंह सोनकर की धर्मपत्नी श्रीमती ममता सोनकर (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुनयना सिन्हा-** रामनगर रामपुर निवासी श्री प्रदीप सिन्हा की धर्मपत्नी श्रीमती सुनयना सिन्हा (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुखलाल मेहतो-** कांचघर मप्र हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी श्री सुखलाल मेहतो (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राम सिंह यादव-** लार्डगंज थाने के पीछे निवासी श्री राम सिंह यादव (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शांति बाई-** हनुमानताल वार्ड निवासी श्री मेवा लाल की धर्मपत्नी श्रीमती शांति बाई (94) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री कल्याण गुहा नियोगी-** पुष्पक नगर अधारताल निवासी श्री कल्याण गुहा नियोगी (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती समुद्री बाई मिश्रा-** सिंगल क्वार्टर सेठ गोविंददास वार्ड लालमाटी निवासी श्री वासुदेव प्रसाद मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती समुद्री बाई मिश्रा (92) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री राज गोपाल पिल्ले-** सीएमएम सीतापहाड़ रिज रोड निवासी श्री राज गोपाल पिल्ले (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

### खटीक सोनकर समाज ने डॉ. आम्बेडकर प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**जबलपुर।** भारत रत्न डॉ. भीमराव आम्बेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर खटीक सोनकर समाज के सदस्य घमापुर चौक पर एकत्रित होकर बैंडबाजा, आतिशबाजी करते जुलूस के रूप में आम्बेडकर चौक पहुंचे तथा बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर उनका स्मरण किया। इस अवसर पर डॉ. अमीरचंद, रामअवतार, भाजपा न.अ. रत्नेश सोनकर, सुदर्शन, कमलकिशोर, अच्छेलाल, मधु चौधरी, एड. अनुशंकर, दिनेश, अश्वनी, सोनू, शेंकी, पवन, दीपू, अमित, श्रीमती माधुरी पार्षद, डॉ. देवकुमार, विजय कुंदन, नीलू, बलराज, विवेक, एड. बलराज, बंटी, पप्पी, शिवप्रसाद, एड. उपेन्द्र, एड. त्रिलोक, अखिल, संटी, अनमोल, पंकज, राजाबाबू, भूपेन्द्र, रविन्द्र, कल्लू, शेरू, जोगेन्द्र, नितिन, शुभम, संदीप, जॉनी, लड्डू, एड. संजय, गुड्डू, पप्पू, दीपक सहित खटीक सोनकर समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

**(FOR CHANGE OF NAME)**
I, Army No **15703393L Havildar Sadashiv Dalawai, R/o Vill/Post-Avaradi, Tehsil- Mudalagi, Distt-Belagavi, State-Karnataka, PIN-591310,** have changed my daughter's names from **Vaishnavi** to **Vaishnavi Sadashiv Dalawai** and **Varsha** to **Varsha Sadashiv Dalawai** vide affidavit di 05 Apr 2025.

**CHANGE OF NAME**
I, **KALPANA** (existing Name of spouse as per Service Record) is legally wedded spouse of No. **JC-705140H RANK SUB NAME RAKESH PRASAD PANDEY** presently residing at **26/917, AMBEDKAR NAGAR, POKHARI TOLA, REWA, HUJUR, PO- REWA, DIST-REWA, (MP)-486001** I, have changed my name from **KALPANA** (Name as per my Husband Army service records) to **KALPANA PANDEY** (name as per my **AADHAR CARD** vide dated affidavit **12/04/2025** (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA Jabalpur MP (Name and place of Court).
**CORRECT NAME- KALPANA PANDEY**
**INCORRECT NAME-KALPANA**

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**
I, **BAGAVVA DALAWAI,** Mother of Army No **15703393L Havildar Sadashiv Dalawai R/o Vill/Post-Avaradi,Tehsil-Mudalagi,Distt-Belagavi, State- Karnataka, PIN-591310.** have changed my Name from **Bhagirathi** to **Bagavva Dalawai** and have changed my date of birth from **01/07/1961** to **01/01/1961** vide affidavit dt 05 Apr 2025.


**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**
I, **IRAPPA DALAWAYI,** Father of Army No **15703393L Havildar Sadashiv Dalawai, R/o Vill/Post-Avaradi, Tehsil- Mudalagi, Distt-Belagavi, State- Karnataka, PIN-591310,** have changed my Name from **Irappa** to **Irappa Dalawayi** and have changed my date of birth from **01/07/1956** to **01/06/1952** vide affidavit dt 05 Apr 2025

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**
I, **MUNIYAMMAL V** is legally Mother of No **15701824N** Rank **HAV** Name **CHANDRA SEKARAN V** presently, residing at **VILL-THIMIRI, PO- THIMIRI, TEH- ARCOT, DISTT-VELLORE (TAMIL NADU)-632512** I, have changed of my name and date of birth from name **MUNI YAMMAL Y** and date of birth **01/07/1961** (Name and date of birth as per my SON Army service records) to name **MUNIYAMMAL V** and date date of birth **11/11/1963** (name and date of birth as per my **AADHAR CARD** vide affidavit dated **14/04/2025** (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).
**CORRECT NAME-MUNIYAMMAL V**
**INCORRECT NAME-MUNI YAMMAL Y**
**CORRECT DATE OF BIRTH -11/11/1963**
**INCORRECT DATE OF BIRTH-01/07/1961**

**नाम सुधार सूचना**
मैं श्रीमती राजकुमारी पटेल पति श्री सुरेश प्रसाद पटेल आयु 42 वर्ष निवासी ग्राम पो. गोदरी नं.27 तहसील सिरमौर जिला रीवा म.प्र. आधार कार्ड नं. 3922 6220 0701 की निवासी हूं और शपथपूर्वक कथन करती हूं कि :-1.यह कि मेरे पति श्री सुरेश प्रसाद पटेल आर्मी में सेवारत है, जिनका आर्मी नं. 15678589L Rank HAV है जिसके विभागीय रिकार्डो में त्रुटिवश मेरा नाम RAJKUMAREE PATEL अंकित है, जो कि गलत नाम है। 2. यह कि मेरा सही नाम RAJKUMARI PATEL हैं, जो मेरे आधार कार्ड व अन्य रिकाड़ों में अंकित है, जो कि सही व सत्य है। 3. यह कि आर्मी के रिकार्डो में अंकित गलत नाम RAJKUMAREE PATEL के स्थान पर मेरा सही नाम RAJKUMARI PATEL अंकित किया जाये। 4.यह कि हर जगह मेरा सही नाम RAJKUMARI PATEL लिखा, पढ़ा एवं मान्य किया जावे।

## खबर संक्षेप

### अप्रैल-फरवरी में कोयला आयात मामूली घटा



**नई दिल्ली।** बीते वित्त वर्ष के पहले 11 माह (फरवरी) के दौरान देश का कोयला आयात मामूली 1.4 प्रतिशत घटकर 24.07 करोड़ टन रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में देश ने 24.42 करोड़ टन का कोयला आयात किया था। समीक्षाधीन अवधि में गैर-कोकिंग कोयले का आयात 15.23 करोड़ टन रहा।

### बीओएम ने खुदरा ऋण में की 0.25 फीसदी की कटौती



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) ने भारतीय रिजर्व बैंक की प्रमुख नीतिगत दर के अनुरूप रेपो दर से जुड़ी ऋण दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की घोषणा की है।
बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने सोमवार को बयान में कहा कि बैंक की रेपो से जुड़ी ऋण दर (आरएलएलआर) अब 9.05 प्रतिशत से घटाकर 8.80 प्रतिशत कर दी गई है।

### गोदरेज ने सवाना का फूड कारोबार किया अधिग्रहित



**नई दिल्ली।** गोदरेज इंडस्ट्रीज के रसायन कारोबार ने सवाना सर्फैक्टेंट्स के फूड एडिटिव कारोबार का अधिग्रहण पूरा कर लिया है। ओलियोकेमिकल्स, सर्फैक्टेंट्स, स्पेशियलिटीज और जैव-प्रौद्योगिकी क्षेत्र की एक अग्रणी कंपनी के तौर पर यह लेनदेन वैश्विक स्तर पर खाद्य और पेय पदार्थ उद्योग में अपने उत्पाद की पेशकश का विस्तार करने में मदद करेगा।

### एफपीआई ने अप्रैल में बाजार से निकाले 31,575 करोड़



**नई दिल्ली।** अमेरिका द्वारा भारत सहित दुनिया के तमाम देशों पर लगाए गए शुल्क की चिंता के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अप्रैल में अबतक भारतीय शेयर बाजारों से 31,575 करोड़ रुपये निकाले हैं।
इससे पहले 21 मार्च से 28 मार्च तक छह कारोबारी सत्रों में एफपीआई ने शेयरों में 30,927 करोड़ रुपये डाले थे।

### भारत के आतिथ्य लेनदेन में छोटे शहरों का प्रभाव बढ़ा



**मुंबई।** भारत के आतिथ्य क्षेत्र में पिछले साल छोटे शहरों का प्रभाव बढ़ा है। सोमवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार 2024 में दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों की सभी होटल लेनदेन में लगभग आधी हिस्सेदारी थी। रियल एस्टेट सलाहकार जेएलएल ने एक रिपोर्ट में कहा कि 2024 में लगभग 25 सौदे हुए। इनमें मुख्य रूप से व्यवसाय और अवकाश स्थलों, दोनों तरह की संपत्तियां शामिल थीं। रिपोर्ट के मुताबिक, दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों की ओर एक महत्वपूर्ण बदलाव हुआ है, जो सभी होटल लेनदेन का लगभग आधा हिस्सा था। इसके साथ ही उद्योग की पहुंच अधिक व्यापक हुई। इस रुझान के कारण अमृतसर, मथुरा, बीकानेर और ऐसे ही कई अन्य स्थानों पर गुणवत्तापूर्ण आवास उपलब्ध हो सकेंगे।

### आंबेडकर जयंती पर बाजार रहा बंद

**मुंबई।** आंबेडकर जयंती के अवसर पर सोमवार को शेयर, विदेशी मुद्रा और जिंस बाजार बंद रहा। बाजार में रोज की तरह कारोबार मंगलवार से फिर शुरू होगा।

# बदल गई देश के टॉप अमीरों की लिस्ट! अब पहले नंबर पर पहुंचे मुकेश अंबानी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फोर्ब्स ने 1 अप्रैल 2025 तक के फाइनेंशियल आंकड़ों के आधार पर देश के सबसे अमीर लोगों की लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में सबसे ऊपर मुकेश अंबानी हैं। जबकि, दूसरे नंबर पर गौतम अडाणी हैं। उल्लेखनीय है, एक समय ऐसा भी था, जब गौतम अडाणी देश के सबसे अमीर शख्स हो गए थे। सूची इस प्रकार है-

- सूची में अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी रहे दूसरे स्थान पर

### 1- मुकेश अंबानी

रिलायंस इंडस्ट्रीज़ के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश अंबानी 1,000,122 करोड़ (119.9 बिलियन डॉलर) के रेवेन्यू के साथ भारत के सबसे अमीर व्यक्ति हैं। रिलायंस तेल-गैस, पेट्रोकेमिकल्स, टेलीकॉम और रिटेल सहित कई क्षेत्रों में सक्रिय है। उनके तीनों बच्चे-आकाश, ईशा और अनंत, अब कंपनी के अलग-अलग हिस्सों का संचालन कर रहे हैं।

### 2. गौतम अडाणी

गौतम अडाणी अडानी ग्रुप के चेयरमैन हैं, जो भारत में पोर्ट, एयरपोर्ट, पावर और ग्रीन एनर्जी जैसे क्षेत्रों में काम करता है। 2023 में हिन्डनबर्ग रिपोर्ट के बाद गिरावट जरूर आई थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद 2024 में ग्रुप ने बाज़ार में वापसी की।

### 3. सावित्री जिंदल और परिवार

भारत की सबसे अमीर महिलाओं कि लिस्ट में शामिल सावित्री जिंदल ओपी जिंदल ग्रुप की चेयरपर्सन हैं। कंपनी के संचालन की ज़िम्मेदारी उनके चारों बेटे संभालते हैं। जिंदल ग्रुप स्टील से लेकर स्पोर्ट्स तक कई क्षेत्रों में कार्यरत है।

## फोर्ब्स ने जारी की नए बिलेनियर 2025 की सूची

*4. शिव नाडार :* भारत के आईटी क्षेत्र के अग्रणी शिव नाडार ने एचसीएल की स्थापना की थी। उन्होंने 2023 में 2,042 करोड़ से अधिक राशि दान की थी। उन्हें भारत सरकार द्वारा 2008 में पद्म भूषण से नवाजा गया। हालांकि, हाल ही में शिव नाडार ने अपनी संपत्ति का एक बड़ा हिस्सा अपनी बेटी रौशनी नाडार के नाम कर दिया था।

*5. दिलीप संघवी :* सन फार्मास्युटिकल्स के संस्थापक दिलीप संघवी भारत की फार्मा इंडस्ट्री के सबसे प्रभावशाली नामों में से एक हैं। उन्होंने 2014 में रैनबैक्सी को 4 बिलियन डॉलर में अधिग्रहित कर फार्मा क्षेत्र में अपनी स्थिति मजबूत की थी।

*6. सायरस पूनावाला :* सीरम इंस्टीट्यूट दुनिया की सबसे बड़ी वैक्सीन निर्माता कंपनी है। कोविड-19 के दौरान वैक्सीन की भारी डिमांड से पूनावाला परिवार की संपत्ति में भारी वृद्धि हुई।

*7. कुमार मंगलम बिड़ला :* कंपनी सीमेंट, एल्युमीनियम और फाइनेंशियल सर्विसेस सेक्टर में काम करती है। हाल ही में वोडाफोन-आइडिया के 18,000 करोड़ के एफपीओ के बाद कुमार बिड़ला की बोर्ड में वापसी हुई है।



*8. राधाकिशन दमानी :* राधाकिशन दमानी ने डीमार्ट की शुरुआत 2002 में की थी। आज भारत में डीमार्ट के 330 से अधिक स्टोर हैं। साथ ही वह वीएसटी और इंडिया सीमेंट्स जैसी कंपनियों में भी हिस्सेदार हैं।

*9. लक्ष्मी मित्तल :* लक्ष्मी मित्तल स्टील उद्योग के सबसे बड़े नामों में से हैं। उनकी कंपनी ने 2019 में एस्सार स्टील को 5.9 बिलियन डॉलर में खरीदा था। उन्होंने सीईओ की भूमिका अपने बेटे आदित्य मित्तल को सौंप दी है, जबकि खुद चेयरमैन बने हुए हैं।

*10. उदय कोटक :* कोटक महिंद्रा बैंक के फाउंडर उदय कोटक अब अपने बेटे जय कोटक को उत्तराधिकारी के तौर पर तैयार कर रहे हैं। 2020 में उन्होंने अपनी हिस्सेदारी कम कर बैंक की रेगुलेटरी जरूरतों को पूरा किया था।

## चीन के आयात में 4.3 प्रतिशत की गिरावट आई

# अमेरिकी शुल्क में बढ़ोतरी के बाद चीन का निर्यात 12.4 प्रतिशत बढ़ा, आयात में गिरावट

एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

चीन के निर्यात में मार्च में सालाना आधार पर 12.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वहीं इसी अवधि में आयात में 4.3 प्रतिशत की गिरावट आई है। अमेरिका के चीन से आयातित वस्तुओं पर शुल्क में बढ़ोतरी के बीच सरकार ने सोमवार को यह जानकारी दी।

विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से निर्यात 2025 के पहले तीन (जनवरी-मार्च) महीनों में सालाना आधार पर में 5.8 प्रतिशत बढ़ा, जबकि आयात में सात प्रतिशत की गिरावट आई। चीन का अमेरिका के साथ व्यापार अधिशेष मार्च में 27.6 अरब डॉलर रहा, जबकि इसके निर्यात में 4.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

### चीन पर अमेरिका ने 145 फीसदी शुल्क लगाया

वर्ष की पहली (जनवरी-मार्च) तिमाही में अमेरिका के साथ चीन का व्यापार अधिशेष 76.6 अरब डॉलर रहा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापार नीतियों में हाल ही में किए गए संशोधनों के अनुसार चीन को अमेरिका को किए जाने वाले अधिकतर निर्यातों पर 145 प्रतिशत शुल्क का सामना करना पड़ रहा है।

## विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है चीन

### वियतनाम में चीन का निर्यात बढ़ा

हालांकि पिछले हफ्ते अमेरिका ने इस फैसले को 90 दिन के लिए टाल दिया था। वियतनाम में पिछले महीने चीन का निर्यात सालाना आधार पर लगभग 17 प्रतिशत बढ़ा, जबकि इसके आयात में 2.7 प्रतिशत की गिरावट आई। हालांकि, शी की यात्रा पहले से ही निर्धारित थी लेकिन अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध के चलते यह महत्वपूर्ण हो गई है।



- चीन का अमेरिका के साथ व्यापार अधिशेष 27 .6 अरब डॉलर रहा
- चीन के निर्यात में सबसे अधिक वृद्धि दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों से

### वैश्विक आयात में चीन की हिस्सेदारी 10.5 फीसदी

चीनी आयात में गिरावट के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने पत्रकारों से कहा कि चीन लगातार 16 वर्षों से दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा आयातक रहा है, जिसने वैश्विक आयात में अपनी हिस्सेदारी लगभग आठ प्रतिशत से बढ़ाकर 10.5 प्रतिशत कर ली है। उन्होंने कहा, '' वर्तमान में और भविष्य में चीन का आयात वृद्धि क्षेत्र बहुत बड़ा है और बड़ा चीनी बाजार हमेशा दुनिया के लिए एक बड़ा अवसर है।''

### अफ्रीका को निर्यात 11 फीसदी बढ़ा

निर्यात में सबसे अधिक वृद्धि चीन के दक्षिण-पूर्वी एशियाई पड़ोसियों से हुई जहां मार्च में चीन से निर्यात में सालाना आधार में करीब 17 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई। अफ्रीका को निर्यात 11 प्रतिशत से अधिक बढ़ा है।

### चीन गंभीर स्थिति का सामना करने तैयार

सीमा शुल्क प्रशासन के प्रवक्ता ल्यू डालियांग ने कहा कि चीन '' जटिल व गंभीर स्थिति '' का सामना कर रहा है, लेकिन वह घुटने नहीं टेकेगा। उन्होंने चीन के विविध निर्यात विकल्पों और विशाल घरेलू बाजार की ओर इशारा करते हुए यह बात कही।

### चीन के राष्ट्रपति मलेशिया व कंबोडिया जाएंगे

चीन के राष्ट्रपति शी शिनफिंग सोमवार को क्षेत्रीय दौरे के तहत वियतनाम की यात्रा पर जा रहे थे। वह मलेशिया और कंबोडिया भी जाएंगे। इससे उन्हें अन्य एशियाई देशों के साथ व्यापार संबंधों को मजबूत करने का अवसर मिलेगा, जो संभावित रूप से भारी शुल्क का सामना कर रहे हैं।

# भारत की अमेरिका को 40,000 टन झींगा भेजने की तैयारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के समुद्री खाद्य निर्यातक अमेरिका को 35,000-40,000 टन झींगा भेजने की तैयारी कर रहे हैं। उद्योग के अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 26 प्रतिशत जवाबी शुल्क लगाने की योजना पर रोक लगाने के बाद ऑर्डर स्थिर बने हुए हैं। भारतीय समुद्री खाद्य निर्यातक संघ के महासचिव के एन. राघवन ने कहा, '' अब हमें काफी राहत मिली है, क्योंकि हम अमेरिका के अन्य निर्यातकों के बराबर पहुंच गए हैं। अब रोके गए निर्यात को भेजने की तैयारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि अमेरिकी शुल्क की घोषणा और फिर उन पर रोक के कारण लंबित हुए झींगा के करीब 2,000 कंटेनर अब निर्यात के लिए तैयार किए जा रहे हैं। अस्थायी राहत के तहत चीन को छोड़कर सभी देशों पर 10 प्रतिशत का मूल शुल्क लागू रहेगा। चीन पर 145 प्रतिशत शुल्क है। अमेरिका को भारतीय झींगा निर्यात पर वर्तमान में 17.7 प्रतिशत का प्रभावी सीमा शुल्क लगता है, जिसमें 5.7 प्रतिशत प्रतिकारी शुल्क और 1.8 प्रतिशत डंपिंग रोधी शुल्क शामिल है।



- ट्रंप के जवाबी शुल्क के बाद ऑर्डर स्थिर बने हुए
- झींगा के करीब 2,000 कंटेनर अब निर्यात के लिए तैयार

### 2023-24 में 2.7 अरब डॉलर का निर्यात

उद्योग के एक प्रतिनिधि ने कहा, '' (अतिरिक्त शुल्क पर) 90 दिन की रोक से निर्यातकों को अतिरिक्त लागत के बिना इन ऑर्डर को पूरा करने का अवसर मिलता है। भारतीय समुद्री खाद्य निर्यातक संघ के अनुसार, अमेरिका से ऑर्डर में कोई कमी नहीं आई है, जो मात्रा और मूल्य के मामले में भारत का सबसे बड़ा झींगा बाजार बना हुआ है। भारत ने वित्त वर्ष 2023-24 में अमेरिका को 2.7 अरब अमेरिकी डॉलर का झींगा निर्यात किया।

# शुल्क वार के बाद से निवेशकों की संपत्ति 11.30 लाख करोड़ रुपए घटी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बीएसई सेंसेक्स में करीब दो प्रतिशत की गिरावट से महीने की शुरुआत से अभी तक निवेशकों की संपत्ति 11.30 लाख करोड़ रुपये घट गई है।

अमेरिकी प्रशासन की शुल्क योजना की घोषणा और चीन तथा अमेरिका के बीच व्यापार युद्ध की बढ़ती चिंताओं के कारण हाल के दिनों में शेयर बाजारों में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। बीएसई सेंसेक्स में दो अप्रैल से अभी तक 1,460.18 अंक या 1.90 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है। अनिश्चितता के चलते इस अवधि में बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) 11,30,627.09 करोड़ रुपये घटकर 4,01,67,468.51 करोड़ रुपये रह गया है। हालांकि, अमेरिका के अतिरिक्त आयात शुल्क के अपने फैसले को 90 दिन के लिए टालने के बाद बाजार में शुक्रवार को करीब दो प्रतिशत का उछाल आया था। इस दौरान बाजार 10 अप्रैल को महावीर जयंती और 14 अप्रैल को आंबेडकर जयंती के अवसर पर बंद भी रहे। लेमन मार्केट्स डेस्क के विश्लेषक सतीश चंद्र अलूरी ने कहा, '' अमेरिका के दुनिया पर व्यापक स्तर पर जवाबी शुल्क की घोषणा के बाद नए वित्त वर्ष की शुरुआत में बाजारों में उतार-चढ़ाव रहा।



- सेंसेक्स में करीब दो प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई
- बीएसई में दो अप्रैल से अब तक 1460 अंक की गिरावट आई

### चीन ने अमेरिका पर 125 फीसदी जवाबी शुल्क लगाया

अमेरिका ने चीन से आयातित वस्तुओं पर 145 प्रतिशत शुल्क लगा रखा है। वहीं चीन ने जवाबी कार्रवाई करते हुए अमेरिकी वस्तुओं पर अपने अतिरिक्त शुल्क को बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दिया है।

# मलेशियाई बाजार टूटने से खाद्य तेल में आई गिरावट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मलेशिया एक्सचेंज के टूटने से देश के तेल-तिलहन बाजार में सोमवार को अधिकांश तेल-तिलहन (सरसों तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल) के दाम में गिरावट रही। वहीं आवक कम रहने के बावजूद मलेशियाई बाजार की मंदी से बाजार धारणा प्रभावित रहने के बीच मूंगफली तेल-तिलहन, सोयाबीन तिलहन तथा बिनौला तेल के दाम पूर्वस्तर पर बंद हुए। मलेशिया एक्सचेंज में गिरावट है। जबकि और शिकॉगो एक्सचेंज में घट-बढ़ जारी है। बाजार सूत्रों ने कहा कि मलेशिया एक्सचेंज में गिरावट को देखते हुए पेराई मिलों ने सरसों के दाम कुछ घटा दिये हैं। वैसे देखा जाये तो मंडियों में सरसों की आवक की स्थिति कमजोर बनी हुई है और चीन के बाद अब नेपाल और बांग्लादेश से सरसों खली डी-आयल्ड केक (डीओसी) की मांग निकली है। लेकिन मलेशिया एक्सचेंज टूटने की वजह से बाजार धारणा प्रभावित हुई है जो सरसों तेल-तिलहन में गिरावट का मुख्य कारण है। उन्होंने कहा कि कम आवक के बावजूद मलेशिया एक्सचेंज के कमजोर रहने के कारण सोयाबीन तेल के दाम में भी गिरावट देखने को मिली।



- सोयाबीन एवं पामतेल की कीमतों में कमी आई
- मलेशियाई बाजार की मंदी से मूंगफली के दाम पूर्वस्तर पर

*चीन की ओर से मूंगफली तेल की आयात मांग है*

*सोयाबीन तेल से जब तक इन दोनों तेलों के दाम में पर्याप्त कमी नहीं होगी इनकी बाजार मांग नहीं बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि चीन की ओर से मूंगफली तेल की आयात मांग है लेकिन कारोबारी माहौल खराब रहने के कारण मूंगफली तेल-तिलहन के दाम पूर्वस्तर पर बने रहे। सूत्रों ने कहा कि उपलब्धता काफी कम रहने के कारण बिनौला तेल के दाम भी पूर्वस्तर पर बने रहे।*


### एसबीआई ने कर्ज पर ब्याज दर में 0.25 फीसदी की कटौती की

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने रिजर्व बैंक की नीतिगत रेपो दर में कटौती का लाभ अपने ग्राहकों को देते हुए अपनी उधारी दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की है। इस कटौती के बाद एसबीआई के मौजूदा और नए उधार लेने वाले ग्राहकों दोनों के लिए कर्ज लेना सस्ता हो जाएगा। इस नयी कटौती के साथ एसबीआई की रेपो से जुड़ी उधारी दर (आरएलएलआर) 0.25 प्रतिशत कम होकर 8.25 प्रतिशत रह जाएगी। एसबीआई की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, बैंक ने 'बाह्य मानक आधारित उधारी दर' (ईबीएलआर) को 0.25 प्रतिशत घटाकर 8.65 प्रतिशत कर दिया है। संशोधित दरें 15 अप्रैल, 2025 से प्रभावी हो जाएंगी।

# सिंगापुर ने जीडीपी वृद्धि का अनुमान घटाया

एजेंसी ▶▶| सिंगापुर

सिंगापुर ने 2025 के लिए अपने सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 0-2 प्रतिशत कर दिया है। व्यापार एवं उद्योग मंत्रालय (एमटीआई) ने सोमवार (14 अप्रैल) को इस घोषणा में वैश्विक व्यापार पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शुल्क के प्रभाव का हवाला दिया। सिंगापुर के मौद्रिक प्राधिकरण (एमएएस), वास्तविक केंद्रीय बैंक ने भी लगातार दूसरी बार मौद्रिक नीति में नरमी का रुख अपनाया क्योंकि अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध के कारण आर्थिक आशंकाएं बढ़ रही हैं । एमटीआई के अनुसार, फरवरी में सिंगापुर की जीडीपी वृद्धि का अनुमान एक से तीन प्रतिशत था। इसमें अमेरिका और चीन सहित सिंगापुर के प्रमुख व्यापारिक साझेदारों की समग्र वृद्धि में अपेक्षित कमी को ध्यान में रखा गया था। हालांकि अब 2025 के जीडीपी वृद्धि अनुमान को एमटीआई ने कहा, '' तब से अमेरिका ने सभी देशों पर 10 प्रतिशत का आधारभूत शुल्क लगाया है तथा अमेरिका के साथ बड़े व्यापार अधिशेष वाले देशों पर उच्च जवाबी शुल्क लगाया है।



- वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 0 .2 प्रतिशत किया

## टाटा पावर का एनटीपीसी के साथ बिजली खरीद करार



**नई दिल्ली।** टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लि. ने 200 मेगावाट क्षमता की हरित ऊर्जा परियोजना स्थापित करने को लेकर एनटीपीसी लि. के साथ बिजली खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं। टाटा पावर की अनुषंगी कंपनी टीपीआरईएल ने सोमवार को बयान में कहा, ''इस परियोजना के साथ, इसकी कुल नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 10.9 गीगावाट तक पहुंच गई है। टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लि. (टीपीआरईएल) ने कहा कि देश में विभिन्न स्थानों पर फैली यह परियोजना ('फर्म एंड डिस्पैचेबल रिन्यूएबल एनर्जी) 24 महीनों के भीतर पूरी होनी है और इससे सालाना लगभग 130 करोड़ यूनिट बिजली उत्पादन की उम्मीद है। परियोजना सालाना 10 लाख टन से अधिक कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को कम करेगी। इस परियोजना को टीपीआरईएल ने प्रतिस्पर्धी बोली के आधार पर हासिल किया था और इसमें सौर, पवन और बीईएसएस (बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली) प्रौद्योगिकी शामिल होंगी।

## कंपनी को भारत में सीमा शुल्क धोखाधड़ी के लिए 11,000 करोड़ का नोटिस मिला

# भारत के लिए नए अवसर खोल सकता है अमेरिका के शुल्क वार

एजेंसी ▶▶| मुंबई

वाहन विनिर्माता स्कोडा ऑटो फॉक्सवैगन इंडिया ने सोमवार को कहा कि वह ट्रंप प्रशासन के जवाबी शुल्क का समर्थन नहीं करती है लेकिन इस कदम से लंबी अवधि में उद्योगों के लिए नये अवसर खुल सकते हैं।

हालांकि ट्रंप प्रशासन ने उन देशों को जवाबी शुल्क से 90 दिनों की राहत दी है, जिन्होंने अमेरिकी कार्यवाही के जवाब में कोई कदम नहीं उठाया था। स्कोडा ऑटो भारत में पूरी तरह तैयार इकाई (सीबीयू) के रूप में कारों के आयात से संबंधित कथित सीमा शुल्क धोखाधड़ी के लिए 11,000 करोड़ रुपये के कारण बताओ नोटिस का सामना कर रही है।

- स्कोडा ऑटो फॉक्सवैगन इंडिया के एमडी ने आशा जताई

### मुक्त व्यापार समझौते में लाए तेजी

हालांकि, उन्होंने कहा कि ये घटनाक्रम भारत और यूरोपीय संघ के बीच लंबे समय से चर्चा में रहे मुक्त व्यापार समझौतों में तेजी ला सकते हैं। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि भारत के लिए अवसर हैं। हम हमेशा से यूरोप के बीच कम शुल्क के समर्थक रहे हैं, चाहे वह यूरोपीय संघ का व्यापार हो या द्विपक्षीय एफटीए, जिस पर बहुत लंबे समय से चर्चा हो रही है।''



### कंपनी की सबसे ज्यादा बिकने वाली कार टिगुआन

यह तीसरी पीढ़ी की टिगुआन है, जो दुनिया भर में फॉक्सवैगन की सबसे ज़्यादा बिकने वाली गाड़ियों में से एक है। इस मौके पर फॉक्सवैगन इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर आशीष गुप्ता ने कहा, ''जर्मन इंजीनियरिंग, 5-स्टार सुरक्षा और मजेदार ड्राइविंग अनुभव के साथ, नई टिगुआन आर-लाइन रोमांच के लिए पूरी तरह तैयार है।''

### अपने खंड में बेहतर पावर

स्कोडा ऑटो की नई पेशकश टिगुआन आर-लाइन में स्पोर्टी 'आर' थीम वाला एक्सटीरियर और इंटीरियर दिया गया है। इसमें मसाज फंक्शन, लुम्बर सपोर्ट के साथ स्पोर्टी आरामदायक सीटें और स्मार्टफोन के लिए आसान चार्जिंग जैसे कई फीचर दिए गए हैं। पेट्रोल इंजन से चलने वाली नई टिगुआन आर-लाइन 7-स्पीड डीएसजी ट्रांसमिशन के साथ अपने खंड में सबसे बेहतर 204 पीएस की पावर और 320 एनएम का टॉर्क देती है।

### नई टिगुआन की शुरुआती कीमत 49 लाख रुपए

इस बीच, कंपनी ने 49 लाख रुपये की शुरुआती कीमत पर नई फॉक्सवैगन टिगुआन आर लाइन को पेश किया। इस मौके पर स्कोडा ऑटो फॉक्सवैगन इंडिया के प्रबंध निदेशक पीयूष अरोड़ा ने यहां कहा, ''बेशक, हम जवाबी शुल्क का समर्थन नहीं करते हैं, लेकिन साथ ही द्विपक्षीय व्यापार या मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के जरिये भारत में भी अर्थव्यवस्था को खोलने के बारे में बहुत सारी चर्चाएं हो रही हैं।''

### पूरा शुल्क मुद्दा कैसे सुलझेगा पता नहीं

एमडी ने कहा कि जवाबी शुल्क से भारत को शुरुआती बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन लंबे समय में शायद यह अवसरों को खोलेगा। उन्होंने साथ ही कहा कि फिलहाल यह नहीं कहा जा सकता कि यह पूरा शुल्क मुद्दा कैसे सुलझेगा और यह किस दिशा में आगे बढ़ेगा।

### प्रैट एंड व्हिटनी ने सराफ को बनाया कंट्री हेड

**मुंबई।** विमान इंजन बनाने वाली प्रैट एंड व्हिटनी ने आशीष सराफ को भारत में उपाध्यक्ष और 'कंट्री हेड' नियुक्त करने की सोमवार को घोषणा की। कंपनी बयान के अनुसार, सराफ भारत में सभी रणनीतिक विकास और परिवर्तन प्रयासों का नेतृत्व करेंगे। इसमें कहा गया, वे थेल्स से प्रैट एंड व्हिटनी में शामिल हुए हैं, जहां उन्होंने एयरोस्पेस, रक्षा, बायोमेट्रिक्स, साइबर सुरक्षा और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर सहित थेल्स इंडिया के सभी व्यवसायों के लिए 'कंट्री डायरेक्टर' और चेयरमैन के रूप में कार्य किया है।

चिंतन

# समतामूलक समाज निर्माण अंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि

आज संविधान निर्माता बाबा साहेब डा. भीमराव रामजी अंबेडकर की जयंती पर उनकी विरासत को लेकर सियासत दुर्भाग्यपूर्ण है। राष्ट्र निर्माण में डा. अंबेडकर के योगदान को स्मरण करने और समतामूलक समृद्ध भारत के उनके सपने को साकार करने की दिशा में प्रयास करने के बजाय राजनीतिक दल एक दूसरे पर आरोप लगाते दिखे। सत्ताधारी दल और विपक्षी दल के बीच अंबेडकर की विरासत पर राजनीतिक कब्जे के लिए होड़ मची हुई है, लेकिन यही जब सत्ता में होते हैं, तो उनके सिद्धांतों पर अमल करते हुए नीतिगत फैसला नहीं लेते हैं। संविधान प्रदत्त राजनीति लोकतंत्र का तो सभी लाभ उठा रहे हैं, लेकिन सामाजिक व आर्थिक असमानता दूर करने के लिए सामाजिक न्याय व समता पर आधारित सामाजिक लोकतंत्र और समानता पर आधारित आर्थिक लोकतंत्र को अपनाने की दिशा में किसी भी दल की सरकार ने पहल नहीं की। आज भी राष्ट्र में सामाजिक व आर्थिक विषमताएं गहरे तक व्याप्त हैं, सरकारें उदासीन बनी हुई हैं। अंबेडकर के सपने के अनुरूप जाति व्यवस्था के खात्मे की दिशा में किसी भी सरकार ने कानूनी प्रयास नहीं किया, जबकि यह संभव है। लेकिन देश के दल विभाजनकारी राजनीति के पचड़े में ही उलझे हुए हैं। भाजपा व कांग्रेस के बीच अंबेडकर को लेकर तीखे आरोप-प्रत्यारोप से स्थिति नहीं बदलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आरोप लगाया कि सत्ता में रहने के दौरान कांग्रेस ने अनुसूचित जातियों (एससी), अनुसूचित जनजातियों (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्गों को 'दूसरे दर्जे का नागरिक' बना दिया, तो कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पलटवार किया कि मोदी सरकार बाबासाहेब का सिर्फ नाम लेती है जबकि भाजपा तथा संघ के लोग अंबेडकर के शत्रु हैं। अभी सत्ताधारी दल अगर डा. अंबेडकर के सपनों के अनुरूप सामाजिक आर्थिक न्याय की बहाली की दिशा में काम करे तो देश की दशा बदल सकती है। यह सबको ज्ञात है कि कांग्रेस ने अंबेडकर को दो बार चुनाव में हरवाया, कांग्रेस शासन में बाबासाहेब को भारत रत्न नहीं मिला, कांग्रेस सरकार ने उन्हें राजनीतिक सम्मान भी नहीं दिया, इसलिए कांग्रेस को विरासत पर कुछ भी बोलने से पूर्व आत्मचिंतन करना चाहिए। संविधान निर्माण से लेकर निर्वाचन आयोग के गठन तक अनेक योगदान अंबेडकर के देश के लिए हैं। भीमराव छोटे राज्यों के पक्षधर थे, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश व बिहार के विभाजन का प्रस्ताव उन्होंने रखा था, छोटे राज्य भी भाजपा शासन के दौरान ही अधिक बने। अंबेडकर के विचार केवल इतिहास की किताबों या औपचारिक श्रद्धांजलि कार्यक्रमों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि प्रतिरोध की परिभाषा को आकार दे रहे हैं और अदालतों से लेकर कक्षाओं, विरोध-प्रदर्शनों और साइबर संसार तक में गूंज रहे हैं, जहां जाति, समानता एवं लोकतंत्र के बारे में बहस अब भी जारी है। आंबेडकर एक विधिशास्त्री से कहीं अधिक थे। वह एक क्रांतिकारी विचारक थे, जिनका समतावादी और जाति व्यवस्था मुक्त भारत का दृष्टिकोण देश के समकालीन सामाजिक-राजनीतिक विमर्श के लिए आज भी बेहद प्रासंगिक है। अंबेडकर का यह दृष्टिकोण वर्ष 2025 में भी प्रासंगिक है कि सामाजिक और आर्थिक न्याय के बिना लोकतंत्र फल-फूल नहीं सकता। आज जब जाति, वर्ग और सांप्रदायिक विभाजन के खिलाफ भारत की लड़ाई जारी है, तब समानता को लेकर उनका दृष्टिकोण भारत को प्रेरित करता है। इसलिए राजनीतिक के बजाय उनके अदर्शों को राष्ट्र को सही मायने में अपनाने की जरूरत है।



विश्लेषण
अवधेश कुमार

# मुर्शिदाबाद का भयावह सच

मुर्शिदाबाद से भागीरथी नदी में नाव पर बैठकर पलायन करते और फिर मालदा जिले में उतरते लोगों की तस्वीरें किसी भी संवेदनशील व्यक्ति को अंदर से हिला देंगी। वर्तमान घटना में पलायन कर गए लोग मुर्शिदाबाद के धुलियान के हैं। वे बता रहे हैं कि घरों में आग लगा दी, मारपीट की गई, अब न घर रहा न खाने को राशन बचा हम करें तो क्या करें, जो कुछ था वह सब लूट कर ले गए। मणिपुर पर तूफान खड़ा करने वाले और यात्रा करने वाले राहुल गांधी से लेकर विपक्ष के नेताओं की चुप्पी ज्यादा डरावनी है। मणिपुर चिंता का विषय होना चाहिए, किंतु क्या मुर्शिदाबाद नहीं? सच को सच की तरह देखिए फिर रास्ता निकालिए कि क्या हो सकता है?

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद से लेकर मध्यप्रदेश का गुना और इसके पहले नागपुर मलाड आदि की घटनाओं से निस्संदेह देश को डरना चाहिए। इसका यह अर्थ नहीं कि डर कर चुपचाप बैठ जाए, बल्कि इन घटनाओं में लगातार दिख रहे यथार्थ को पहचान कर उसके अनुरूप व्यवहार तय करने का समय है। मुर्शिदाबाद से भागीरथी नदी में नाव पर बैठकर पलायन करते और फिर मालदा जिले में उतरते लोगों की तस्वीरें किसी भी संवेदनशील व्यक्ति को अंदर से हिला देंगी। हम पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में गैर मुस्लिमों, हिंदुओं के विरुद्ध हिंसा पर अपनी भौंहें टेढ़ी करते हैं, अपने देश के बारे में क्या कहेंगे? मालदा के पारलालपुर हाई स्कूल में शरण लिए लगभग 500 लोगों की तस्वीरें एवं वक्तव्य देश के सामने हैं। इनमें तीन दिन के नवजात से लेकर महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे शामिल हैं। स्थानीय लोगों ने कम से कम उन्हें गले लगाया और खाने-पीने की व्यवस्था कर रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुकांता मजूमदार की यात्रा के बाद पार्टी और दूसरे हिंदू संगठन भी सक्रिय हुए, लेकिन क्या किसी को याद है 2021 विधानसभा चुनाव के बाद हिंदू असम और झारखंड में पहुंच गए थे। वे आज तक लौटे या नहीं लौटे देश को पता भी नहीं था। जब असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वसर्मा ने अपनी पोस्ट लिखी तब इसकी जानकारी हुई। वर्तमान घटना में पलायन कर गए लोग मुर्शिदाबाद के धुलियान के हैं। वे बता रहे हैं कि घरों में आग लगा दी, मारपीट की गई, अब न घर रहा न खाने को राशन बचा हम करें तो क्या करें, जो कुछ था वह सब लूट कर ले गए। मणिपुर पर तूफान खड़ा करने वाले और यात्रा करने वाले राहुल गांधी से लेकर विपक्ष के नेताओं की चुप्पी ज्यादा डरावनी है। मणिपुर सभी के लिए चिंता का विषय होना चाहिए, किंतु क्या मुर्शिदाबाद नहीं?

यही वह प्रश्न है अलग-अलग ऐसी घटनाओं और संदर्भों में जिनका उत्तर भारत स्पष्ट रूप से कभी नहीं दे सका। धुलियान में एक गरीब पिता पुत्र की हत्या कर दी गई, जो हिंदू देवी देवताओं की मूर्तियां बनाते थे। मूर्तिकार से किसका वैर का हो सकता है? लोग कह रहे हैं कि उनकी पानी की टंकी में जहर मिला दिया गया। इसमें कितनी सच्चाई है अभी तक तो ममता बनर्जी सरकार को टंकियां जांच करके बता देना चाहिए था। नहीं बताने का मतलब? कई तालाबों में मछलियों सहित अन्य जीव मरे पाए गए। यानी हमलावर घोषणा कर रहे थे कि सारे पानी में जहर मिला देंगे तो संभवत उन्होंने तालाब में ऐसा किया। टीवी कैमरों के माध्यम से देश ने वहां की हिंसा देखी। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक भी अलग-अलग क्षेत्र में हिंसा हो रही है। शमशेरगंज सहित कई स्थानों में बीएसएफ की टीम पर गोलीबारी की गई। बीएसएफ कई घरों में जमा किए पत्थर हटा रही है। कोलकाता उच्च न्यायालय के आदेश के कारण केंद्रीय सुरक्षा बलों की 17 कंपनियां तैनात की गईं, अन्यथा पश्चिम बंगाल पुलिस के रहते क्या हो रहा था और क्या होता इसकी कल्पना से रौंगटे खड़े हो जाते हैं। भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भले आप आलोचना कीजिए और उनके विरोधी हों। इन विकट परिस्थितियों में हिंदू समाज के साथ इनके



अलावा कोई खड़ा नहीं दिखता। अन्य पार्टियों की स्थानीय ईकाइयां सच देखती हैं, भूमिका निभाना भी चाहती हैं, लेकिन प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व के दबाव में नहीं करती। स्थानीय भाजपा के कई नेताओं ने प्रदेश में सशस्त्र बल विशेष शक्तियां अधिनियम या अफस्पा लागू करने की मांग की है। आपको यह भले नागवार गुजरे किंतु पश्चिम बंगाल की स्थिति को देखिए और निष्कर्ष निकालिए कि वहां क्या किया जाना चाहिए?

किसी का वक्फ संशोधन कानून से विरोध है तो उसका तरीका हिन्दुओं पर हमला कैसे सकता है? वैसे तो वक्फ कानून में ऐसा कुछ नहीं है, जिसे मुसलमान या इस्लाम के विरुद्ध साबित किया जा रहा है। इस तरह का जहर फैलाने वाले वास्तव में स्वयं मुस्लिम समाज के ही दुश्मन हैं। अगर विरोध करना है तो इसके लिए हिंदुओं के घरों पर हमले करने, धर्मस्थलों को क्षतिग्रस्त करने, दुकान घर जलाने आदि की क्या आवश्यकता है? ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने देशव्यापी विरोध का आह्वान किया था। क्या हिंसा के लिए उसे दोषी नहीं माना जाना चाहिए? हमलावरों की तैयारी कितनी थी इसका अनुमान इसी से लगाइए कि पलायन कर गए लोग बता रहे हैं कि वे गैस सिलेंडरों को खोलकर दियासलाई से आग लग रहे थे और पेट्रोल डाल रहे थे। आगजनी, पत्थरबाजी और गोली चलाने के लिए पहले की तैयारी चाहिए। गुना में हनुमान जयंती की शोभायात्रा पर जितनी भारी संख्या में पत्थर चले और आगजनी हुई उसकी तैयारी एकाएक संभव नहीं। इसी तरह हजारीबाग में हुआ। पिछले लंबे समय से हम देख रहे हैं कि हिंदुओं से जुड़े उत्सवों, शोभायात्राओं, प्रतिमा विसर्जनों आदि पर इसी तरह पत्थरों से हमले होते हैं। इससे भी डरावना सच यह है कि कोई बड़ा मुस्लिम नेता या संगठन हिंसा के विरुद्ध मुखर होकर सामने नहीं आते। दूसरे पक्ष को ही दोषी ठहरने का अभियान चलता है और कहा जाता है कि हमले उनके उकसाने पर हुए। मुर्शिदाबाद पर बंगाल की ममता सरकार में मंत्री सिद्धीकुल्ला चौधरी कह रहे हैं कि हिंसा में बाहरी और भाजपा के लोग शामिल थे, वे बीएसएफ की गोली से मारे गए। ममता सरकार और उनकी पार्टी का स्टैंड यही है तो आप उनसे क्या उम्मीद कर सकते हैं। यह पहली बार नहीं है। पिछले वर्ष लगभग इसी समय जब वर्धमान जिले में एक बम विस्फोट की जांच करने गई एनआईए की टीम पर हमले हुए। विस्फोट बम बनाने के दौरान हुई और मरने वाले तीनों तृणमूल के थे। चाहे शाहजहां शेख पर कार्रवाई करने गई टीम हो या अन्य जगह वहां उन्हें हिंसक विरोध का सामना करना पड़ता है। मुख्यमंत्री ममता से लेकर पूरी सरकार, पार्टी हमला बोल शैली में साथ खड़ी होती है। जब सरकार का भय नहीं हो तो कट्टरवादी तत्व ऐसे ही उन्माद फैलाता है।

सच को सच की तरह देखिए फिर रास्ता निकालिए कि क्या हो सकता है। बंगाल संपूर्ण देश के लिए ऐसा डरावना प्रश्न बना हुआ है जिसका अभी तक उत्तर नहीं मिला है। धीरे-धीरे दूसरे राज्यों में भी हिंदू उत्सवों प्रतिमा विसर्जनों शोभा यात्राओं आदि पर हमले की प्रवृत्तियां बढ़ीं हैं। उनके संदर्भ में हिंदू संगठनों, सरकारों तथा पार्टियों को नए सिरे से अपनी रणनीति तय करनी होगी। मुस्लिम समुदाय के अंदर भी उदारवादी तबके को खुलकर सामने आना चाहिए। यह देश बचाने का प्रश्न है, लेकिन जो समाज आत्मरक्षा और प्रतिरोध की शक्ति खो देता है उसकी कोई रक्षा नहीं कर सकता। कम से कम ऐसी घटनाओं के विरोध में अहिंसक तरीके से धरना प्रदर्शन तो होना चाहिए था। बावजूद बंगाल जैसी स्थिति किसी की नहीं। न्यायालय की स्थिति यह है कि 2021 में हिंदुओं के पलायन का मामला उच्चतम न्यायालय में आया और सुनवाई के दौरान एक बंगाली न्यायमूर्ति ने पहले अपने को अलग किया। फिर सुनवाई आरंभ हुई और एक और बंगाली जज साहब ने स्वयं को अलग कर लिया। इस कारण वह बाधित रही। वैसे भी न्यायालय ऐसी बढ़ती प्रवृत्तियों का समाधान नहीं कर सकते।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।




तेलंगाना विवाद
योगेश कुमार गोयल

# जीवन की सांसें हैं वृक्ष

तेलंगाना में 400 एकड़ में फैले कांचा गाचीबोवली जंगल में पेड़ों की कटाई के मुद्दे पर स्वतः संज्ञान लेते हुए पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बी. आर. गवई और ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की बेंच ने सरकार से तीखे सवाल करते हुए अगले आदेश तक इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार की गतिविधि पर रोक लगा दी। अदालत ने पूछा कि वनों की कटाई शुरू करने की इतनी आपातकालीन आवश्यकता क्यों थी? उल्लेखनीय है कि हैदराबाद विश्वविद्यालय के पास तेलंगाना सरकार द्वारा आईटी पार्क बनाने के लिए उस स्थान पर बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई की जा रही थी। सोशल मीडिया पर इसी जगह का एक दिल दहलाने वाला वीडियो भी वायरल हुआ था, जिसमें अंधेरे में बुलडोजर चलता दिख रहा है और वहीं से मोरों के झुंड की आवाज़ सुनाई दे रही है, जो जंगलों की कटाई से रो रहे हैं। इससे कुछ ही दिन पहले आगरा में ताजमहल के आसपास अवैध रूप से काटे गए सैकड़ों वृक्षों को लेकर भी सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए प्रत्येक पेड़ के लिए एक लाख रुपये का जुर्माना लगाते हुए कठोर टिप्पणी की थी। अदालत के आदेश बेहद महत्वपूर्ण हैं, जो पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारी जिम्मेदारियों को याद दिलाते हैं। अदालत ने अपने इन निर्णयों से स्पष्ट संदेश दिया है कि पेड़ों की कटाई को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। अदालत के ये निर्णय देश के उन क्षेत्रों के लिए भी संदेश है, जहां पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है। वायुमंडल में मौजूद ऑक्सीजन को प्राणवायु माना जाता है और पर्यावरण विशेषज्ञों के मुताबिक हमें अपने आसपास इतने वृक्ष अवश्य लगाने चाहिए, ताकि कम से कम अपने परिवार के लिए तो हम ऑक्सीजन की पूर्ति स्वयं ही कर सकें। एक व्यक्ति वर्षभर में औसतन 9.5 टन हवा अपने अंदर लेता है, जिसमें इस हवा का 23 प्रतिशत हिस्सा ऑक्सीजन होता है, जिसकी पूर्ति के लिए हर व्यक्ति को सालभर की सांसों के लिए 7-8 वृक्षों की ऑक्सीजन चाहिए। इंसान को सामान्य रूप से सांस लेने के लिए हवा में कम से कम 19.5 फीसद ऑक्सीजन होनी चाहिए। वायुमंडल में यदि ऑक्सीजन नहीं होगी तो पृथ्वी पर जीवन समाप्त हो जाएगा, इसलिए ऑक्सीजन बचाने के लिए वृक्षों को बचाना समय की बड़ी मांग है। एक रिपोर्ट के मुताबिक एक स्वस्थ वृक्ष प्रतिदिन करीब 230 लीटर ऑक्सीजन छोड़ता है, जिससे 6-7 लोगों को प्राणवायु मिल पाती है, लेकिन पर्याप्त वृक्षों के अभाव में बहुत सारे स्थानों पर अब एक ही वृक्ष को करीब 20 लोगों को ऑक्सीजन देनी पड़ रही है। दरअसल वायुमंडल में पहले ऑक्सीजन की जितनी मात्रा होती थी, वृक्षों के अभाव में उसमें 10 प्रतिशत तक की कमी आ चुकी है। नीम, बरगद, पीपल जैसे बड़े छायादार वृक्ष, जो 50 साल या उससे ज्यादा पुराने हों, उनसे तो प्रतिदिन 140 किलो तक ऑक्सीजन मिलती है। पर्यावरण विशेषज्ञों के अनुसार करीब दो सौ वर्ष पुराने पीपल, नीम, बरगद इत्यादि के पेड़ प्रतिदिन 250 लीटर ऑक्सीजन का स्राव करते हैं। ऐसे में यह अनुमान लगाना कठिन नहीं कि ऐसे छायादार पुराने वृक्ष काटने से पर्यावरण को कितनी भारी क्षति पहुंचती है। यही वजह है कि ऐसे छायादार वृक्ष अपने आसपास के परिवेश में लगाने की प्राचीन भारतीय परम्परा रही है। नीम, बरगद, तुलसी इत्यादि प्रतिदिन 20 घंटे से भी ज्यादा समय तक ऑक्सीजन छोड़ते हैं जबकि पीपल तो दिन में 22 घंटे से भी ज्यादा समय तक ऑक्सीजन का स्राव करता है। बांस के पेड़ किसी भी अन्य वृक्ष के मुकाबले 30 प्रतिशत ज्यादा ऑक्सीजन पैदा करते हैं। 100 विशाल वृक्ष प्रतिवर्ष 53 टन कार्बन डाईऑक्साइड तथा 200 किलोग्राम अन्य वायु प्रदूषकों को दूर करते हैं और 5.3 लाख लीटर वर्षा जल को थामने में भी मददगार साबित होते हैं। घर में सुनियोजित ढंग से लगाए जाने वाले वृक्ष न केवल गर्मियों में एसी की खपत में 56 फीसदी की कमी लाते हैं, बल्कि सर्दियों में ठंडी हवाओं को भी रोकते हैं। एक रिपोर्ट में बताया गया है कि किसी भी वृक्ष के वजन में एक ग्राम की वृद्धि से ही उससे 2.66 ग्राम अतिरिक्त ऑक्सीजन मिलती है तथा किसी विशाल वृक्ष से प्राप्त होने वाली ऑक्सीजन, फल, लकड़ी, बायोमास इत्यादि की कीमत के आधार पर पचास साल की अवधि में ऐसे वृक्ष की आर्थिक कीमत करीब दो लाख डॉलर होती है। एक स्वस्थ वृक्ष से मिलने वाली ऑक्सीजन की कीमत के आधार पर ऐसे वृक्ष की सालाना कीमत करीब 24 लाख रुपये होती है। स्वच्छ प्राणवायु के अभाव में कैंसर, हृदय रोग, अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, फेफड़ों का संक्रमण, न्यूमोनिया, लकवा इत्यादि के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। बहरहाल, तेजी से होते जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण की विकराल होती स्थिति को देखते हुए यह समझने की जरूरत है कि वायुमंडल में जो ऑक्सीजन मौजूद है, उसमें सबसे बड़ा योगदान पेड़-पौधों का ही है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# योग-ध्यान भावनाओं को रोकें नहीं, साधें



संकलित
दर्शन

जब भी आप क्रोध जैसी किसी भी नकारात्मक भावना को रोकने का प्रयास करते हैं, तो वह और भी ज्यादा तेज हो जाती है। आप जो चीज नहीं चाहते हैं, उसे यदि आप रोकने की कोशिश करते हैं, तो ऐसा ही होता है। वस्तुतः मानव मन की यही प्रकृति है। मन को अपने अनुरूप साधने की प्रणाली योग है। योग की प्रणाली अनुभव के स्तर पर अपने शरीर और मन की प्रकृति का अनुसंधान करती है। जब आप सुबह उठकर आसन करते हैं, तो आप उसे मात्र व्यायाम न समझें। वास्तव में योग यह सुनिश्चित करता है कि आप जीवन से कितनी सहजता से गुजरते हैं, आप अपने शरीर और अपने मन को कितनी गहराई से समझते हैं। यदि आप गाड़ी चलाकर कहीं जा रहे हैं तो यात्रा मंगलमय होने के लिए, दो बातें जरूरी हैं। एक तो गाड़ी का अच्छा होनी चाहिए और दूसरी आपको गाड़ी की समझ हो। आपके शरीर और मन के बारे में योग यही तो सुनिश्चित करता है। यह बड़ी व्यावहारिक बात है, यह कोई आत्मज्ञान नहीं है। अगर आप एक अज्ञानी जीवन भी जीना चाहते हैं, तब भी योग जरूरी है। जब आप आसन करते हैं तो आप अपने शरीर और मन की प्रकृति को खोजते हैं। अगर आप अपनी अंगुलियों को एक खास तरह से चलाते हैं, तो आपका मन उसके मुताबिक काम करता है। आप अपने शरीर से जो कुछ भी करते हैं, उससे आपके मन के साथ भी कुछ होता है। किताब पढ़ने से यह समझ प्राप्त नहीं होगी।

# कोयला और चंदन



संकलित
प्रेरणा

चौधरी पहलवान का पूरा जीवन जरूरतमंदों की सहायता के लिए समर्पित हुआ था। जब उनका अंतिम समय नजदीक आया तो उन्होंने अपने बेटे को पास बुलाया। बेटा पास आ गया तो उन्होंने उससे कहा-देखो बेटा, मैंने अपना सारा जीवन दुनिया को शिक्षा देने में गुजार दिया। अब अपने अंतिम समय में मैं तुम्हें कुछ जरूरी बातें बताना चाहता हूं। लेकिन इससे पहले जरा तुम एक कोयला और चंदन का एक टुकड़ा उठा कर ले लाओ। बेटे को पहले तो यह बड़ा अटपटा लगा, लेकिन उसने सोचा कि अब पिता का हुक्म है तो यह सब लाना ही होगा। उसने रसोई घर से कोयले का एक टुकड़ा उठाया। संयोग से घर में चंदन की एक छोटी लकड़ी भी मिल गई। वह दोनों को लेकर अपने पिता के पास पहुंच गया। उसे आया देख पहलवान बोले- बेटा, अब इन दोनों चीजों को नीचे फेंक दो। बेटे ने दोनों चीजें नीचे फेंक दीं और हाथ धोने जाने लगा तो पहलवान बोले- जरा ठहरो बेटा। मुझे अपने हाथ तो दिखाओ। बेटे ने हाथ दिखाए तो वह उसका कोयले वाला हाथ पकड़ कर बोले, देखा तुमने। कोयला पकड़ते ही हाथ काला हो गया। लेकिन उसे फेंक देने के बाद भी तुम्हारे हाथ में कालिख लगी रह गई। गलत लोगों की संगति ऐसी ही होती है। उनके साथ रहने पर भी दुख होता है और उनके न रहने पर भी जीवन भर के लिए बदनामी साथ लग जाती है। दूसरी ओर सज्जनों का संग इस चंदन की लकडी की तरह है जो साथ रहते हैं तो दुनिया भर का ज्ञान मिलता है और उनका साथ छूटने पर भी उनके विचारों की महक जीवन भर बनी रहती है।

सटाका




## आज की पाती

### हिंदी भाषा व साहित्य को विशेष प्राथमिकता मिले

देश, प्रदेश के कुछ विद्यालयों, महाविद्यालयों में ऐसा कुछ संभवतः लापरवाही, भूल से, अल्पज्ञानवश या कभी-कभी जानबूझ कर किया जाता रहता है कि समय सारिणी में हिंदी भाषा और साहित्य के विषय को बहुत पीछे के समय में रखा जाता है। कई बार तो इतना ही बाद का समय (कभी-कभी तो लगभग सबसे अंतिम पीरियड) रखा रहता है कि तब तक स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थी चार-पांच घंटों के शिक्षण व अध्ययन के पश्चात बहुत थक कर, ऊबते हुए, ऊर्जाविहीन होकर ही हिंदी भाषा व साहित्य की कक्षा में आते हैं। ऐसी परिस्थितियों में हिंदी को न्यूनतम महत्व ही मिल पाता है। भारत सरकार व सभी राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हिंदी भाषा व साहित्य का महत्व, गौरव व सम्मान हमेशा बना रहे। *- समीर दीवान, बलौदाबाजार*

## ट्रेंड

### अनेक कदम उठाए



हमारी सरकार ने बाबासाहेब की प्रेरणा को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने के लिए अनेक कदम उठाए हैं, लेकिन संविधान के नाम पर रोटी सेंकने वालों ने उनसे जुड़े स्थानों का ना सिर्फ अपमान किया, बल्कि इतिहास से मिटाने का प्रयास भी किया।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### बाबासाहेब को नमन



बाबासाहेब डॉ भीमराव आंबेडकर को उनकी जयंती पर सादर नमन। देश के लोकतंत्र को मज़बूत करने के लिए, हर भारतीय के समान अधिकारों के लिए, हर वर्ग की हिस्सेदारी के लिए उनका संघर्ष और योगदान हमेशा हमारा मार्गदर्शन करता रहेगा।
**-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष**

### कड़े कानून बनाने चाहिए



कई प्राइवेट स्कूल मनमानी तरीके से हर साल फीस बढ़ा देते हैं, जिससे आम परिवारों के लिए बच्चों की पढ़ाई बोझ बन जाती है। किताबें-नोटबुक, यूनिफॉर्म स्कूल से ही महंगे दामों पर ख़रीदने को मजबूर किया जाता है। इस पर कड़े कानून बनाने चाहिए।
**-स्वाति मालीवाल, पूर्व अध्यक्ष डीसीडब्ल्यू**

### नवाचार साझेदारी मजबूत होगी



विश्व स्तर पर दूसरे सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय और क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में यूके के शीर्ष स्थान पर, बेंगलुरु भारत के पहले इंपीरियल कॉलेज हब को देखने के लिए उत्सुक है, जो भारत-यूके वैज्ञानिक, शिक्षा और नवाचार साझेदारी को मजबूत करेगा।
**-किरण मजूमदारशॉ, उद्योगपति**

करंट अफेयर


# शुल्क युद्ध से किसी की जीत नहीं : शी चिनफिंग



चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग इस हफ्ते दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों के दौरे पर निकले हैं। उन्होंने सोमवार को सबसे पहले वियतनाम की यात्रा की। यह दौरा ऐसे समय हो रहा है जब अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने देशों पर भारी शुल्क (टैरिफ) लगाकर पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को झटका दिया है। ट्रंप ने कुछ देशों पर लगाए शुल्कों पर फिलहाल विराम लगा दिया है, लेकिन चीन को इससे कोई राहत नहीं मिली है। ट्रंप ने दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था यानी चीन पर 145 प्रतिशत तक के भारी शुल्क अब भी लागू कर रखे हैं। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने वियतनाम और चीनी के आधिकारिक मीडिया में संयुक्त रूप से प्रकाशित संपादकीय में लिखा, व्यापार युद्ध या शुल्क युद्ध में कोई विजेता नहीं होता है। उन्होंने लिखा, हमारे दोनों देशों को बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली, स्थिर वैश्विक औद्योगिक और आपूर्ति श्रृंखलाओं और खुले एवं सहकारी अंतरराष्ट्रीय वातावरण की दृढ़ता से रक्षा करनी चाहिए। वैसे तो शी की यात्रा की योजना पहले से ही बनाई गई थी, लेकिन दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं चीन और अमेरिका के बीच शुल्क विवाद के कारण यह यात्रा महत्वपूर्ण हो गई है।

ऑफ बीट

# कैंसर के अंतिम चरण में मरीज हो जाते हैं उदासीन



कैंसर के अंतिम चरण का एक क्रूर परिणाम यह है कि कई मरीज गहरी उदासीनता में डूब जाते हैं, क्योंकि वे उन गतिविधियों में भी रुचि खो देते हैं जिन्हें वे कभी पसंद करते थे। यह लक्षण दुर्बलता नामक सिंड्रोम का हिस्सा है, जो अंतिम चरण के लगभग 80 प्रतिशत कैंसर रोगियों को प्रभावित करता है। इससे मांसपेशियां बड़े पैमाने पर खत्म होने लगती हैं और वजन घटने लगता है, जिससे पर्याप्त पोषण के बावजूद मरीज की हड्डियां पतली हो जाती हैं। हौंसला पस्त होने से न केवल रोगियों की पीड़ा बढ़ती है, बल्कि उन्हें परिवार और दोस्तों से भी अलग कर देती है। चूंकि, रोगी को कठिन उपचार पद्धतियों को अपनाने में कड़ा संघर्ष करना पड़ता है इसलिए इससे परिवारों पर भी दबाव पड़ता है और उपचार जटिल हो जाता है। डॉक्टर आमतौर पर यह मानते हैं कि जब कैंसर के अंतिम चरण के मरीज जीवन से विमुख हो जाते हैं, तो यह शारीरिक गिरावट के प्रति एक अपरिहार्य मनोवैज्ञानिक प्रतिक्रिया होती है। कैंसर से उत्पन्न कमजोरी में उदासीनता की पहेली को सुलझाने के लिए, हमें शरीर में सूजन के सटीक मार्ग का पता लगाने की आवश्यकता थी, तथा रोग के बढ़ने के दौरान जीवित मस्तिष्क के अंदर झांकने की आवश्यकता थी - जो कि लोगों में लगभग असंभव है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## ग्राउंड जीरो 10 दिन बाद देगी दस्तक

**मुंबई।** इमरान हाशमी की अपकमिंग फिल्म ग्राउंड जीरो 10 दिन बाद सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए एकदम तैयार है। फिल्म की कहानी सच्ची घटना पर आधारित है



जिसके चलते दर्शकों के बीच फिल्म को लेकर उत्सुकता ज्यादा है। इस बीच फिल्म 38 साल बाद इतिहास रचने जा रही है। तेजस विजय देओस्कर के निर्देशन में बनी ग्राउंड जीरो सिनेमाघरों में 25 अप्रैल को दस्तक देने जा रही है। मरग फिल्म सिनेमाघरों में आने के बाद ही कुछ खास लोगों के लिए प्रीमियर की जाएगी। 38 साल में ऐसा करने वाली ग्राउंड जीरो पहली फिल्म है। इमरान हाशमी की ग्राउंड जीरो अब इतिहास रचने जा रही है। पिछले तीन दशक के बाद यह पहली फिल्म है जिसका श्रीनगर में प्रीमियर होगा। प्रीमियर का आयोजन 18 अप्रैल को होने वाला है।

## एक्शन से भरपूर 'हिट 3' का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार नानी की फिल्म 'हिट 3' का दमदार ट्रेलर कुछ ही देर पहले रिलीज किया गया है।



एक्शन और मारधाड़ से भरपूर इस ट्रेलर में नानी पुलिस अधिकारी के दमदार किरदार में नजर आ रहे हैं। ट्रेलर रिलीज पर फैंस अपनी प्रतिक्रिया लगातार शेयर कर रहे हैं। नानी की फिल्म हिट: द थर्ड केस का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म का ट्रेलर कुल 3 मिनट 31 सेकंड का है, जो नानी के प्रशंसकों को बेहद पसंद आ रहा है। इस ट्रेलर में नानी पुलिस अधिकारी अर्जुन सरकार के दमदार अंदाज में नजर आए, जो पल भर में दुश्मनों के छक्के छुड़ाता है। हिट 3 के ट्रेलर में साफ नजर आ रहा है कि नानी इस फिल्म में अर्जुन सरकार नाम के एक गुस्सैल पुलिस अधिकारी के किरदार में हैं।

# 'जाट' ने बॉक्स ऑफिस पर लगाई लंबी छलांग, अब लाहौर में मचाएंगे 'गदर'



*बॉलीवुड एक्टर सनी देओल ने 'गदर 2'से बॉक्स ऑफिस के कई रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। अब जाट से उन्होंने दो साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी की और तहलका मचा दिया है। गोपीचंद मालिनेनी द्वारा निर्देशित फिल्म में रणदीप हुड्डा ने विलेन का रोल प्ले किया है। फिल्म में विनीत कुमार सिंह, राम्या कृष्णन और जगपति बाबू ने अहम भूमिका निभाई है।*

एजेंसी ▶▶ मुंबई

लेडी विलेन के रोल में रेजिना कैसांद्रा ने दर्शकों को काफी इंप्रेस किया है। ओपनिंग डे पर फिल्म ने सिंगल डिजिट में कमाई की, लेकिन दूसरे दिन इसकी कमाई में इजाफा हुआ।

आइए एक नजर डालते हैं जाट के शनिवार के कलेक्शन पर। शुक्रवार को एक वर्किंग डे वाले दिन गिरावट के बाद,जाट लगातार तेजी से बढ़ रहा है। इसने रविवार को अब तक की सबसे अच्छी सुबह की ऑक्यूपेंसी दर्ज की है। सैकनिल्क के अनुसार, गोपीचंद मालिनेनी के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने 11.67% की एडमिशन दर्ज की है, जो पिछले 24 घंटों में 42% की वृद्धि है। सनी देओल की फिल्म जाट का चौथे दिन का कलेक्शन वीकेंड होने की वजह से काफी तेजी से बढ़ रहा है। छुट्टी वाला दिन होने की वजह से फिल्म को इसका भरपूर फायदा मिल रहा है। इंडस्ट्री ट्रैकर सैकनिलक के मुताबिक फिल्म ने चौथे दिन अब तक 11.88 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है। फिलहाल ये शुरुआती आंकड़े हैं, जो बदल सकते हैं। शाम तक फाइनल आंकड़े आ जाएंगे। इसके मुताबिक फिल्म ने अब तक कुल 38.13 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है। फिल्म बहुत जल्द 40 करोड़ का कलेक्शन क्रॉस कर लेगी। जाट के बाद सनी देओल आमिर खान की फिल्म लाहौर 1947 में नजर आएंगे जिसमें उनके साथ प्रीति जिंटा होंगी।

### हॉलीवुड मसाला

## केटी ने भरी अंतरिक्ष की उड़ान



**लॉस एंजिलिस।** 14 अप्रैल को इतिहास रचा गया, जब पश्चिम टेक्सास से ब्लू ओरिजिन की पहली ऑल-वुमन स्पेस फ्लाइट अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरी। इस खास मिशन एनएस-31 का हिस्सा थीं दुनिया की छह दमदार महिलाएं, जिनमें पॉप सेंसेशन केटी पेरी, टीवी आइकन गेल किंग, पत्रकार लॉरेन सांचेज, नासा की रॉकेट वैज्ञानिक आयशा बोवे, बायोएस्ट्रोनॉटिक्स की शोधकर्ता अमांडा गुयेन, और फिल्ममेकर केरियन फ्लिन शामिल हैं।




## निक की गंभीर हालत में हुई इमरजेंसी सर्जरी...

**लॉस एंजिलिस।** हैरी पॉटर सीरीज में 'स्केबियर' का किरदार निभा चुके अभिनेता निक मोरन इन दिनों एक गंभीर स्वास्थ्य संबंधित परेशानी से जूझ रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्हें हाल ही में एक इमरजेंसी सर्जरी से गुजरना पड़ा है जिसमें उनकी जान को भी खतरा था। अभिनेता को फिलहाल आईसीयू में रखा जा रहा है। इस खबर के बारे में उनके करीबी दोस्त और अभिनेता टेरी स्टोन ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया था। अभिनेता के दोस्त ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि निक को इस हफ्ते एक इमरजेंसी ऑपरेशन के लिए अस्पताल ले जाया गया। हालत इतनी गंभीर थी कि डॉक्टरों ने आशंका जताई कि वह शायद दोबारा न चल सकें या बोल सकें। स्टोन ने आगे अपडेट देते हुए कहा, "निक की बड़ी सर्जरी हो चुकी है और अब वह आईसीयू में ठीक हो रहे हैं।



## फिल्म 'दायरा' में दिखेगी करीना

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर खान पिछले कुछ समय से पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में रही हैं। मगर अब एक्ट्रेस के फैंस के लिए खुशखबरी सामने आ रही। बेबो जल्दी ही एक क्राइम ड्रामा मूवी में लीड रोल प्ले करने वाली हैं। इस फिल्म के बारे में अभिनेत्री ने खुद अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए बताया है। पिछले कुछ वक्त से साउथ और हिंदी फिल्म का शानदार ताल-मेल देखने को मिल रहा है। कई साउथ के कलाकार हिंदी फिल्मों में शानदार काम कर रहे हैं। ऐसे ही बॉलीवुड के कई सितारों ने साउथ की फिल्मों में शानदार डेब्यू किया है। इस कड़ी में अब बेबो भी अपनी नई फिल्म में साउथ के मशहूर अभिनेता के साथ नजर आने वाले हैं। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर उनके साथ फोटो पोस्ट करते हुए फैंस की एक्साइटमेंट को बढ़ा दिया है।



## अमिताभ ने पूछा- फॉलोअर्स बढ़ाने का जुगाड़

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन का जलवा सिर्फ बड़े पर्दे तक सीमित नहीं है। उनकी आवाज, उनका अंदाज और उनकी सादगी दशकों से लोगों के दिलों पर राज कर रही है। सोशल मीडिया पर भी बिग बी का अलग ही रंग नजर आता है। वह अपने प्रशंसकों से हर दिन कुछ न कुछ साझा करते हैं, चाहे वह उनकी जिंदगी की छोटी-छोटी बातें हों या फिर उनके ब्लॉग के जरिए कोई खास संदेश। हाल ही में अमिताभ ने एक्स पर अपने फॉलोअर्स को लेकर एक मजेदार सवाल पूछा। उन्होंने लिखा, बड़ी कोशिश कर रहे हैं, लेकिन ये 49 मिलियन फॉलोअर्स का आंकड़ा बढ़ ही नहीं रहा। कोई तरीका हो तो बताइए। इस पोस्ट के बाद फैंस ने मजेदार और दिलचस्प जवाबों की बौछार कर दी। किसी ने उन्हें सलाह दी कि वह एलन मस्क की कंपनी के बनाए चैटबॉट ग्रोक का इस्तेमाल करें।

### टीवी मसाला



## जल्द ही दया भाभी को वापस लाने लगाऊंगा जोर

**मुंबई।** कॉमेडी शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा आज छोटे पर्दे के सबसे पॉपुलर सिटकॉम में से एक है। इस शो के सभी किरदार घर-घर में मशहूर हो गए, खासकर दयाबेन और जेठालाल। दयाबेन का किरदार दिशा वकानी ने निभाया था। वह 9 सालों तक शो का हिस्सा रहीं और दयाबेन के किरदार से लोगों को हंसाया। जब से दिशा वकानी ने तारक मेहता का उल्टा चश्मा छोड़ा है, फैंस उन्हें बहुत मिस करते हैं। अब असित मोदी ने फिर से दयाबेन के रूप में दिशा की वापसी पर बयान दिया है। एक लेटेस्ट इंटरव्यू में असित मोदी ने हिंट दिया है कि वह जल्द ही दयाबेन को लाएंगे। बातचीत में असित ने कहा, शो की लोकप्रियता आज भी बरकरार है। लोग शिकायत करते हैं कि दया भाभी के जाने के बाद से उन्हें शो पसंद नहीं आया और मैं भी इससे सहमत हूं। मैं जल्द ही दया भाभी को वापस लाऊंगा। लेखकों और अभिनेताओं की पूरी टीम दया भाभी की कमी को पूरा करने की पूरी कोशिश करती है। दया भाभी जल्द ही वापस आएंगी।

## नील ने शो की गिरती टीआरपी पर तोड़ी चुप्पी

**मुंबई।** गुम है किसी के प्यार में हमेशा से दर्शकों का पसंदीदा शो रहा है। हालांकि जब से सीरियल ने लीप लेकर कहानी में बदलाव किया। इसकी टीआरपी गिरती चली गई। दर्शकों ने कहानी में रुचि लेना बंद कर दिया।



अब नील की भूमिका निभा रहे परम सिंह ने इसपर चुप्पी तोड़ी है। परम सिंह ने इंडिया फोरम संग बात करते हुए कहा, "हां, रेटिंग में थोड़ा सुधार हुआ है। हालांकि, मैं अभी भी संतुष्ट नहीं हूं। मैं यही चाहता हूं कि यह टीआरपी रेस में ऊपर आ जाए, तभी हमारी कड़ी मेहनत रंग लाएगी। हमलोग काफी मेहनत कर रहे हैं। मुझे लगता है कि यह कोई बात नहीं हुई और ऐसा बोलना कि नए कलाकारों की वजह से टीआरपी चार्ट में गिरावट आई है, यह गलत है। कभी कभी कोई नई कहानी दर्शकों को तुरंत पसंद आ जाती है, कभी इसमें समय लग सकता है। इसलिए लिए चाहिए कि पूरी टीम मेहनत से काम करें। मैं केवल ईमानदारी और निष्ठा के साथ काम कर सकता हूं। बाकी, मुझे नहीं पता कि कार्यालयों में क्या हो रहा है।

## दीवार में सिर मारकर क्या होने वाला है


मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस नुसरत भरुचा इन दिनों अपनी नई रिलीज फिल्म 'छोरी 2' को लेकर सुर्खियों में छाई हुई हैं। प्राइम वीडियो की इस हॉरर-थ्रिलर फिल्म को दर्शक खूब प्यार दे रहे हैं। ऐसे में फिल्म की सफलता के बीच नुसरत भरुचा ने आयुष्मान खुराना स्टारर 'ड्रीम गर्ल 2' में अनन्या पांडे संग रिप्लेस होने को लेकर चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने बताया कि उन्हें इस बात का बहुत बुरा लगा है कि फिल्म के सीक्वल में सिर्फ एक्ट्रेस को ही बदला गया, बल्कि बाकी की पुरानी कास्ट लगभग वही थी।



नुसरत भरुचा ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बिना नाम लिए अपने ही सीक्वल में रिप्लेस होने पर बात की। एक्ट्रेस बोलीं, 'इससे मुझे और भी ज्यादा तकलीफ हुई जब मैं अपनी खुद की सीक्वल का भी हिस्सा नहीं रही। जब लड़की को छोड़कर हर दूसरा एक्टर वही था, जो मुझे अच्छा नहीं लगा। बस अच्छा नहीं है. लेकिन, ठीक है कोई इशू नहीं है। मैं आपके साथ ईमानदार रहूंगी। मैं किसी ऐसी चीज से नहीं लड़ सकती जिसके बारे में मुझे पता है कि वो किसी भी तरह से नहीं बदलने वाली है। जहां मुझे पता है कि कुछ नहीं है, मैं क्यों लड़ूं? मैं क्या कहने जा रही हूं? वे कहेंगे क्योंकि हम आपको नहीं चाहते। यही इसकी सच्चाई है, ये यहीं खत्म हो जाता है। आखिरकार ये किसी की पसंद है, है ना? मैं आपकी पसंद पर सवाल नहीं उठा सकती। दीवार में सर मारकर क्या होने वाला है? सर टूटेगा अपना। कोई बात नहीं, कहीं और दरवाजा बना लो, अपनी खिड़की बना, वहां से एक कदम आगे पीछे करलो, अंदर बाहर कर लो।'

## रीम के दमदार वापसी से फैंस भी खुश

**मुंबई।** लाफ्टर शेफ्स के सीजन 2 में निया शर्मा के बाद दो पुराने कंटेस्टेंट की एंट्री हो गई है, जो एक बार फिर अपनी कुकिंग स्किल्स से दर्शकों दिलों में अपनी जगह बनाएंगे। यह कंटेस्टेंट और कोई नहीं, बल्कि रीम समीर शेख और अली गोनी हैं। दोनों की शो में उनके दमदार वापसी से फैंस भी काफी खुश हैं। 6 साल की छोटी उम्र से एक्टिंग की दुनिया में चाइल्ड आर्टिस्ट के रूप में शामिल होने वाली एक्ट्रेस रीम समीर शेख ने कई टीवी शोज में अपनी जबरदस्त एक्टिंग से पॉपुलैरिटी हासिल की है। उन्होंने टीवी शो 'नीर भरे तेरे नैना देवी' से अपना एक्टिंग डेब्यू किया था. इस सीरियल में वह 'लक्ष्मी' के किरदार में नजर आई थीं।



## फैंस को दी विशु और पुथांडु की शुभकामनाएं...


*मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने आज सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने इंडियन ड्रेस में अपनी दो बोहतरीन तस्वीरें शेयर की हैं। इन्हीं तस्वीरों के साथ जान्हवी ने अपने फैंस को विशु और पुथांडु की शुभकामनाएं दी हैं और साथ ही एक लंबा नोट भी लिखा है। जान्हवी कपूर ने इंस्टाग्राम पर अपनी दो बेहतरीन तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह बेहद खूबसूरत दिख रही हैं। पहली तस्वीर में जान्हवी ट्रेडिश्नल साउथ इंडियन साड़ी में हैवी गोल्ड ज्वैलरी में सेल्फी लेजी नजर आ रही हैं। वहीं दूसरी तस्वीर में 'परम सुंदरी' अभिनेत्री लहंगे में बेहद खूबसूरत दिख रही हैं। जान्हवी कपूर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर दो तस्वीरों और वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, ''विशु और पुथांडु की शुभकामनाएं। मेरे मलयाली और तमिल परिवार, मुझे उम्मीद है कि आपका आने वाला साल प्यार, समृद्धि और खुशी से भरा होगा। आप लोगों ने हमेशा मुझे बहुत प्यार और प्रोत्साहन दिया है और मुझे अपना हिस्सा होने का एहसास कराया है- और यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है।' जान्हवी ने आगे लिखा, 'अगर मैं कम से कम आपकी मीठी मीठी भाषा में बात करने की कोशिश नहीं करती तो मैं उस विशेषाधिकार के लायक महसूस नहीं करती। तो यह मेरा प्रयास है। प्लीज मेरी गलतियों के लिए मुझे माफ करें। मैं अभी भी सीख रहा हूं, लेकिन जल्द ही वहां पहुंच जाऊंगी मैं वादा करती हूं।*



## मनोरंजन का डबल डोज, इस हफ्ते आएगी सीरीज और फिल्मों की बाढ़

## मनोरंजन का डबल डोज, इस हफ्ते आएगी सीरीज और फिल्मों की बाढ़

*मुंबई। कोरोना काल में ओटीटी प्लेटफॉर्म ने लोगों की बेरंग सी जिंदगी में रंग भरे। जब थिएटर में ताला लगा था, तब ओटीटी पर फिल्मों और सीरीज ने लोगों का इस कदर मनोरंजन किया कि आज यही प्लेटफॉर्म आम आदमी की जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुके हैं। बदलते समय के साथ लोगों को डबल मनोरंजन का साधन मिला। हर हफ्ते थिएटर में नई फिल्में रिलीज होती हैं, तो वहीं ओटीटी पर भी थ्रिलर से सस्पेंस, हॉरर और कॉमेडी अलग-अलग जॉनर की फिल्में-सीरीज आती हैं। अप्रैल के पहले हफ्ते में जाट से लेकर छावा तक कई फिल्में और सीरीज ओटीटी पर रिलीज हुई जिन्हें ऑडियंस ने बहुत ही चाव से देखा। अब दूसरे हफ्ते यानी कि 14 से लेकर 20 तारीख तक की रिलीज होने वाली फिल्मों और सीरीज की भी पूरी लिस्ट आ गई है, तो चलिए बिना देरी किए देख लेते हैं:-*




### केसरी चैप्टर 2

इस लिस्ट में सबसे पहला नाम अक्षय कुमार-अनन्या पांडे और आर माधवन की फिल्म 'केसरी चैप्टर 2' का है, जो थिएटर में दस्तक देगी। इस बार खिलाड़ी कुमार दुनिया के सामने अपनी फिल्म के माध्यम से जलियावाला बाग हत्याकांड का सच उजागर करते हुए दिखाई देंगे। फिल्म 18 अप्रैल को रिलीज होगी।



### लॉगआउट

इरफान खान के बेटे का सिक्का भले ही थिएटर में न चल सका हो, लेकिन ओटीटी प्लेटफॉर्म पर उन्हें अभिनय टैलेंट दिखाने का पूरा मौका मिल रहा है। उनकी फिल्म 'लॉगआउट' भी रिलीज के लिए तैयार है। ये एक ऐसे लड़के की कहानी है, जो एक सोशल इन्फ्लुएंसर है और एक के बाद एक माइलस्टोन अचीव कर रहा है। फिल्म 18 अप्रैल को रिलीज होगी।



### यमकाथागी

इस फिल्म की कहानी एक लड़की की है, जो एक शवगृह में बंद है और उस जगह को नहीं छोड़ना चाहती है। उसकी रहस्यमयी मौत के बाद एक इन्वेस्टीगेशन शुरू होती है। इस तमिल मूवी में, दीप दुरैराज, हरिथा, गीता कैलासम, रूपा कोडुवयूर, नरेंद्र प्रसाद, राजू राजप्पन और सुभाष रामसामी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म 14 अप्रैल को रिलीज हो गई है।



### खौफ

रजत कपूर, चुम दरांग, सुची मल्होत्रा और रिया शुक्ला स्टारर 'खौफ' का ट्रेलर कुछ दिनों पहले ही ऑडियंस के सामने आया है। ये एक हॉरर जॉर्नर की सीरीज है, जिसकी कहानी एक होस्टल रूम की है, जिसका हिंसा का एक इतिहास रहा है। जो लड़की उस कमरे में रहती है, उसकी लड़ाई अतीत के साथ-साथ कई ऐसी सुपरनैचुरल फोर्सेस से होती है, जो बहुत ही पावरफुल हैं। फिल्म 18 अप्रैल को रिलीज होगी।



### ओक्लाहोमा सिटी बॉम्बिंग: अमेरिकन टेरर

ये डॉक्यूमेंट्री फिल्म अल्फ्रेड पी मुर्रा फेडरल बिल्डिंग में हुए घरेलू आतंकवादी ट्रक बम ब्लास्ट पर केंद्रित है, जो 19 अप्रैल 1995 में ओक्लाहोमा सिटी, यूनाइटेड स्टेट पर बेस्ड है। ये उस घटनाक्रम को दर्शाती है, जहां 168 लोगों ने इस हादसे में अपनी जान गंवा दी थी। फिल्म 18 अप्रैल को रिलीज होगी।



### जेंटलवुमन

ये एक तमिल भाषा में बनी फिल्म है, जिसकी कहानी एक ऐसे व्यक्ति की है, जो अचानक ही गायब हो जाता है। उस शख्स के गायब होने के बाद ये पता चलता है कि उसका अफेयर अपनी एक क्लाइंट के साथ था। जैसे-जैसे जांच पड़ताल बढ़ती है, उस आदमी की पत्नी और दूसरी महिला के बीच तनाव पैदा हो जाता है। फिल्म में लिजोमोल जोस, लोसलिया मरियानेसन मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म 14 अप्रैल को रिलीज हो गई है।

# मप्र के 50% गांवों तक सहकारिता-डेयरी गतिविधियों का विस्तार आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि राज्यों में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां (पैक्स) के कंप्यूटराइजेशन का कार्य चल रहा है। इसमें मप्र देश में प्रथम स्थान पर है। मप्र में शत-प्रतिशत उपलब्धि की सराहना की। उन्होंने कहा कि मप्र में साढ़े 5 करोड़ लीटर दूध का उत्पादन होता है, जो देश के कुल उत्पादन का 9 प्रतिशत है। प्रदेश में सुशासन का दौर चल रहा है, यह सहकारिता को जीवंत करने का स्वर्णिम अवसर है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री शाह रविवार को भोपाल के रविन्द्र भवन में राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री शाह और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और मध्यप्रदेश डेयरी फेडरेशन के मध्य अनुबंधों का आदान प्रदान हुआ। कार्यक्रम में मुख्य सचिव अनुराग जैन, केंद्रीय सहकारिता सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी, प्रमुख सचिव सहकारिता अशोक बर्णवाल और अपर मुख्य सचिव पशुपालन उमाकांत उमराव उपस्थित थे।

## राजधानी आए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री शाह, राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन को किया संबोधित



### प्रदेश के किसानों के साथ चट्टान की तरह खड़ी है केंद्र सरकार

शाह ने कहा कि प्रदेश के किसानों के साथ केन्द्र सरकार चट्टान की तरह खड़ी है। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के साथ मिलकर कम से कम 50 प्रतिशत गांवों तक सहकारिता और डेयरी गतिविधियों का विस्तार आवश्यक है। इसके लिए नीति निर्माण और प्लानिंग भी करना होगी। केन्द्र सरकार की ओर से वित्तीय सहयोग भी उपलब्ध कराया जाएगा। प्रदेश में दुग्ध उत्पादन और उसकी प्रोसेसिंग से विभिन्न उत्पाद निर्मित कर किसानों की आय बढ़ाने की ओर एनडीडीवी और राज्य सरकार एक साथ अग्रसर होंगे। यह रास्ता अभी टू-लेन है, जिसे 6 लेन में विस्तारित करना होगा।

### देश में दूध की शहरी मांग 1 करोड़ 20 लाख लीटर प्रति दिन

प्रदेश के केवल 17 प्रतिशत गांवों में ही दूध कलेक्शन की व्यवस्था है। आज के अनुबंध के बाद प्रदेश के 83 प्रतिशत गांवों तक सहकारिता की पहुंच बढ़ेगी। पहले साल इसे 50 प्रतिशत पहुंचाने का लक्ष्य रखना चाहिए। अभी तो राज्य में सिर्फ 7 हजार दूध समितियां हैं। देश में दूध की शहरी मांग 1 करोड़ 20 लाख लीटर प्रति दिन है। मप्र सरकार को अपने लक्ष्य नए सिरे से तय करने चाहिए। गांवों की संख्या बढ़ानी चाहिए। एनबीडीडी के साथ मिलकर पहले वर्ष में कम से कम 50 प्रतिशत गांवों तक दूध डेयरी को विस्तारित करना चाहिए। यह रास्ता अभी टू लेन है, इसे 6 लेन बनाना है। कार्यक्रम में चिह्नित पैक्स के व्यवसाय वृद्धि के लिए स्वीकृत ऋण पत्र दिए गए।

### किसान क्रेडिट कार्ड का हुआ वितरण

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रतलाम ने पैक्स बांगरोद को धर्मकांटा स्थापना के लिए 15 लाख रुपए का प्रोजेक्ट ऋण वितरण और जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मंडला में पैक्स मेंहदवानी को कोदो-कुटकी की ग्रेडिंग प्लांट स्थापना के लिए 60 लाख रुपए का प्रोजेक्ट ऋण दिया गया। इसी प्रकार राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम नक पैक्स गोगांवा जिला खरगौन को सुपर मार्केट के लिए 120 लाख रुपए का प्रोजेक्ट ऋण पत्र दिया गया।

### सीपीपीपी के अंतर्गत हुए अनुबंध

*केंद्रीय मंत्री शाह और मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में सीपीपीपी के तहत मेजेस्टिक ग्रुप मंडीदीप के प्रबंध संचालक विज्ञान लोढ़ा ने पैक्स घाट पिपरिया जिला रायसेन के समिति प्रबंधक भास्कर शर्मा के साथ पूसा बासमती धान के प्रोक्योरमेंट एवं कल्टीवेशन के लिए अनुबंध का निष्पादन हुआ। इसके साथ ही मैसर्स मशरूम वर्ल्ड अम्ब्रेला लिमिटेड के प्रबंध संचालक समीर सागर ने पैक्स सलामतपुर जिला रायसेन के समिति प्रबंधक कुंवर सिंह दांगी के साथ नेपियर घास के कल्टीवेशन के लिए अनुबंध किया। केंद्रीय मंत्री शाह ने कार्यक्रम में चिन्हित पैक्स के व्यवसाय वृद्धि के लिये स्वीकृत ऋण पत्र भी वितरित किए। इसमें जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक रतलाम ने पैक्स बांगरोद को धर्मकांटा स्थापना के लिए 15 लाख रुपए का प्रोजेक्ट ऋण वितरण और जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मंडला से पैक्स मेंहदवानी को कोदो-कुटकी की ग्रेडिंग प्लांट स्थापना के लिए 60 लाख रुपए का प्रोजेक्ट ऋण प्रदान किया गया। इसीप्रकार राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम ने पैक्स गोगांवा जिला खरगौन को सुपर मार्केट के लिए 120 लाख रुपए का प्रोजेक्ट ऋण प्रदान किया गया। दुग्ध सहकारी संस्था टीलाखेड़ी जिला भोपाल के सचिव महेश वर्मा को माइक्रो एटीएम और पैक्स सांकलखेड़ा खुर्द के कृषक यश रघुवंशी को किसान क्रेडिट कार्ड प्रदान किया गया। पैक्स सुसनेर जिला आगर-मालवा के समिति प्रबंधक पुष्पेन्द्र सिंह पेट्रोल पंप आवंटन का एलओआई दिया गया। साथ ही जन औषधि केन्द्र पैक्स कुआं जिला कटनी के समिति प्रबंधक अजय कुमार नायक को ड्रग लाइसेंस प्रदान किया गया।*

---

## विक्रमोत्सव के दौरान सीएम ने किया एमपी टूरिज्म पेवेलियन और प्रदर्शनी का किया अवलोकन

# संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के साथ करेंगे प्रदेश का विकास

सीएम बोले- भगवान राम के बाद विक्रमादित्य का काल विनम्रता से शासन करना सिखाता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विरासत के विकास के संकल्प को लेकर दिल्ली में विक्रमोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश की संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के साथ विकास की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सम्राट विक्रमादित्य ने शक और हूण जैसे आक्रांताओं को परास्त कर सुशासन स्थापित किया। भगवान राम के बाद सम्राट विक्रमादित्य का काल विनम्रता से शासन करना सिखाता है। सम्राट विक्रमादित्य जैसे महानायक इतिहास नहीं बनते, इतिहास बनाते हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बात दिल्ली के लाल किले में विक्रमोत्सव के दौरान चित्र प्रदर्शनी और एमपी पेवेलियन के अवलोकन के दौरान मीडिया से कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में सम्राट विक्रमादित्य के महानाट्य के मंचन के साथ सरकार की जनहितैषी और कल्याणकारी योजनाओं, संस्कृति और पर्यटन की जानकारी के साथ प्रदेश में निवेश के अवसरों को प्रदर्शित किया जा रहा है। इस मौके पर मुख्यमंत्री के साथ उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, राजेंद्र शुक्ल, संस्कृति और पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी के साथ गणमान्य लोग मौजूद थे।



### सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य का समापन 14 अप्रैल को

*विक्रमोत्सव के तहत सम्राट विक्रमादित्य पर दिल्ली में महानाट्य के महामंचन के समापन अवसर पर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। सांस्कृतिक अभ्युदय से समृद्धि पथ पर अग्रसर मप्र के थीम पर गत 12 अप्रैल से विक्रम संवत के प्रवर्तक सम्राट विक्रमादित्य के महानाट्य आयोजित किया जा रहा है। 14 अप्रैल को भी महानाट्य का मंचन माधवदास पार्क लाल किला दिल्ली में शाम 7 बजे से 9 बजे तक होगा। इस अवसर पर आर्ष भारत, मध्यप्रदेश में पर्यटन तथा मप्र के व्यंजनों को भी प्रदर्शित किया गया है।*

### लोकव्यापी विस्तार के प्रयासों पर केंद्रित प्रदर्शनियों में पहुंचे सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विक्रमादित्य क्रालीन पुरातात्विक मुद्रा मुद्रांक, बृहत्तरभारत के सांस्कृतिक वैभव, मप्र में पर्यटन की संभावनाओं, प्रदेश में निवेश तथा रोजगार सृजन के अवसरों में लोकव्यापी विस्तार के प्रयासों पर केंद्रित प्रदर्शनियो का अवलोकन किया। एमपी पेवेलियन के अवलोकन के दौरान डिंडोरी की गोंड पेंटिंग, स्थानीय कला बाग प्रिंट की साड़ियों, लड़की के खिलौनों, जरी जरदोजी कला, टेराकोटा कला के कलाकारों से परिचय लिया। उनके उत्पादों के बारे में जानने के साथ कलाकारों का उत्साहवर्धन भी किया। कलाकारों ने मुख्यमंत्री को सम्मानस्वरूप गोंड पेंटिंग, जरी जरदोजी फोटो फ्रेम भेंट किया। साथ ही प्रदेश के पर्यटन स्थलों के साथ स्थानीय संस्कृति और कला को प्रदर्शित करते एमपी टूरिज्म पेवेलियन की सराहना की।

### मुख्यमंत्री ने कलाकार संतोष से उत्पाद खरीद कर बढ़ाया हौसला



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अवलोकन के दौरान मंडला से खजूर शिल्प के उत्पादों का भी अवलोकन किया। कलाकार संतोष खड़से ने अपने उत्पादों के बारे में मुख्यमंत्री को बताया कि खजूर की पत्तियों से सजावट और घरेलू उपयोग के लगभग 200 डिजाइन और उत्पादों को बनाया जाता है। मुख्यमंत्री के प्रयासों से ही उसके उत्पादों का राजधानी दिल्ली में प्रदर्शित और बिक्री होना संभव हो पाया है। मुख्यमंत्री ने कलाकार खड़से की कला की सराहना की और स्वयं एक पुष्प खरीदते हुए एक हजार रुपए उत्साहवर्धन स्वरूप दिए। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्रिमंडल और दिल्ली के मंत्रि-परिषद के सदस्यों का विक्रमोत्सव में भाग लेकर हौसला बढ़ाने के लिए आभार माना।

---

## सीएम ने श्वेतांबर जैन कांफ्रेंस के शपथ समारोह को किया वर्चुअली संबोधित



# भगवान महावीर का अहिंसा परमो धर्म का संदेश सदैव रहेगा प्रासंगिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भगवान महावीर का अहिंसा परमो धर्म का संदेश सभ्यता के प्रारम्भ से ही प्रासंगिक रहा है और भविष्य में भी रहेगा। महावीर स्वामी की शिक्षाएं हमें शांति, सद्भाव और आपसी समझ की राह दिखाती हैं। हम /"जियो और जीने दो/" सिर्फ कहने के लिए नहीं कहते इसे आत्मसात कर जीवन में भी उतारते हैं। उन्होंने कहा कि जैन कल्याण बोर्ड की घोषणा राज्य सरकार की ओर से की गई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव इंदौर में आयोजित ऑल इंडिया श्वेतांबर स्थानकवासी जैन कांफ्रेंस के शपथ विधि समारोह को मुख्यमंत्री निवास से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्र ने कहा है कि जैन समाज /"जियो और जीने दो/" के सिद्धांत का जिस प्रतिबद्धता से पालन करता है वह अनुकरणीय है। सत्य, अहिंसा, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह जैसे जीवन के मूल सिद्धांतों के साथ जीवन जीने की प्रेरणा हमें महावीर स्वामी और शेष तीर्थंकरों के माध्यम से प्राप्त होती है। जीव मात्र पर दया के संकल्प का जैन समाज की ओर से अनुसरण सराहनीय है। जैन धर्म हमें अनुशासित रहकर सेवा करने की सीख देता है।

### सभी के कल्याण और प्रकृति के उत्थान का मार्ग प्रशस्त करते हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में महावीर जयंती पर विश्व नवकार महामंत्र के माध्यम से समस्त संसार के कल्याण की प्रार्थना की गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस अवसर पर दिए गए नए संकल्प वर्तमान परिस्थितियों में सभी के कल्याण और प्रकृति के उत्थान का मार्ग प्रशस्त करते हैं। कार्यक्रम में कांफ्रेंस के अध्यक्ष हुलास बेताला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकेश राका, कोषाध्यक्ष राजेश झामा और प्रांतीय महामंत्री पीयूष जैन उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री आज महू में आम्बेडकर जयंती उत्सव में होंगे शामिल

*भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के जयंती उत्सव पर 14 अप्रैल को डॉ. आंबेडकर नगर महू में उनकी जन्मस्थली स्मारक पर होने वाले कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री सुबह 11 बजे भीम जन्म भूमि पधार कर सर्वप्रथम डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा को नमन करेंगे। इसके बाद अस्थि कलश पर पुष्प वर्षा का बुद्ध वंदना में शामिल होंगे। साथ ही भन्ते धर्मशील जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे।*

---

## सीएम ने दिए चार लाख की सहायता के निर्देश



# गड्ढे में डूबने की घटना के बाद गुस्साए लोगों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

गुढ़ियारी में पिछले दिनों गड्ढे में गिरने से मासूम की मौत के बाद गुस्साए स्थानीय निवासियों ने नगर प्रशासन के खिलाफ जमकर आक्रोश जताया। घटना से आक्रोशित लोगों ने नगर निगम के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। प्रदर्शनकारियों ने निगम का पुतला फूंककर मुर्दाबाद के नारे लगाए। मामले में जांच की मांग की है।

रायपुर पश्चिम विधानसभा के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय भी लोगों के समर्थन में धरना पर बैठे रहे। आक्रोशित कालोनी वासियों ने रामनगर में आवाजाही बंद कर दी है। सूचना पर कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा मौके पर निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान स्थानीय लोगों उनका जमकर विरोध किया। इस दौरान जिस गड्ढे में डूबकर बच्चे की मौत हुई थी उस गड्ढे में एक व्यक्ति कूद गया, जिसे फौरन बाहर निकाला गया। लोगों ने गुलमोहर पार्क के सामने सड़क पर बैठकर नारेबाज़ी की। निगम आयुक्त के नाम सात सूत्रीय मांगों का ज्ञापन भी सौंपा। इस पर निगम की ओर से सात दिन के भीतर इन मांगों को पूरा करने का आश्वासन देने के बाद चक्काजाम खत्म किया गया। बता दें कि यह घटना गुढ़ियारी के रामनगर में नगर निगम की लापरवाही के चलते हुई थी।

### घायल बच्चों की निगरानी के निर्देश दिए

सीएम साय ने दिव्यांश की मौत पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने शोकाकुल परिवार को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। सीएम साय ने



रायपुर जिला प्रशासन और रायपुर नगर पालिक निगम के अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों को दो घायल बच्चों की निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। डॉक्टर्स ने कहा कि, दोनो बालकों के स्वास्थ्य में निरंतर सुधार हो रहा है। इधर घटना के बाद महापौर मीनल चौबे ने सभी बीएसयूपी और प्रधानमंत्री आवास योजना की कॉलोनियों और अन्य निगम परिसर के सैप्टिक टैंक और सम्पवेल के मेनहोल को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अगले 24 घंटे में दौरान ढकने की के निर्देश दिए हैं जिससे फिर कोई अप्रिय घटना न घटे। वहीं नगर निगम रायपुर के सभी 10 जोनों के जोन कमिश्नरों को अगले 24 घंटे के दौरान सभी बीएसयूपी और सैप्टिक टैंक और सम्पवेल के मेनहोल को ढकने के निर्देश दिए हैं।

---

## व्यापारियों में डर का माहौल, त्वरित कार्रवाई की मांग

# असामाजिक तत्वों ने दुकानों में लगाई आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

छत्तीसगढ़ के भाटापारा में असामाजिक तत्वों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। बीती रात को शहर थाना से कुछ ही दूरी पर स्थित एक चाय की दुकान को अज्ञात लोगों ने आग के हवाले कर दिया। वहीं कुछ दिन पहले ही गन्ने की दुकान को भी इसी तरह जला दिया गया था। लगातार हो रही घटनाओं से व्यापारियों और आम नागरिकों में भय का माहौल है। चाय दुकान के संचालक अनूप दुबे ने बताया कि, वह रात करीब 10 बजे अपनी दुकान बंद कर घर चले गए थे।

कुछ देर बाद उन्हें सूचना मिली कि उनकी दुकान में आग लग गई है। जब वे मौके पर पहुंचे, तो देखा कि दुकान का ताला टूटा हुआ है और अंदर आग लगी हुई थी। उन्होंने तुरंत स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन तब तक दुकान में रखा काफी सामान जल चुका था। सप्ताहभर के भीतर शहर थाना से कुछ ही दूरी पर दो दुकानों में आगजनी की घटनाओं ने पुलिस गश्त पर सवाल खड़े कर दिए हैं।



### गंभीरता से हो पुलिस की रात्रि गश्त

*नागरिकों ने कहा कि, अगर पुलिस की गश्त सक्रिय होती, तो ऐसी घटनाओं को रोका जा सकता था। व्यापारी वर्ग ने इन घटनाओं की कड़ी निंदा करते हुए प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच कर रही है, जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा। फिलहाल शहर में दहशत का माहौल है। व्यवसाय की सुरक्षा को लेकर व्यापारी चिंतित हैं। लगातार हो रही वारदातों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि, असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हैं।*

---

## मप्र कर्मचारी संघ ने सरकार को दिया धन्यवाद

# कर्मचारी की मृत्यु होने पर मिलेगी एक लाख 25 हजार अनुग्रह राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य सरकार ने शासकीय सेवक की मृत्यु होने पर अनुग्रह राशि में 75 हजार रुपए की वृद्धि की है। अब मृत्यु होने पर एक लाख 25 हजार रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी।

मप्र कर्मचारी मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया है कि राज्य सरकार पहले शासकीय सेवक की मृत्यु होने पर मात्र 50 हजार रुपए की अनुग्रह राशि का भुगतान करती थी, लेकिन अब राज्य सरकार ने शासकीय सेवक की मृत्यु होने पर अनुग्रह राशि 50 हजार के स्थान पर 75 हजार रुपए की वृद्धि करते हुए एक लाख 25 हजार स्वीकृत की है, जो शासकीय सेवक की मृत्यु होने पर तत्काल उसके परिवार को दाह संस्कार करने के लिए दी जाएगी।

मप्र कर्मचारी मंच ने सरकार के अनुग्रह राशि की वृद्धि करने के निर्णय पर सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया है साथ ही मांग करी है कि अनुग्रह राशि अनियमित कर्मचारियों की मृत्यु होने पर भी दाह संस्कार करने के लिए दी जाए।

---

## वर पक्ष पर लगाया जबरन दहेज मांगने और मारपीट करने का आरोप

# शादी में मनमाना दहेज नहीं मिला तो लौटाई बारात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कबीरधाम

जिले में शादी के दिन दहेज में कार की मांग पूरी नहीं होने पर दूल्हे और उसके परिवार ने फेरे रुकवा दिए। इसके बाद वह बारात वापस ले गए। लड़की की रिपोर्ट पर पुलिस ने दूल्हे सहित अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह मामला कबीरधाम जिले के बोड़ला थाना क्षेत्र के एक गांव का है।

आरोपी दूल्हे का नाम भगवान दास मानिकपुरी है, जो सीआरपीएफ के कोबरा बटालियन का जवान है और झारखंड में पदस्थ है। इसके अलावा दूल्हा के परिवार के घुरवादास मानिकपुरी, मोनुदास मानिकपुरी समेत अन्य लोगों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। मिली जानकारी अनुसार, जिले के पांडातराई थाना क्षेत्र के ग्राम चारभांठा निवासी आरोपी दूल्हा भगवान दास मानिकपुरी के साथ लड़की की 26 नवंबर 2024 को सगाई हुई थी। इसके बाद 11 अप्रैल को विवाह की तारीख तय हुई। सगाई के बाद से भगवान दास के साथ लड़की मोबाइल से बात करती थी।




### दूल्हे पक्ष पर मारपीट का भी आरोप

इस पूरे घटनाक्रम को लेकर लड़की ने अपने परिवार के लोगों को बताया। लड़की के परिवार के लोगों ने दूल्हा और उसके परिजन से बात की, जिसपर कार की डिमांड की गई। विवाद बढ़ता गया और दूल्हा पक्ष ने मारपीट की। दूल्हे ने शादी नहीं करने की बात को लेकर बारात को वापस ले गया। फिलहाल, इस मामले में लड़की के आवेदन पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। सोमवार तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई। पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई की बात कही है।

### फोन पर बातचीत के दौरान भी मांगता था दहेज

*इस दौरान आरोपी भगवान दास दहेज में कार समेत अन्य सामान के संबंध में बोलते रहता था। तुम्हारे घर के लोग बहुत संपन्न है। मुझे कार, एसी, सोने चांदी के जेवर आसानी से दे सकते हैं, बोलता था। लड़की ने इसे मजाकिया तौर में बात कर रहे हैं, सोचकर टालती रहती थी। भगवान दास द्वारा दहेज में कार के लिए बार-बार बोलने की बात को लड़की ने अपने परिवार वालों को बताई। 11 अप्रैल को जब बारात लड़की के घर पहुंची तो दूल्हे को दहेज में कार नहीं दिखी, जिस पर उसने लड़की से जानकारी ली तो पता चला कि कार के एवज में स्कूटी दी जा रही है। इस पर दूल्हा ने लड़की के साथ विवाद शुरू कर दिया और मारपीट की।*

# नहीं हुई मेडिकल इमरजेंसी इसलिए तीन लाख आबादी 'आयुष्मान' से दूर, कार्ड बनाने नहीं ले रही दिलचस्पी

**मेडिकल इमरजेंसी होने पर अस्पतालों में पचास हजार से पांच लाख तक के निशुल्क उपचार की सुविधा दिलाने वाला आयुष्मान कार्ड बनवाने में लोग दिलचस्पी नहीं ले रहे है। रायपुर जिले में अभी करीबन तीन लाख आबादी का कार्ड बनाना बाकी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा तमाम अस्पतालों, च्वाइस सेंटर के साथ मोबाइल पर स्वंय कार्ड बनाने की सुविधा दे रही है बावजूद इसके लोग इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अलग खबर

रायपुर जिले में राशनकार्डधारी परिवार की संख्या करीब 6 लाख है। इसमें शामिल प्रत्येक सदस्यों का आयुष्मान कार्ड बनाना है, स्वास्थ्य विभाग की टीम को काफी हद तक सफलता मिल चुकी है इसके बाद भी करीब तीन लाख लोग इस पर दिलचस्पी नहीं दिखा है। योजना के तहत शत-प्रतिशत लोगों को हितग्राही बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग का अमला काफी गंभीर है और इसके लिए नियमित रूप से समीक्षा का दौर चल रहा है। इसके लिए स्वंय जिला पंचायत के सीईओ दिलचस्पी दिखा रहे हैं। प्रतिदिन योजना से संबंधित कार्यों की समीक्षा कर विभागीय अमले को कार्ड बनाने का लक्ष्य शत प्रतिशत पूरा करने पर जोर दे रहे हैं। अधिकारिक सूत्रों का कहना है कि 95 फीसदी से ज्यादा लोगों ने अपना कार्ड बना लिया है। जिनके कार्ड अब तक नहीं बन पाए हैं उसमें ज्यादातर लोग ऐसे हैं जो कार्ड बनवाने में स्वंय दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं इसका मुख्य कारण मेडिकल इमरजेंसी का नहीं होना है इसके अलावा कार्ड बनाने वाले केंद्रों तक पहुंचने में विभिन्न कारणों से उनकी व्यवस्तता को भी माना जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न शिविर के साथ अस्पतालों और च्वाइस सेंटरों में कार्ड बनाने की सुविधा दी जा रही है। मोबाइल पर भी कुछ प्रक्रियाओं को पूरा कर स्वंय आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा भी प्रदान की गई है।

## अस्पताल, च्वाइस सेंटर के साथ मोबाइल पर स्वयं कार्ड बनाने की सुविधा फिर भी लोग पीछे

### 50 हजार से 5 लाख की सुविधा

वर्तमान में एपीएल राशन कार्डधारियों को 50 हजार तथा बीपीएल कार्डधारकों को 5 लाख तक उपचार की सुविधा दी जाती है। इसके साथ ही हाल ही में 70 साल से अधिक आयु वाले लोगों को वय वंदना योजना के तहत 5 लाख तक के व्यक्तिगत उपचार की सुविधा दी जा रही है। जानकारी के अभाव में सीनियर सिटीजन द्वारा भी यह कार्ड बनाने के लिए सामने नहीं आ रहे हैं।



### लगातार प्रयास जारी

आयुष्मान कार्ड बनाने के लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूरा करने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। कार्ड बनाने विभिन्न स्थानों पर सुविधाएं दी जा रही है।


-डॉ. मिथिलेश चौधरी, सीएमएचओ




# राकेश पांडे ने संभाला छग ग्रामोद्योग बोर्ड अध्यक्ष का पदभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष का पदभार राकेश पांडेय ने सोमवार को ग्रहण किया। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम सांइस कालेज परिसर रायपुर में शाम 4 बजे आयोजित कार्यक्रम में पदभार ग्रहण किया। पदभार व अभिनंदन समारोह के बाद नवनियुक्त अध्यक्ष पांडेय समारोह में पुनर्गठित राष्ट्रीय बांस मिशन अंतर्गत हितग्राहियों को टूल वितरण भी किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रहे। अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमनसिंह ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री अरूण साव, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, मंत्री रामविचार नेताम, मंत्री दयालदास बघेल, मंत्री केदार कश्यप, मंत्री लखनलाल देवांगन, मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, मंत्री लक्ष्मी राजवाडे, मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, सांसद विजय बघेल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण सिंह देव, विधायक राजेश मूणत, विधायक सुनील सोनी, विधायक पुरंदर मिश्रा, विधायक मोतीलाल साहू, विधायक ललित चंद्राकर, विधायक गजेन्द्र यादव, विधायक रिकेश सेन, विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, विधायक दीपेश साहू, विधायक ईश्वर साहू व महापौर मीनल चौबे उपस्थित रहे।



## आरंग, अभनपुर, तिल्दा की सोसायटियों में धान की कमी

# उपार्जन केंद्रों में सूखा धान, अब शार्टेज बताकर वसूली, प्रबंधक जा रहे हाईकोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

**छत्तीसगढ़ में खरीफ सीजन 2024-25 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सहकारी सोसायटियों के माध्यम से खरीदे गए धान में सूखत का मामला अब सोसायटी संचालकों के लिए गले की हड्डी बन गया है। जिन सोसायटियों में धान सूखने से वजन में कमी आई है, वहां प्रबंधकों से धान या उसकी कीमत अदा करने का दबाव डाला जा रहा है। ऐसा नहीं करने पर एफआईआर कराने की चेतावनी भी दी गई है। कार्रवाई के डर से रायपुर जिले में आरंग, अभनपुर, और तिल्दा ब्लॉक की दो दर्जन सोसायटियां हाईकोर्ट में पंहुची हैं।**

खास खबर

अकेले रायपुर जिले की ही बात की जाए तो यहां के तीन ब्लॉक आरंग, अभनपुर और तिल्दा में धान खरीदने वाली सोसायटियों पर लाखों रुपए की वसूली निकली है। बताया गया है कि धान के वजन में कमी के आधार पर 2300 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से वसूली के लिए नोटिस दिए गए हैं। एक सोसायटी में सबसे कम 90 क्विंटल से लेकर 600 क्विंटल तक की कमी पाई गई है। इस हिसाब से कई सोसायटियों पर दो लाख से लेकर 14 लाख रुपए तक का बकाया निकल रहा है।

### सूखत है शार्टेज नहीं

इस संबंध में सोसायटी प्रबंधकों का कहना है कि जिस धान खरीदी के बाद महीनों तक उपार्जन केंद्रों में पड़ा रहा। गर्मी की वजह से धान सूखा है, लेकिन मार्कफेड उसे शार्टेज बताकर वसूली कर रहा है। यह लिमिट जल्द ही न केवल पार हो गई, चार पांच गुना हो गई, धान का परिवहन नहीं हुआ। इसी दौरान मिलरों की हड़ताल की वजह से धान का उठाव नहीं हुआ। जब धान खरीदी गया था, तब उसमें नमी 17 प्रतिशत मान्य की गई। उठाव के समय गर्मी की वजह से धान सूखा और वजन कम हुआ। ये सूखत है, शार्टेज नहीं।



**केस की सुनवाई 28 को:** रायपुर जिले के आरंग, अभनपुर और तिल्दा क्षेत्र की सोसाटियों के करीब 26 मामले हाईकोर्ट में गए हैं। बताया गया है कि अभनपुर नवापारा क्षेत्र के प्रकरण में 28 अप्रैल को हाईकोर्ट में सुनवाई की तारीख तय है। दूसरी ओर मार्कफेड ने पहले ही साफ किया है कि धान की कमी की वसूली सोसायटी से की जाएगी। इसका नियम पहले ही तय है।

### एफआईआर और नौकरी जाने का डर

इस पूरे मामले को लेकर सोसायटी संचालक भारी परेशानी में हैं। सबसे बड़ा डर एफआईआर को लेकर है। यह होने पर गिरफ्तारी का डर है। कुछ सोसायटी प्रबंधक सेवामुक्ति यानी नौकरी जाने की आशंका से भयभीत हैं। यही कारण है कि कुछ सोसायटी संचालकों ने इधर-उधर से धान लेकर जमा करने का भी प्रयास किया, लेकिन जहां मामला लाखों रुपए के सैकड़ो क्विंटल धान का है, वहां आर्थिक परेशानी भारी पड़ रही है। यही कारण है कि कार्रवाई से बचने अब सोसायटी प्रबंधक हाईकोर्ट जा रहे हैं।

## तेन्दूपत्ता बोनस घोटाला मामला

# आरोप सही होता तो छापा में केवल 72 हजार मिलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

पिछले 10 सालों से शांति की बात कर रहा हूं। माओवादियों को लंबे समय से हथियार डालने और बस्तर में शांति लाने आव्हान कर मुख्यधारा में आने की बात कह रहा हूं। माड़ डिवीजन कमेटी का पत्र मुझे मिला है। 8 अप्रैल को 9 महीने पहले बस्तर के बड़े नक्सली नेताओं से मैंने शांति की अपील की थी तब उन्होंने हथियार डालने से इंकार कर दिया था। यह बातें आदिवासी नेता, पूर्व विधायक एवं बस्तरिया राज पार्टी के अध्यक्ष मनीष कुंजाम ने कही। प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा तेन्दूपत्ता बोनस घोटाला मामले में आदिवासियों की आवाज को दबाने और बदले की भावना से एसीबी व ईओडब्लू की छापा मारा जा रहा है। आरोप सही होता तो केवल 72 हजार मिलता। तेन्दूपत्ता बोनस घोटाला के असली गुनाहगार को छुपाने का प्रयास किया जा रहा है।



### आज सुकमा बंद का आव्हान

बस्तरिया राज पार्टी के रामा सोढ़ी ने कहा कि मनीष कुंजाम के निवास पर एसीबी और ईओडब्लू की छापा के विरोध में 15 अप्रैल को सुकमा जिला बंद का आव्हान किया गया है। वहीं 16 अप्रैल को जंगी विरोध भी किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि कहीं न कहीं मनीष कुंजाम की छवि को धूमिल करने यह छापा मारा गया है।

# एनएसई ने पार किया 22 करोड़ निवेशक खातों का आँकड़ा

**जबलपुर**। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया ने अप्रैल 2025 में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की, जब निवेशकों के कुल खाते यानि यूनिक क्लाइंट कोड्स (यूसीसी) की संख्या 22 करोड़ के पार पहुँच गई। खास बात यह रही कि अक्टूबर 2024 में 20 करोड़ के आँकड़े को पार करने के बाद सिर्फ छह महीनों में ही कंपनी तेज़ी से यह महत्वपूर्ण बढ़त हासिल करने में सफल रही है। वहीं, 31 मार्च, 2025 तक यूनिक रजिस्टर्ड निवेशकों की संख्या 11.3 करोड़ दर्ज की गई, जो कि 20 जनवरी, 2025 को ही 11 करोड़ का आँकड़ा पार कर चुकी थी। श्री श्रीराम कृष्णन, चीफ बिज़नेस डेवलपमेंट ऑफिसर, एनएसई, ने कहा, "भारत में निवेशकों की संख्या काफी तेज़ी से बढ़ रही है।




# मप्र के हजारों छात्र हुए एलन चाइल्ड जीनियस परीक्षा में शामिल, खासा उत्साह देखने को मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट की ओर से मध्यप्रदेश की प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के लिए चाइल्ड जीनियस एप्टीट्यूड परीक्षा का आयोजन हुआ। परीक्षा के प्रति विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला, पूरे मध्यप्रदेश में हजारों विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। एलन पीएनसीएफ हेड विशाल केजरीवाल ने बताया कि मध्यप्रदेश के कक्षा 5 से 10 तक के विद्यार्थियों के लिए यह परीक्षा हुई। परीक्षा ऑफलाइन मोड में 2 घंटे की रही।

परीक्षा में इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, उज्जैन, मुरैना, मोहनखेड़ा, बुराहनपुर, मंडलेश्वर सहित मध्यप्रदेश में एलन सेंटर्स पर पूरे मध्यप्रदेश से पहुंचे विद्यार्थी शामिल हुए। परीक्षा में कक्षा 10 के विद्यार्थियों के लिए 30 दिन का बोर्ड मास्टर स्ट्रोक कोर्स, कक्षा 5 से 9 तक के विद्यार्थियों के लिए 15 दिन की मेंटल एबिलिटी वर्कशॉप, शो अन्य को पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट दिए जाएंगे। केजरीवाल ने बताया कि परीक्षा का परिणाम जल्द जारी किया जाएगा। परिणामों में प्रदर्शन करने वाले सर्वश्रेठ 204 विद्यार्थियों को 6.5 लाख रुपए के कैश प्राइज दिए जाएंगे। इसके अलावा प्रत्येक कक्षा में रैंक 1 प्राप्त करने पर 50 हजार रुपए, रैंक 2 प्राप्त करने पर 20 हजार, रैंक 3 पर 10 हजार, रैंक 4 पर 5000, रैंक 5 से 19 हासिल करने पर एक हजार एवं रैंक 20 से 30 हासिल करने पर पांच सौ रुपए कैश प्राइज दिए जाएंगे।



**सर्वश्रेठ 204 विद्यार्थियों को 6.5 लाख रुपए के कैश प्राइज दिए जाएंगे**

## अब तक गेहूं खरीदी के सारे रिकॉर्ड्स टूट गए

**भोपाल**। मार्च से अब तक किसानों से 20.08 लाख मीट्रिक टन नए सीजन का गेहूं खरीदा जा चुका है। जो पिछले साल से 44.4 फीसदी ज्यादा है। इस खरीद के साथ ही फसल अच्छी होने के भी संकेत मिल रहे हैं जिससे भारत को अपने घटते भंडार को भरने और आयात से बचने में मदद मिलेगी। सरकार समर्थित भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने मुख्य तौर पर मध्य प्रदेश से गेहूं की शुरुआती किस्मों की खरीदी की है। भारत में गेहूं की सरकारी खरीदी जोर-शोर से जारी है।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- सुनहरा अवसर सरकारी नौकरी भारतीय वनविभाग में सीधीपक्की भर्ती, परमानेंट बेसेस पर, आवेदन करें, 10वी+12वी पास लड़के लड़कियां, पद - वनसिपाही, वनरक्षक, क्लर्क, वनपाल सैलरी -25000/- से 35000/-आवेदन के लिए, आधारकार्ड, पासपोर्ट फोटो, मार्कशीट व्हाट्सएप / संपर्क करें - 9933803418 (रायपुर/15/अप्रैल 25)

अब आप पायेंगे अपना सच्चा हमसफर
हरिभूमि वैवाहिकी
प्रत्येक रविवार को प्रकाशित

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

## रिमेडियम लाइफकेर ने राइट्स इश्यू की घोषणा की

**जबलपुर**। फार्मास्युटिकल इंटरमीडिएट्स और स्पेशियलिटी केमिकल्स बनाने वाली रिमेडियम लाइफकेर लिमिटेड को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज से अपने प्रस्तावित राइट्स इश्यू के लिए मंजूरी मिल गई है। इस मंजूरी के बाद तेजी से बढ़ रही ये कंपनी अब अपने मौजूदा शेयरधारकों से पूंजी जुटा सकेगी, जिससे उसकी वित्तीय स्थिति मजबूत होगी और वह अपने मैन्युफैक्चरिंग, नए प्रोडक्ट्स का विकास और वैश्विक बाज़ार में विस्तार—को आगे बढ़ा सकेगी। कंपनी के होलटाइम डिरेक्टर आदर्श मुन्जाल ने कहा, "बीएसई की यह मंजूरी हमारे सफर में एक महत्व का कदम है। हम अपने ऑपरेशंस को ज़िम्मेदारी और सस्टेनेबल तरीके से बढ़ाते हुए शेयरधारकों के लिए मूल्य बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।" यह राइट्स इश्यू ऐसे समय में आ रहा है जब रिमेडियम लाइफकेर को अंतरराष्ट्रीय बाज़ारों से अच्छा रिस्पोन्स मिल रहा है।

# 40 हजार करोड़ का 'रिलोकेशन' सेक्टर पूरी तरह असंगठित, इंडस्ट्री का दर्जा देने की मांग की

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

देश में रिलोकेशन (पैकर्स एंड मूवर्स) सेक्टर को संगठित रूप देने और इससे जुड़े उपभोक्ता हितों की रक्षा के लिए मूवर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एमएफआई) ने भोपाल में दो दिवसीय 8वीं राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित की। यह सम्मेलन रिलोकेशन उद्योग में पारदर्शिता, विश्वसनीयता और सरकारी मान्यता जैसे अहम मुद्दों पर केंद्रित रहा। इस मौके पर देशभर से आए एमएफआई के चेयरपर्सन अजीत शर्मा, अध्यक्ष आलोक भार्गव, सचिव अनुप मिश्रा सहित एमएफआई के सदस्य जिनमें लक्ष्यदीप से लेकर जम्मू कश्मीर, शिलांग से लेकर अहमदाबाद, मुंबई, बेंगलुरु, दिल्ली, लखनऊ, नागपुर, जयपुर, हैदराबाद, चंडीगढ़ जैसे शहरों की प्रमुख रिलोकेशन कंपनियों के ऑनर्स शामिल रहे।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## राशिफल

**मेष** – मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** – नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

**मिथुन** – कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

**कर्क** – किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**सिंह** – परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**कन्या** – संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**तुला** – नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक** – मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**धनु** – सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**मकर** – किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

**कुंभ** – आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते

**मीन** – शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

## शब्द पहेली - 5837



**बाएँ से दाए**
1. जाति, समाज, बुंधता-4
3. स्वयंवर माला, जीत-4
6. चूहे का घर-2
7. स्थिर, टिका हुआ-3
8. पार्थिव देह, लाश-2
10. सुवासित करना-4
11. थोड़ा, कम-2
13. मोटा आटा, दानेदार-4
15. गौरव, अभिमान-3
17. विष्णु, नारायण-4
20. वाहन, गाड़ी, जहाज-2
21. होशियार, दक्ष-3
23. उचित, सही-3
25. जया भादुड़ी व अमिताभ की फिल्म-2
26. करिश्मा, करतब-4
29. भर्त्सना, धिक्कार-3
31. गुलाम, परतंत्र-4
32. बेल, लतिका-2
34. आश्चर्य-4
35. नांद, टप-2
37. मग्नता-3
39. मछली-2
40. कुशलपूर्वक, सुरक्षित-4
41. मित्रतापूर्ण-4

**ऊपर से नीचे**
1. विधेयक, देयक-2
2. विजयादशमी-4
3. जीत, विजय-2
4. जुड़वा-3
5. शव, मृत शरीर-2
6. बंधु, सजातीय, भाई-4
7. एक आंख वाला-2
9. मौजूदा, आधुनिक-4
10. मदमस्त-4
12. धुन, लय, सुर-2
14. इच्छा, कामना-2
16. सुर साधना-3
18. भगवान कृष्ण का गरीब मित्र-3
19. छुट्टी, अवकाश-2
21. अच्छे कुल का-3
22. भाग्य (अंग्रेजी-2)
24. यम, मृत्यु का देवता-4
25. अपमिश्रण, खोट-4
27. निशा, रात्रि-2
28. कहासुनी, कलह-4
30. तल्ला, पैंदा-2
31. गुलामी, पराश्रित-4
33. शिक्षा(उर्दू-3)
34. अदा करना, चुकाना-2
36. एक सवारी गाड़ी-2
38. झुका हुआ-2
39. दोस्त, सखा-2

**शब्द पहेली- 5836 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5847

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु नवताल - 5846 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |



यह कितनी बड़ी विडंबना है, हर क्षेत्र में अपनी मेधा शक्ति का लोहा मनवाती महिलाओं को इस आधुनिक युग में भी अपनी त्वचा के रंग को लेकर अपमानजनक टिप्पणियां सुननी पड़ती हैं। उनके सम्मान पर आघात पहुंचाया जाता है। केरल की चीफ सेक्रेटरी शारदा मुरलीधरन के रंग पर की गई टिप्पणी, इस बात का ताजा उदाहरण है। सवाल यह है, रंगभेद का दंश स्त्रियां कब तक सहती रहेंगी, समाज इस संकीर्ण सोच से कैसे उबरेगा?



शारदा मुरलीधरन पर टिप्पणी

# आज भी रंगभेद का दंश सह रही हैं स्त्रियां

कवर स्टोरी
**डॉ. मोनिका शर्मा**

इसे दुराग्रह कहें या दिशाहीन पुरातनपंथी सोच, गोरे-काले रंग को लेकर आज भी दुर्भावना भरी टिप्पणियां सुनने को मिल जाती हैं। सामाजिक और पारिवारिक परिवेश में बहू-बेटियों का सांवलेपन को खूबसूरती की कमी और गोरे रंग को सुंदरता से जोड़कर देखा जाना आम बात है। दुखद है कि पढ़ी-लिखी कामयाब महिलाएं भी स्किन कलर को लेकर कहे गए द्वेषपूर्ण-नकारात्मक शब्दों का सामना करती हैं। हाल ही में केरल की चीफ सेक्रेटरी शारदा मुरलीधरन ने फेसबुक पोस्ट पर रंगभेद पर अपनी बात शेयर करते हुए लिखा कि एक अनजान व्यक्ति ने उनके दफ्तर में उनके रंग को लेकर टिप्पणी की। शारदा मुरलीधरन ने फेसबुक पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'मेरे कामों की तुलना हमेशा मेरे पति से की जाती रही है। लेकिन अब एक टिप्पणी ऐसी भी सुनने को मिली, जिसमें मेरे काम-काज की तुलना के साथ ही मेरे रंग पर भी तंज किया गया।' गौरतलब है कि शारदा ने अपने पति के रिटायर होने के बाद यह पद संभाला है। शारदा ने लिखा, 'मैंने पचास साल से भी ज्यादा के अरसे से रंग गोरा न होने से सुंदरता में कमी देखने की सोच का सामना किया है। लोगों में फेयर स्किन टोन का क्रेज देखा है।' सोशल मीडिया पोस्ट में शारदा ने न केवल अपने रंग को लेकर समाज की सोच पर सवाल उठाए बल्कि अपने कालेपन पर गर्व होने की बात भी कही। चर्चा, चिंता और चिंतन का विषय बना, संकीर्ण सोच को सामने रखता यह मामला बहुत से पहलुओं पर सोचने को विवश करता है, सार्थक विमर्श की भी मांग करता है।

## भेदभाव से जुड़ा पहलू



ध्यान देने वाली बात यह है कि सांवले रंग की वजह से भेदभाव का सामना करने के हालात, जेंडर डिसक्रिमिनेशन से भी जुड़े हैं। घर हो या दफ्तर, त्वचा के रंग की वजह दुर्भाव भरे शब्द आमतौर पर महिलाओं को ही सुनने को मिलते हैं। सांवली शक्ल के प्रति परायों में ही नहीं, अपनों में भी पूर्वाग्रह देखने को मिलता है। शादी-सगाई के समय तो बहुत हद तक स्किन कलर को लेकर कायम सोच स्पष्ट दिखती है। तकलीफदेह बात यह है कि काम-काजी संसार में भी कभी सराहना तो कभी बेहतर अवसर के रूप में गोरे चेहरों की ओर झुकाव दिख जाता है। जबकि यह भेदभाव सीधे-सीधे किसी स्त्री की योग्यता और क्षमता पर प्रश्न उठाने जैसा है। शारदा मुरलीधरन ने भी सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि उनकी परफॉर्मेंस की तुलना उनसे पहले उसी पोस्ट पर रहे व्यक्ति से की गई, जो उनके पति हैं और उनकी स्किन का कलर अलग है। लैंगिक पूर्वाग्रहों के चलते ही एक ऑफिसर के तौर पर उनकी परफॉर्मेंस पर बात कहने के बजाए, इस टिप्पणी में उनकी स्किन का रंग भी जुड़ गया। एक सफल-सशक्त स्त्री से जुड़ा यह मामला बताता है कि जेंडर डिसक्रिमिनेशन की जड़ें कितनी गहरी हैं।


## आत्मसम्मान को ठेस

रंगभेद पर की गई टिप्पणियां सिर्फ शब्द भर नहीं होते। ऐसी बातें स्त्रियों की गरिमा को ठेस पहुंचाती हैं। गोरी त्वचा को लेकर कायम मोह और मनुहार का भाव, बहुत-सी बहू-बेटियों को बेवजह कमतरी के भाव की ओर धकेलता है। घरेलू मोर्चे पर गुणों की अनदेखी, तो पेशेवर फ्रंट पर काम-काज के मूल्यांकन पर भी चेहरे की रंगत से जुड़ी सोच हावी रहती है। वहीं सामाजिक-पारिवारिक माहौल में तो सांवलेपन को महिला ही नहीं, उसके पूरे परिवार की कमजोरी की तरह देखा जाता है। पक्के रंग वाली बहू को लेकर सहानुभूति जताई जाती है तो बेटी का रंग गोरा न होने पर अच्छा घरबार न मिलने की चिंता। लोगों को सहज-सी लगने वाली इन बातों और बर्ताव का महिलाओं के मन पर गहरा असर होता है। बड़ी होती बेटियां तो बहुत असहज महसूस करती हैं। त्वचा का रंग स्कूल-कॉलेज तक में उन्हें एक अलग खांचे में खड़ा करता है। इसी मनःस्थिति की बात शारदा ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में भी कही है कि 'जब मैं चार साल की थी तो मां से पूछा करती थी कि क्या वे मुझे अपनी कोख में दोबारा डाल सकती हैं और झक गोरा और सुंदर बनाकर निकाल सकती हैं?' असल में रंगभेद से जुड़ा बर्ताव इमोशनल-साइकोलॉजिकल फ्रंट पर भी हर आयुवर्ग की स्त्रियों को चोट पहुंचाता है। शिक्षा और आत्मनिर्भरता के बढ़ते आंकड़ों के बावजूद समाज के हर तबके में ही स्त्रियों का अपमान करने और उनके मन में अपराधबोध का भाव भरने का यह बर्ताव सचमुच दुर्भाग्यपूर्ण है।

## उपहास का विषय क्यों

विडंबना ही है कि सदा से ही प्रकृति से मिले रंग-रूप को भी उपहास और अभद्र टिप्पणियां करने का विषय बनाया गया। समय के साथ बदलाव भी इस मोर्चे पर सब कुछ नहीं बदल पाए हैं। असल में इस फ्रंट पर मानसिकता बदले बिना बदलाव आना मुश्किल है। पक्के-सांवले रंग को लेकर दयनीय समझने के बजाए किसी महिला की काबिलियत और अच्छे बर्ताव को महत्व देने की सोच जरूरी है। संपूर्ण व्यक्तित्व को आंकने का भाव आवश्यक है। मेहनत से अर्जित की गई योग्यता के प्रति सम्मान के भाव को पोसना जरूरी है। आखिर कब तक स्किन कलर से जुड़ी सोच स्त्रियों की असहजता का कारण बनी रहेगी? पक्के रंग के कारण अपमान और उपहास वाले शब्द कब तक जीना दूभर करते रहेंगे? कुछ समय पहले राजस्थान के झालावाड़ जिले में शादी के बाद से ही पति द्वारा रंग को लेकर तंज करने और फब्तियां कसने के चलते पत्नी ने सुसाइड कर ली थी। समझना जरूरी है कि ऐसी घटनाओं के पीछे पीड़ा और तानों-उलाहनों की लंबी फेहरिस्त है। ऐसे में समग्र समाज की मानसिकता में बदलाव आए बिना यह भेदभाव नहीं रुक सकता। सांवली बेटी को लेकर सहजता तभी आएगी, जब सांवली बहू को स्वीकार करने में असहजता नहीं रहेगी। a

### बाजार ने भी दिया बढ़ावा



असल में रंगभेद की सोच सोशल सिस्टम में तो थी ही, इसे बाजार ने भी बढ़ावा दिया है। कितने ही प्रोडक्ट्स के विज्ञापन चेहरे को गोरा बनाकर सबको लुभाने, हर ओर छा जाने का भाव दिखाते रहे हैं। अफसोस कि खूबसूरत दिखने के लिए गोरे रंग को जरूरी बताने वाली मानसिकता की यह लड़ाई आज तक जारी है। चेहरे को निखारने से शुरू हुए उत्पादों का बाजार अब गोरा बनाने वाले प्रोडक्ट्स तक जा पहुंचा है। शादी-ब्याह से लेकर नौकरी पाने तक और आत्मविश्वासी दिखने से लेकर आत्मनिर्भर बनने तक। गोरा बनाने वाले अनगिनत उत्पादों के विज्ञापनों में बताया-समझाया जा रहा है कि गोरा रंग लगभग हर समस्या का हल है। अब रील्स वीडियोज में गोरा बनने के गुर बताकर लाखों व्यूज बटोरे जा रहे हैं। रंग निखारने का वादा और दावा करने वाले वीडियोज से सोशल मीडिया अटा पड़ा है। ऐसे में जरूरी है कि स्त्रियों में अपने-अपने रंग-रूप के प्रति स्वीकार्यता का भाव हो। परिवेश के तानों-उलाहनों की आत्मविश्वास के साथ अनदेखी करने और बाजार का खेल समझने की सोच को बल मिले। साथ स्वजन ही नहीं, अपरिचित लोग भी अपना नजरिया बदलें। समग्र समाज की सोच में बदलाव आए बिना, भेदभाव पोषित करने वाली इस मानसिकता से नहीं निकला जा सकता है।

## शादी से पहले पार्टनर के साथ क्लीयर कर लें करियर से जुड़ी बातें



आज हर लड़की अपना करियर बनाना चाहती है। लेकिन शादी के बाद करियर में बहुत सी बाधाएं आती हैं, यहां तक कि कई बार करियर बनाने का इरादा छोड़ना पड़ता है। ऐसा न हो, इसलिए अपने भावी जीवनसाथी से शादी से पहले ही खुलकर बात कर लें।

एडवाइस
**नम्रता नदीम**

एमबीए कर चुकी नेहा की शादी एक संपन्न परिवार में हुई थी। शादी के बाद हंसी-खुशी कुछ माह बीत गए। नेहा का पति एक बड़ी मल्टीनेशनल कंपनी में उच्च पद पर कार्यरत था। नेहा को जब घर बैठे बोरियत होने लगी तो उसने जॉब्स के लिए इच्छा जताई और कई कंपनियों में अप्लाई कर दिया। ऐसा करना था कि पति नाराज रहने लगे। उन्हें यह पसंद नहीं था कि उनकी पत्नी जॉब करे। उनका कहना था, जब वह अच्छी-खासी कमाई कर रहे हैं, वह और उनका परिवार इस कमाई से संतुष्ट है तो नेहा कमाने के लिए घर से बाहर क्यों निकले? घर में इस बात पर दोनों में तकरार होने लगी। एक दिन ऐसा भी आया, जब नेहा को भी एक बड़ी मल्टीनेशनल कंपनी में बहुत अच्छी सैलरी पर जॉब मिल गई। पति ने इस बात का कड़ा विरोध किया। अंततः नेहा ससुराल से मायके आकर रहने लगी। इस तरह पत्नी के सपने पति पर भारी पड़े, दोनों के रिश्ते टूटने की कगार पर पहुंच गए। इसलिए जरूरी है, जब भी कोई लड़की वैवाहिक बंधन में बंधने वाली हो तो उसे पहले ही मंगेतर से अपने करियर को लेकर बातें क्लीयर कर लेनी चाहिए।

**रिश्ते में बंधने से पहले:** अगर आप किसी रिश्ते में जुड़ने जा रही हैं तो पहले ही भावी जीवनसाथी से यह जान लें कि आपको लेकर उसकी क्या अपेक्षाएं हैं? आपके करियर को लेकर उसकी क्या सोच है? अगर आपका पार्टनर अपने सपनों की उड़ान तो बहुत ऊंची भरना चाहता है, लेकिन आपके करियर को कोई महत्व नहीं देना चाहता और आप हैं कि जीवन में बहुत आगे बढ़ना चाहती हैं, आत्मनिर्भर रहना चाहती हैं तो यह जान लें, उसके साथ वैवाहिक बंधन में बंधकर आपके सपने पूरे नहीं हो पाएंगे। कहने का आशय यह है, आप दोनों एक-दूसरे की महत्वाकांक्षाओं को कितना महत्व देंगे, इस बात की पुष्टि शादी से पहले ही कर लें। अगर आप जॉब करने की इच्छुक हैं तो पहले से ही भावी जीवनसाथी ही नहीं, उसके परिवार के सदस्यों से भी खुलकर बात कर लें। यदि आपको लगता है कि आगे जॉब करने की इजाजत नहीं होगी तो ऐसे रिश्ते को एक्सेप्ट करना सही नहीं होगा।


### हो बैटर अंडरस्टैंडिंग



अगर पति-पत्नी दोनों के बीच आपसी प्यार है, अच्छी अंडरस्टैंडिंग है तो दोनों ही एक-दूसरे के सपनों को महत्व देंगे। इन्हें पूरा होने में बाधक नहीं बनेंगे। एक-दूसरे की बेहतरी के लिए जो भी अच्छा हो सकता है, करेंगे। महत्वाकांक्षी पति-पत्नी को एक-दूसरे के सपनों की मंजिल पाने में मदद के लिए तैयार रहना चाहिए।

**स्वार्थी न बनें:** यह सच है कि हर किसी को अपने सपने पूरे करने का हक है, लेकिन इन्हें ऊपर रखते हुए अपने साथी की जरूरतों को नजरअंदाज करना भी सही नहीं है। अपना करियर जरूर संवारें, लेकिन ऐसा न हो कि आपके एंबीशन इतने ज्यादा हों कि आप और आपके पार्टनर के बीच कोई तालमेल न हो सके। अपने सपनों की उड़ान में आप उसके सपनों को पूरा करने में कितनी सहायक हो सकती हैं, इसके बारे में जरूर सोचें, क्योंकि करियर को लेकर दोनों के बीच तालमेल स्थापित होना जरूरी है। a

## उलझे बालों की समस्या दूर कर देंगे ये हेयर मास्क



हेयर केयर
**शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट**

किसी फंक्शन या पार्टी में जाने के लिए, आप अपने बालों में तरह-तरह के प्रोडक्ट्स और टूल्स का इस्तेमाल करती हैं। इससे आपके बालों की लेयरिंग खराब हो जाती है। वो डल और बेजान दिखने लगते हैं। इस वजह से कई बारे बाल उलझ भी जाते हैं। इस समस्या को दूर करने के लिए आप हेयर मास्क का यूज कर सकती हैं, जो आपके बालों को मुलायम और सुलझा हुआ बना देंगे।



**नारियल दूध-शहद का मास्क:** बालों को उलझने से बचाने के लिए नारियल का दूध और शहद का मास्क बहुत यूजफुल है। इसे बालों पर लगा कर आधे घंटे के लिए छोड़ दें। बाद में सिर को ताजे सामान्य पानी से धो डालें। नारियल का दूध बालों की डीप हाइड्रेशन करता है, जबकि शहद बालों में नमी को बनाए रखता है, जिससे बाल मजबूत और मुलायम रहते हैं और आपस में उलझते नहीं हैं। इसे बनाने के लिए कांच के कटोरे में एक चम्मच नारियल तेल और एक चम्मच शहद का मिश्रण बना लें। इस मिश्रण को गैस पर हल्की आंच पर तब तक गर्म करें, जब तक यह पूरी तरह पिघल न जाए। जब यह मिश्रण ठंडा हो जाए तो इसमें एसेंशियल ऑयल की कुछ बूंदें डाल दें। अब इस मिश्रण को गीले बालों पर लगा लीजिए। आप इसे ड्राई बालों पर भी लगा सकती हैं। ड्राई, फ्रीजी बालों पर अच्छी तरह लगाने के बाद बालों को कैप से ढंक लीजिए और 45 मिनट तक लगा रहने दीजिए। आप चाहें तो बालों का जूड़ा भी बना सकती हैं। 45 मिनट बाद बालों को शैंपू से धो लें।



**एवोकाडो-नारियल तेल मास्क:** एवोकाडो और नारियल तेल का हेयर मास्क भी बालों को उलझने से बचाता है। इसे बनाने के लिए एक पके एवोकाडो को ग्लास बॉउल में मैश कर लें। इसमें दो-तीन बूंदें नारियल तेल डालकर मिश्रण बना लें। इस मिश्रण को अपनी अंगुलियों के माध्यम से बालों और स्कैल्प पर धीरे-धीरे लगाएं। बाद में बालों को धो डालें। एवोकाडो बालों को नमी और पोषण प्रदान करता है।

**एवोकाडो-ऑलिव ऑयल मास्क:** एवोकाडो और ऑलिव ऑयल हेयर मास्क बनाने के लिए एक एवोकाडो को अच्छी तरह मैश कर लें। इसमें 1/4 कप ऑलिव ऑयल और एक चम्मच नीबू का रस मिला लें। इसे शुष्क बालों पर जड़ों से ऊपर की ओर लगाएं और आधे घंटे बाद ताजे साफ पानी से धो डालें। नीबू में एंटीफंगल गुणों की वजह से बालों में यह पैक डेंड्रफ को कंट्रोल करता है। एवोकाडो से आपके बालों को भरपूर पोषण मिलता है और बाल आपस में उलझते भी नहीं हैं। a

डाइट सजेशन
**अंजू जैन**

आमतौर पर होम मेकर्स अपनी हेल्थ-डाइट का ध्यान नहीं रखती हैं। हेल्दी, रहने के लिए उन्हें भरपूर न्यूट्रिएंट्स की जरूरत होती है। कैसी होनी चाहिए आपकी डाइट इस बारे में आपके लिए यूजफुल सजेशंस।

## होम मेकर्स के लिए परफेक्ट डाइट प्लान

अधिकतर महिलाएं हमेशा घर के दूसरे सदस्यों की जरूरतें पूरी करने में ही जुटी रहती हैं। अपने खान-पान पर जरूरी ध्यान नहीं देती हैं। उन्हें कोई अपना ध्यान रखने के लिए कह भी दे, तो उनका जवाब कुछ ऐसा होता है, 'अरे हमें कौन सी भाग-दौड़ करनी पड़ती है, दिन भर घर में ही तो रहना है। कुछ भी खा लेंगे, कभी भी खा लेंगे।' लेकिन ऐसी सोच हेल्थ के लिए सही नहीं होती है।

**नॉन स्टॉप काम:** आमतौर पर होम मेकर्स को पुरुषों से भी ज्यादा देर तक काम करना पड़ता है। पुरुष भले ही घर से बाहर 8-10 घंटे काम करते हों लेकिन होम मेकर्स को तो राउंड दी क्लॉक यानी 16 से 18 घंटे ऑन ड्यूटी रहना पड़ता है। वर्किंग पुरुषों को शनिवार, रविवार, त्योहारों पर अवकाश तो मिल जाता है, लेकिन होम मेकर्स को तो 365 दिन काम में लगे रहना पड़ता है। ऐसे में होम मेकर्स को अपनी डाइट का विशेष ध्यान रखना चाहिए। यह न सिर्फ आपकी हेल्थ के लिए जरूरी है बल्कि घर के दूसरे सदस्यों के लिए भी फायदेमंद है, क्योंकि आप फिट रहेंगी, तभी तो उनकी बेहतर देखभाल कर पाएंगी। इस लिहाज से घर के पुरुष सदस्यों को भी होम मेकर्स की डाइट के प्रति विशेष रूप से कॉन्शस रहना चाहिए।



**कैसी हो डाइट:** होम मेकर्स की डाइट कैसी हो, इस बारे में बता रहे हैं।

- 10-12 गिलास पानी हर रोज पिएं। सॉफ्ट ड्रिंक या मीठे शरबत के बजाए सादा पानी ही सर्वोत्तम होता है। ताजा फलों का रस और छाछ आदि पी सकती हैं। खाने से तुरंत पहले या तुरंत बाद ज्यादा पानी न पिएं। इसमें 30-45 मिनट का अंतर रखें। खाना खाते ही पानी पीने से पाचक रस का असर खत्म हो जाता है। पाचन में दिक्कत आती है।
- सुबह सवेरे कई तरह के काम रहते हैं, इसलिए शांति से बैठकर नाश्ता करने की फुरसत नहीं मिलती। ऐसे में भूखे पेट रहना ठीक नहीं। आपको कुछ ड्राई फ्रूट्स (जैसे भीगे हुए बादाम) खा लेने चाहिए। सेब, केला, अमरूद या चीकू भी सुबह के नाश्ते के लिए अच्छे विकल्प हैं।



- अंकुरित अनाज या भीगी हुई दाल से कुछ पौष्टिक आहार बना सकती हैं।
- घर में कुछ तरह की चटनियां आपको हमेशा रखनी चाहिए। स्वाद और सुविधा के मुताबिक आप नारियल, इमली, धनिया, पुदीना, करौंदा, कच्चे आम आदि की चटनियां बना सकती हैं। ये भोजन में रुचि जगा कर स्वाद तो बढ़ाती ही हैं, इनमें एंटीऑक्सीडेंट्स भी होते हैं, जो सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं।
- हर रोज सलाद जरूर खाएं। मौसम और उपलब्धता के अनुसार टमाटर, प्याज, खीरा, गाजर, चुकंदर, लेट्यूस आदि का सलाद बना सकती हैं। इनमें घुलनशील फाइबर, विटामिन और मिनरल्स होते हैं, जो आपके लिए सेहतमंद होते हैं। साथ ही इनसे पेट जल्दी भरता है, इसलिए आप ज्यादा खाने से बच जाती हैं।
- प्रतिदिन वर्कआउट जरूर करें। मॉर्निंग या ईवनिंग वॉक, स्विमिंग, डांस, योगा, एरोबिक्स, कुछ न कुछ जरूर अपनाएं।
- बेकरी आइटम्स, ऑयली फूड्स से बचें।
- रात को हमेशा समय पर सोएं। कम से कम सात घंटे की नींद जरूर लें। दोपहर में भी थोड़ा-सा समय निकालकर 30-45 मिनट की झपकी जरूर लें।
- चोकरयुक्त आटे की रोटी खाएं, इससे पर्याप्त फाइबर मिलेगा। a

**(डाइटीशियन-न्यूट्रीशनिस्ट निधि शुक्ला पांडेय और डाइटिशियन पिंकी गोयल से बातचीत पर आधारित)**







# अलेक्ना का चक्का फेंक में विश्व रिकॉर्ड, 75.56मी. फेंका थ्रो



**रमोना।** लिथुआनिया के मायकोलास अलेक्ना ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चक्का फेंक में यहां अपने विश्व रिकॉर्ड को दो बार पीछे छोड़ा। उन्होंने ओक्लाहोमा थ्रोज सीरीज वर्ल्ड इनविटेशनल प्रतियोगिता में 247 फीट, नौ इंच (75.56 मीटर) चक्का फेंककर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। इस स्टार खिलाड़ी ने इससे पहले अपने शुरुआती प्रयास में 74.89 मीटर चक्का फेंककर अपने पिछले विश्व रिकॉर्ड को तोड़ा था। पिछले साल इसी प्रतियोगिता में उन्होंने 1986 से चला आ रहा विश्व रिकॉर्ड तोड़ा था। उन्होंने पेरिस ओलंपिक 2024 में रजत पदक जीता था। पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले ऑस्ट्रेलिया के मैट डेनी ने 74.78 मीटर की दूरी तक चक्का फेंक कर कुछ समय के लिए रिकॉर्ड अपने नाम किया लेकिन 22 वर्षीय अलेक्ना ने जल्द ही फिर से उसे अपने नाम कर दिया।

# तीरंदाजी विश्व कप : धीरज को कांस्य और पुरुष टीम ने जीता रजत पदक



**ऑबर्नडेल।** भारत ने रविवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप चरण एक में अपना अभियान चार पदकों के साथ समाप्त किया, जिसमें पुरुष रिकर्व टीम स्पर्धा में एक रजत और व्यक्तिगत रिकर्व वर्ग में धीरज बोम्मदेवरा का कांस्य पदक शामिल है। सेना के 23 वर्षीय तीरंदाज धीरज ने कांस्य पदक के लिए खेले गए मैच में जीत हासिल करने के लिए असाधारण धैर्य और संयम दिखाया। उन्होंने 2-4 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्पेन के एंड्रेस टेमिनो मेडिएल को पांच सेट के तनावपूर्ण मुकाबले में 6-4 से हराया। इससे पहले दिन में धीरज अनुभवी तरूणदीप राय और अतनु दास के साथ उस भारतीय तिकड़ी का भी हिस्सा थे, जिसने टीम स्पर्धा के फाइनल में चीन से 1-5 से हारने के बाद रजत पदक जीता था। भारत ने इस तरह से इस प्रतियोगिता में चार पदक जीते। इससे पहले भारतीय कंपाउंड मिश्रित टीम ने स्वर्ण और कंपाउंड पुरुष टीम ने कांस्य पदक जीता था। भारत के अभियान में अभिषेक वर्मा पदक से चूक गए और कंपाउंड पुरुष व्यक्तिगत वर्ग में चौथे स्थान पर रहे।

खास खबर

# 13वें ओवर के बाद गेंद बदलने का फायदा मिला : कर्ण शर्मा



**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ तीन अहम विकेट लेकर लगभग हारा हुआ मैच जिताने में सूत्रधार की भूमिका निभाने वाले मुंबई इंडियंस के लेग स्पिनर कर्ण शर्मा ने स्वीकार किया कि 13वें ओवर के बाद गेंद बदलने का टीम को फायदा मिला। उन्होंने कहा, 'मैने सोचा नहीं था कि ओस होगी। पहली पारी में ओस नहीं थी। इसलिए जब गेंद बदली तो सीम नहीं थी। इससे मुझे फायदा मिला।' मुंबई इंडियंस के साथ 2017 में खिताब जीत चुके कर्ण को आईपीएल में टीम के लिए 'लकी' माना जाता है। वह 2016 में सनराइजर्स हैदराबाद के साथ, 2017 में मुंबई इंडियंस और 2018 में चेन्नई सुपर किंग्स के साथ खिताब जीत चुके हैं।

## दिल्ली के कप्तान अक्षर पर 12 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल पर रविवार को यहां खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में मुंबई इंडियंस के हाथों अपनी टीम की 12 रन की हार के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने कहा, 'दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल पर दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के कारण जुर्माना लगाया गया है।

## मानसिक रूप से मैं तैयार था : नायर

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के लिए आक्रामक अर्धशतक लगाकर दो सत्र बाद आईपीएल में वापसी करने वाले करुण नायर मानसिक रूप से अपना पहला मैच खेलने के लिए पूरी तरह से तैयार थे और उन्हें पता था कि कैसे खेलना है। जीत के लिए 206 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए करूण के 40 गेंद में 89 रन की मदद से दिल्ली ने शानदार शुरुआत की लेकिन बीच के ओवरों में लगातार विकेट गंवाकर 12 रन से मैच गंवा दिया।

## एमबाप्पे को पांच साल बाद मिला रेड कार्ड, पर जीता रियल मैड्रिड

**मैड्रिड।** स्टार स्ट्राइकर किलियन एमबाप्पे को 2019 के बाद पहली बार रेड कार्ड का सामना करना पड़ा लेकिन इसके बावजूद उनकी टीम रियल मैड्रिड स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अलावेस पर 1-0 से जीत हासिल करने में सफल रही। एमबाप्पे को अलावेस के मिडफील्डर एंटोनियो ब्लैंको को गलत ढंग से टैकल करने के कारण मध्यांतर से ठीक पहले बाहर भेज दिया गया। फ्रांस के स्टार को शुरुआत में पीला कार्ड दिखाया गया था लेकिन वीडियो समीक्षा के बाद रेफरी ने इसे रेड कार्ड में बदल दिया। यह 2019 के बाद पहला अवसर है जबकि एमबाप्पे को किसी भी प्रतियोगिता में रेड कार्ड मिला। इस कारण वह कम से कम अगले रविवार को एथलेटिक बिलबाओ में होने वाले स्पेनिश लीग मैच में नहीं खेल पाएंगे। एडुआर्डो कैमाविंगा ने 34वें मिनट में रियाल मैड्रिड की तरफ से गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। इससे रियाल मैड्रिड और शीर्ष पर काबिज बार्सिलोना के बीच केवल चार अंक का अंतर रह गया है। बार्सिलोना के 31 मैच में 70 और रियाल मैड्रिड के इतने ही मैच में 66 अंक हैं।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 6 | 4 | 2 | 8 |
| दिल्ली | 5 | 4 | 1 | 8 |
| बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 8 |
| लखनऊ | 6 | 4 | 2 | 8 |
| कोलकाता | 6 | 3 | 3 | 6 |
| पंजाब | 5 | 3 | 2 | 6 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| राजस्थान | 6 | 2 | 4 | 4 |
| हैदराबाद | 6 | 2 | 4 | 4 |
| चेन्नई | 6 | 1 | 5 | 2 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
349 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
12 विकेट
चेन्नई

# आईपीएल

## किंग्स का घरेलू मैदान बल्लेबाजी के लिए अनुकूल

# पंजाब के सामने आज कोलकाता नाइट राइडर्स की कठिन चुनौती

एजेंसी ▸▸ मुल्लांपुर

पिछले मैच में अभिषेक शर्मा की विस्फोटक पारी के कारण अपने बड़े स्कोर का बचाव करने में नाकाम रही पंजाब किंग्स की टीम को इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स के रूप में एक और चुनौतीपूर्ण प्रतिद्वंद्वी का सामना करना होगा। ऐसा बहुत कम देखने को मिलता है कि 245 रन का बड़ा स्कोर बनाने के बावजूद किसी टीम को हार का सामना करना पड़ा हो लेकिन सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पिछले मैच में अभिषेक की 55 गेंद पर खेली गई 141 रन की विस्फोटक पारी के कारण पंजाब किंग्स अपने इस स्कोर का बचाव नहीं कर पाया था।

पंजाब किंग्स की पारी में 36 गेंद पर 82 रन बनाने वाले कप्तान श्रेयस अय्यर के पास अभिषेक के सामने अपने गेंदबाजों की दुर्दशा को देखकर मुस्कुराने के अलावा कोई और विकल्प नहीं था। यह मैच हैदराबाद में खेला गया था जहां कोई भी स्कोर सुरक्षित नहीं माना जाता है। पंजाब अब अपना अगला मैच मंगलवार को अपने घरेलू मैदान पर खेलेगा जहां के विकेट को बल्लेबाजी के लिए अनुकूल माना जाता है।



### पिच को लेकर असमंजस

पंजाब किंग्स के गेंदबाजों का आत्मविश्वास निश्चित तौर पर डिग गया होगा। विशेष कर उसके दो स्पिनरों युजवेंद्र चहल और ग्लेन मैक्सवेल का मनोबल जरूर प्रभावित हुआ होगा क्योंकि इन दोनों ने पिछले मैच में सात ओवर में 96 रन लुटा दिए थे। इसे देखते हुए पंजाब की टीम पिच को लेकर निश्चित तौर पर असमंजस की स्थिति में होगी। पंजाब अगर इस मैच के लिए सपाट विकेट तैयार करवाता है तो फिर इसकी कोई गारंटी नहीं कि उसके गेंदबाज 220 रन तक के स्कोर का बचाव कर लेंगे क्योंकि कोलकाता की टीम में सुनील नारायण, रिंकू सिंह और वेंकटेश अय्यर जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं।

### सपाट और धीमे विकेट पर केकेआर सफल

नाइट राइडर्स एक ऐसी टीम है जो सपाट और धीमे विकेट दोनों पर अपना कमाल दिखा सकती है। उसने चेन्नई सुपर किंग्स को उसके घरेलू मैदान पर पटखनी दी थी जिससे निश्चित तौर पर टीम का मनोबल बढ़ा होगा।

### गेंदबाजी इकाई का इकॉनमी रेट

एक ऐसा आंकड़ा जिस पर पंजाब के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग गौर नहीं करना चाहेंगे, वह है उनकी गेंदबाजी इकाई का इकॉनमी रेट। उसका कोई भी गेंदबाज नौ रन प्रति ओवर से नीचे नहीं गया। आमतौर पर भरोसेमंद चहल ने पांच मैचों में प्रति ओवर 11.13 रन दिए हैं और केवल दो विकेट लिए हैं। पंजाब अगर धीमा विकेट तैयार करवाता है तो उसका यह दांव भी उल्टा पड़ सकता है क्योंकि नाइट राइडर्स के पास वरुण चक्रवर्ती और सुनील नारायण जैसे स्पिनर है जो अनुकूल परिस्थितियों का फायदा उठाने में माहिर हैं।

### पंजाब कप्तान अय्यर पर निर्भर

पंजाब किंग्स की बल्लेबाजी काफी हद तक कप्तान अय्यर (250 रन) पर निर्भर है, जिन्होंने अब तक पांच मैचों में तीन अर्द्धशतक लगाए हैं। प्रियांश आर्य (194 रन) इस सत्र की खोज रहे हैं। नेहल वढेरा (141 रन), प्रभसिमरन सिंह (133 रन) और फिनिशर शशांक सिंह (108 रन) भी टीम का मजबूत पक्ष हैं। लेकिन पंजाब की कमजोर कड़ी उसके भारतीय खिलाड़ी नहीं बल्कि दो ऑस्ट्रेलियाई ग्लेन मैक्सवेल (34 रन) और मार्कस स्टोइनिस (59 रन) हैं, जिन्होंने अब तक बल्ले से खास योगदान नहीं दिया है।

## खबर संक्षेप




### अमेरिका और जापान बीजेके फ़ाइनल्स के लिए क्वालीफाई

**ब्रातिस्लावा।** हेली बैपटिस्ट और बर्नार्डा पेरा ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके मेजबान स्लोवाकिया को 2-1 से हराकर अमेरिका को बिली जीन किंग कप टेनिस टूर्नामेंट के फ़ाइनल्स में जगह दिलाई। ग्रुप सी के मैच में बैपटिस्ट ने रेनाटा जैमरिकोवा को 6-3, 6-4 से और पेरा ने रेबेका श्रामकोवा को 7-6 (2), 7-5 से हराया। अमेरिका इस ग्रुप में शीर्ष पर रहा। जापान ने भी फ़ाइनल्स के लिए क्वालीफाई कर लिया है। ग्रुप ए में निर्णायक युगल मैच में एना शिबहारा और शुको आओयामा ने कनाडा की कायला क्रॉस और रेबेका मैरिनो को 6-3, 5-7, 6-2 से हराकर जापान को फ़ाइनल्स में जगह दिलाई।

### भारतीय निशानेबाजों की नजरें अच्छे प्रदर्शन पर

**लीमा।** भारतीय निशानेबाज मंगलवार से यहां शुरू हो रहे आईएसएसएफ विश्व कप में अपने प्रभावी प्रदर्शन को बरकरार रखने के इरादे से उतरेंगे। भारतीय टीम पिछले सप्ताह ब्यूनस आयर्स में इस साल के पहले विश्व कप में दूसरे स्थान पर रही। पेरू की राजधानी में प्रतिस्पर्धा के पहले दिन मनु भाकर, सुरूची और संयम महिला एयर पिस्टल वर्ग में उतरेंगी जबकि सौरभ चौधरी, वरुण तोमर और रविंदर पुरुषों के एयर पिस्टल वर्ग में चुनौती रखेंगे।

### रिटायर्ड आउट पर तिलक ने खोला राज

**दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के स्टार बल्लेबाज तिलक वर्मा ने आईपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 33 गेंदों में 59 रन बनाए।



उनकी इस पारी से हार्दिक पंड्या की टीम 20 ओवरों में 205 का स्कोर बनाने में सफल रही। कुछ मैचों पहले लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ तिलक वर्मा को मैनेजमेंट ने 'रिटायर्ड आउट' कर दिया था। इस फैसले पर काफी विवाद हुआ था। अब तिलक वर्मा ने इस पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने कहा, 'कुछ नहीं। मैं बस यह सोच रहा था कि उन्होंने यह फैसला टीम के लिए किया है। इसलिए मैंने इसे सकारात्मक रूप से लिया और नकारात्मक रूप से नहीं लिया। लेकिन मुख्य बात यह है कि आप इसे कैसे लेते हैं।

ऑस्ट्रेलिया दौरा

# ज्योति सहित भारतीय महिला हॉकी टीम में पांच नए चेहरे



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

हॉकी इंडिया ने 26 अप्रैल से चार मई तक होने वाले ऑस्ट्रेलिया के दौरे के लिए सोमवार को 26 सदस्यीय महिला टीम की घोषणा की, जिसमें पांच नए खिलाड़ियों को पहली बार सीनियर टीम में शामिल किया गया है। भारत इस दौरे में कुल पांच मैच खेलेगा।

वह पहले दो मैचों में ऑस्ट्रेलिया ए से भिड़ेगा और उसके बाद तीन मैच ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम से खेलेगा। सभी पांच मैच पर्थ हॉकी स्टेडियम में खेले जाएंगे। यह दौरा जून में होने वाले एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के टीम के यूरोपीय चरण की तैयारी को देखते हुए काफी महत्वपूर्ण है। पांच खिलाड़ियों ज्योति सिंह, सुजाता कुजूर, अजमीना कुजूर, पूजा यादव और महिमा टेटे को पहली बार सीनियर टीम में शामिल किया गया है। टीम अनुभवी और नए खिलाड़ियों का मिश्रण है। टीम का नेतृत्व मिडफील्डर सलीमा टेटे करेंगी, जबकि अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर को उप कप्तान नियुक्त किया गया है। टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा, 'हमने संतुलित टीम का चयन किया है जो अनुभव और युवा का अच्छा मिश्रण है। युवा खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं और सीनियर शिविर में अपना कौशल दिखाया है। यह देखना दिलचस्प होगा कि वह अंतरराष्ट्रीय स्तर की चुनौती का किस तरह से सामना करते हैं।'

### सविता और खारीबाम गोलकीपर

अनुभवी सविता और युवा बिचू देवी खारीबाम गोलकीपर की जिम्मेदारी संभालेंगी जबकि रक्षा पंक्ति में ज्योति सिंह, इशिका चौधरी, सुशीला चानू पुखरामबम, सुजाता कुजूर, सुमन देवी थौदम, ज्योति, अजमीना कुजूर और साक्षी राणा शामिल हैं। मध्य पंक्ति की जिम्मेदारी कप्तान टेटे, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नेहा, शर्मिला देवी, मनीषा चौहान, सुनेलिता टोप्पो, महिमा टेटे, पूजा यादव और लालरेम्सियामी पर होगी। नवनीत कौर, दीपिका, रुताजा दादासो पिसल, मुमताज खान, बलजीत कौर, दीपिका सोरेंग और ब्यूटी डुंगडुंग अग्रिम पंक्ति की जिम्मेदारी संभालेंगी। बंसारी सोलंकी (गोलकीपर), अंजना डुंडुंग और लालथंटलुआंगी (डिफेंडर), साक्षी शुक्ला और खैदेम शिलेमा चानू (मिडफील्डर) तथा मोनिका टोप्पो और सोनम (फॉरवर्ड) को स्टैंडबाय खिलाड़ी के रूप में चुना गया है।

# पीएम करेंगे खेलो इंडिया युवा खेल का उद्घाटन

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खेलो इंडिया युवा खेल 2025 का उद्घाटन करने के लिए अगले महीने बिहार का दौरा करेंगे। राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को यह जानकारी दी। नीतीश कुमार एक समारोह को संबोधित कर रहे थे, जिसमें केंद्रीय खेल और युवा मामलों के मंत्री मनसुख मांडविया भी उपस्थित थे। नीतीश कुमार ने कहा, 'यह हमारे लिए खुशी की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार मई को पटना में खेलो इंडिया युवा खेल 2025 का उद्घाटन करेंगे। इन खेलों के आयोजन ने हमें राज्य में खेल के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने का अवसर प्रदान किया है।' मुख्यमंत्री सचिवालय में आयोजित समारोह में रिमोट कंट्रोल के माध्यम से खेलों के लोगो और शुभंकर का अनावरण किया गया। इन खेलों का आयोजन चार से 15 मई तक बिहार के पांच जिलों पटना, गया, नालंदा, भागलपुर और बेगुसराय में किया जाएगा। इन खेलों में देश भर के 8500 खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के 1500 सदस्य हिस्सा लेंगे।

**कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम)
लिमिटेड ई - निविदा (सिंगल पैकेट प्रणाली ) आमंत्रण सूचना

कार्य का नाम: मध्य प्रदेश राज्य में पश्चिम मध्य रेलवे (डब्ल्यूसीआर) के अंतर्गत जबलपुर (केटीई) - सिंगरौली (एसजीआरएल) खंड के बीच 2 x 25 केवी ट्रैक्शन सिस्टम के लिए ओएचई का निर्माण कार्य। **निविदा सूचना क्र: केआर/सीओ/ईल/केटीई-एसजीआरएल/टी/16/25, दिनांक 15.04.2025, कार्य समापन की अवधि:** 5 (पाँच) महीना। **अनुमानित लागत:** रु.1,12,57,043/- जीएसटी को छोड़कर। **ईएमडी:** रु. 2,06,300/-. **आनलाइन निविदा जमा करनेकी अंतिम तिथि तथा समय:** दि. 06.05.2025 को 15:00 बजे तक। **निविदा खुलने की तिथि:** दि. 06.05.2025 को 15:30 बजे। संशोधन / शुद्धिपत्र यदि हो तो केवल आई आर ई पी एस वेबसाइट पर प्रकाशित होगा। **निविदा कागजात के लिए पथ:** आई आर ई पी एस के माध्यम से। मैनुअल निविदायें निविदायें स्वीकृत नहीं होगीं।

**कार्यालय वनमंडल अधिकारी नरसिंहपुर वनमंडल के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 वाहन किराये पर लेने हेतु निविदा सूचना**

वनमंडल नरसिंहपुर (सा.) वनमंडल के परिक्षेत्र नरसिंहपुर, गोटेगांव, करेली, गाडरवारा, बरमान एवं उप वनमंडल गाडरवारा, उड़नदस्ता दल के उपयोग के लिए कुल 08 डीजल वाहन (चार पहिया) मेक वर्ष 2022 किराये पर प्रदाय करने हेतु पृथक पृथक वाहन परिक्षेत्र हेतु मुहरबंद निविदायें, वार्षिक अनुबंध के लिए आमंत्रित की जाती है। निविदा शर्ते तथा निविदा फार्म दिनांक 21.04.2025 से दिनांक 24.04.2025 को दोपहर 01:00 बजे तक रुपए 500 / - ( पांच सौ रुपए) जमा कर अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। पूर्ण रूप से भरी हुई निविदा दिनांक 24.04.2025 को दोपहर 2:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय में जमा की जा सकेगी। प्रत्येक निविदा के साथ किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक का रुपए 20000/- ( बीस हजार रुपए) का F. D. R. अनिवार्यत: जमा करना होगा। यह F. D. R. वनमंडल अधिकारी नरसिंहपुर के नाम से देय होना चाहिए। प्राप्त मुहर बंद निविदा दिनांक 24.04.2025 को सायं 4:00 बजे उपस्थित निविदाकारों के समक्ष खोली जावेगी। निविदाशर्ते एवं विस्तृत विवरण अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय एवं विभागीय पोर्टल https://mpforest.gov.in/ से भी प्राप्त की जा सकेगी।

वनमंडल अधिकारी
नरसिंहपुर

G-11516/25 "स्वच्छता ही सेवा"

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग ( म / स ) संभाग क्र 1 जबलपुर**

निविदा सूचना क्र. 03 वर्ष 2024-25 टेन्डर लिपिक — **निविदा सूचना** — जबलपुर दिनांक 09/04/2025

निम्नलिखित कार्यो हेतु ई टेन्डरिंग के माध्यम से निर्मलखित कार्यो की निविदायें आमंत्रित की जाती है। कार्यो का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईड पर आनलाईन भुगतान कर वेबसाईड के माध्यम से प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. | ई टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | | ठेके की अनु राशि (रू. लाख में | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मुल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ई एम डी, टेन्डर फीस एवं निविदा से संभदित अन्य अभिलेख जमा करने हेतु |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_PWDRB_415820_pack1 | पडरिया से पडवार मार्ग चैनेज 7100 से 10600 तक कुल लंबाई 3.50 कि.मी. का निर्माण कार्य। | द्वितीय | 376.79 | 376790 | 15000 | 12 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल आनलाईन |
| | | कुल योग | | 376.79 | | | | |

टीप:- (1) निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 11/04/2025 17:30 बजे तक है। अन्य तिथियाँ एवं विस्तृत विवरण व संशोधन आनलाईन वेब साईड www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है किसी भी प्रकार के संशोधन का पुन: प्रकाशन नही कराया जावेगा। संशोधन सूचना कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग ( भ / स )
संभाग क्र 1 जबलपुर

G-11509/25 "स्वच्छता ही सेवा"

**कार्यालय वनमण्डल अधिकारी, दक्षिण बालाघाट उत्पादन वनमण्डल (म.प्र.)**

Tele & Fax No. 07632-241516, E-mail-dfopsbghat@mp.gov.in

क्रमांक / वाहन / 654 — **ई-निविदा सूचना** — बालाघाट, दिनांक 08/04/2025

दक्षिण उत्पादन वनमण्डल बालाघाट को प्राप्त नवीन एक शासकीय वाहन ( ट्रक) में केबिन एवं डाला बॉडी निर्माण कार्य हेतु ई - निविदा प्रस्तावित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. | कार्य का विवरण | स्पेसिफिकेशन | अनुमानित मात्रा |
|---|---|---|---|
| 1 | Complete Installation of Cabin and Body on truck's chasis as per specification, Installation will include both material and labor costs. | 1. Truck Model TATA LPT 1923BSVI | आवश्यकतानुसार |
| | | 2. LPT 1923BSVI Cabin complele with steck Angle Jaal fabrication Wooden Back with 14 Gauge sheet with Balta cabin Intenor with seal wiring and paint. | |
| | | 3. Body with 65X5 Angle pole, 5X2 Channel, 5 mm Floor, Both side 30 Folding Dala with 12 Gauge sheet and 3, Channel Frame with Back Side wooden Dala feed with 50X5 Angle and Paint. All Material Should conform to BIS Standards. | |

ऊपर दी गयी समस्त सामग्री हेतु प्रदायकताओं से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा संबंधित समस्त जानकारी एवं दस्तावेज वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर प्रकाशन दिनांक 09.04.2025 से दिनांक 22.04.2025 को समय 02.00 बजे तक देखी / प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | Published Date | 09/04/2025 | 10:00 AM |
| 2 | Document Sale Start Date | 09/04/2025 | 12:00 AM |
| 3 | Bid Submission Start Date | 09/04/2025 | 05:00 AM |
| 4 | Bid Submission End Date | 22/04/2025 | 02:00 PM |
| 5 | Bid Submission End Date | 23/04/2025 | 02:00 PM |

वनमण्डलाधिकारी
दक्षिण उत्पादन वनमण्डल बालाघाट

G-11512/25

शराबी पिता मां को करता था परेशान, 3 आरोपी गिरफ्तार

# नाबालिग बेटे ने पिता की हत्या कर नाले में फेंकी थी लाश

हरिभूमि जबलपुर।

माढ़ोताल थाना अंतर्गत एक नाले में मिली लाश का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया। पहले पुलिस ने मर्ग जांच के बाद पीएम रिपोर्ट के आधार पर हत्या का प्रकरण दर्ज किया था। नाबालिग पुत्र ने अपने दो मित्रों के साथ मिलकर पिता की गला घोंटकर हत्या कर दी और नाले में लाश फेंक दी। पुलिस ने नाबालिक सहित तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त मोटर सायकिल भी जब्त कर ली है। पूछताछ में नाबालिग ने स्वीकार किया कि उसका पिता शराब पीने का आदी था और शराब के नशे में उसकी मां से आए दिन मारपीट करते थे। इसी बात से परेशान होकर उसने गला घोंटकर हत्या कर दी और मित्रों की मदद से नालें में शव को फेंक दिया।




अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आनंद कलादगी ने यहां कंट्रोल रुम में पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि गत 10 अप्रैल को कठौंदा कचरा प्लांट के पीछे नाले किनारे एक अज्ञात पुरुष का शव मिला था। घटना स्थल का निरीक्षण एवं प्राप्त पीएम रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात के विरूद्ध अपराध कमांक 249/25 घारा 103 (1), 238 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

अज्ञात मृतक की शिनाख्तगी हेतु मृतक के फोटोग्राफ भीडभाड़ वाले स्थानों पर चस्पा किए गए तथा आसपास फोटो दिखाते हुए पूछताछ की गयी एवं सभी थानों के गुम इंसान रजिस्टर से मिलान किया गया। 13 अप्रैल को गीता कोरी उम्र 45 वर्ष निवास ने मृतक की पहचान अपने पति सुंदरलाल कोरी उर्फ बल्लू कोरी उम्र 51 वर्ष के रूप में की।

### सीसीटीव्ही फुटेज से पकड़ाए

*इधर, गठित टीम द्वारा जब घटना स्थल के आसपास के सी सी टी व्ही फुटेज खंगाले गए तथा आसपास के लोगो से पूछताछ की गयी। तो ज्ञात हुआ कि 9 अप्रैल को रात लगभग 9 बजे ग्रीन सिटी में एक काले रंग की मोटर सायकिल में चार लोग मदर टेरेसा नगर की तरफ से आकर कचरा प्लांट की तरफ गए थे। मोटर सायकिल उदय चढ़ार चला रहा था, बीच में साहिल रैकवार, फिर चादर में लिपटा हुआ एक व्यक्ति तथा पीछे एक 16-17 वर्षीय किशोर बैठा था, जिनका आचरण संदिग्ध प्रतीत हो रहा था। संदेह के आधार पर ग्राम औरिया कंटगी बायपास निवासी 19 वर्षीय उदय चढ़ार एवं ग्राम औरिया सरकारी स्कूल के पास थाना माढ़ोताल 18 वर्षीय साहिल रैकवार तथा मृतक के 17 वर्षिय बेटे को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। तो नाबालिग बालक ने बताया कि उसका पिता सुंदरलाल उर्फ बल्लू, कोरी शराब पीने का आदि था। जो आए दिन शराब पीकर मां गीता कोरी के साथ मारपीट करता था। 9 अप्रैल को भी पिता के द्वारा मारपीट करने से परेशान होकर उराने अपने दोस्तों के साथ मिलकर पिता की हत्या करने की योजना बनायी। योजना के अनुसार अपने पिता की गला घोंटकर हत्या कर दी। फिर दोस्तो की मदद से मोटर सायकिल से ले जाकर शव को कचरा प्लांट के पीछे नाला के पास फेंक दिया।*

16.6 लाख विद्यार्थियों ने दी थी परीक्षा

# एमपी बोर्ड 10वीं-12वीं के नतीजों का इंतजार!

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा 10वीं और 12वीं के रिजल्ट जारी होने में अभी थोड़ा समय लगेगा। जानकारी के अनुसार, फिलहाल प्रदेशभर में उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य चल रहा है, जो जल्द ही पूरा होने की उम्मीद है। बताया जा रहा है कि इस प्रक्रिया में अभी एक सप्ताह से दस दिन तक का समय लग सकता है। मूल्यांकन पूरा होने के बाद रिजल्ट तैयार करने की प्रक्रिया शुरू होगी, इसलिए उम्मीद की जा रही है कि नतीजे मई 2025 में घोषित किए जा सकते हैं।



इस बार परीक्षाएं 25 मार्च 2025 को समाप्त हुई थीं, जिनमें करीब 16.6 लाख छात्रों ने भाग लिया था। कक्षा 10वीं की परीक्षा 27 फरवरी से 19 मार्च तक और 12वीं की परीक्षा 25 फरवरी से 25 मार्च 2025 तक आयोजित की गई थी।

### पिछले साल का आंकड़ा

पिछले वर्ष एमपी बोर्ड की ओर से कक्षा 10वीं और 12वीं रिजल्ट को 24 अप्रैल 2024 को घोषित किया गया था। पिछले साल कक्षा दसवीं का पासिंग पर्सेंटेज 58.12 प्रतिशत था। वहीं 12वीं का ओवरऑल पासिंग पर्सेंटेज 64.48 प्रतिशत दर्ज किया गया था।

किसान मंडियो में जाकर बेच रहे हैं गेहूं, 27 दिन में 22.47 लाख टन गेहूं की खरीदी

# किसान नहीं पहुंचे समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश में 15 मार्च से समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी शुरू हो चुकी है। पिछले 27 दिनों में सरकारी खरीद केन्द्रों से 22.47 लाख मैट्रिक टन गेहूं की खरीदी हुई है। वही इस बीच किसानों ने 21, 35 लाख टन गेहूं मंडियों में जाकर व्यापारियों को बेचा है। मंडियों में समर्थन मूल्य के बराबर ही दाम,किसानों को मिल रहे हैं। जिसके कारण किसान अपना माल व्यापारियों को बेचने में रुचि दिखा रहे हैं।

### 17 जिलों में बोहनी नहीं

17 जिलों के उपार्जन केद्रों में अभी तक बोहनी नहीं हुई है। 1 क्विंटल गेहूं भी उपार्जन केद्रो में नहीं पहुंचा है। मध्य प्रदेश के बड़वानी बुरहानपुर कटनी जबलपुर डिंडोरी पांढ़ुर्णा बालाघाट मुरैना मऊगंज मैहर सिंगरौली सीधी अनूपपुर उमरिया शहडोल निवाड़ी और टीकमगढ़ जिलों में गेहूं की खरीदी सरकारी खरीद केन्द्रों में नहीं हुई। अभी तक जो जानकारी मिली है। उसके अनुसार उज्जैन संभाग में सबसे ज्यादा समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी हुई है। 3,89,972 टन गेहूं की खरीदी उज्जैन संभाग में हुई है। उसके बाद नर्मदा पुरम संभाग में 40236 मेट्रिक टन गेहूं की खरीदी हुई है।

हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को पत्र भेजा

# बिना अध्यक्ष के चल रहे प्रदेश के 31 जिला उपभोक्ता फोरम

**जबलपुर।** प्रदेश के 61 प्रतिशत जिला उपभोक्ता आयोग में अध्यक्ष पद रिक्त पड़े है। स्वयं राज्य उपभोक्ता कमीशन की वेबसाईट में 31 जनवरी 2025 की स्थिति बताई गई है, जिसमें प्रदेश के 51 जिला उपभोक्ता आयोग में से 31 में अध्यक्ष पद रिक्त बताए गए हैं।



कुछ जिला आयोग में, जैसे की नरसिंहपुर में पिछले 4 वर्षों से नियमित रुप से नियुक्त अध्यक्ष ही नहीं है। इंदौर-1, शिवपुरी, धार, सतना, मुरैना, हरदा, बुरहानपुर, सीहोर, बड़वानी, मंडलेश्वर, मंडला, डिण्डौरी, नरसिंहपुर, सिवनी, बालाघाट, शाजापुर, देवास, रायसेन, झाबुआ, नीमच, उमरिया, सीधी, शहडोल, अनूपपुर, राजगढ़, अशोकनगर, दतिया, श्योपुर, टीकमगढ़, पन्ना, बैतूल। इससे चिन्तित होकर डॉ. पीजी नाजपांडे ने विधि मंत्रालय को नोटिस भेजा है। डॉ. पीजी नाजपांडे ने पूर्व में मप्र हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को भी पत्र भेजकर इस गंभीर स्थिति से उन्हें अवगत कराया है। अब रजिस्ट्रार जनरल को पत्र भेजा। उपभोक्ता आयोगों में पद रिक्त पड़े रहने के कारण उपभोक्ताओं के शिकायतों को आयोग जल्द निपटारा नहीं कर पा रहे हैं। लंबित प्रकरणों का अंबार लगा हुआ है। उपभोक्ता आयोगों पर अतिरिक्त भार पड़ने से आयोगों को मुश्किल में डाला गया है। मंच के रजत भार्गव, एड.वेदप्रकाश अधौलिया, एड ब्रजेश साहू ने इस संबंध में तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है।

### *रेलवे के तत्काल टिकट बुकिंग समय में नहीं होगा बदलाव*

**जबलपुर।** हाल ही में इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रही कुछ खबरों में नई व्यवस्था की बात की गई। इसी बीच यात्रियों की दुविधा दूर करने आइआरसीटीसी ने इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक आधिकारिक पोस्ट जारी कर बताया, सोशल मीडिया चैनलों पर भ्रामक पोस्ट प्रसारित हो रहे हैं, जिनमें तत्काल और प्रीमियम तत्काल टिकटों की बुकिंग टाइमिंग को लेकर गलत जानकारी दी जा रही है। एसी और नान-एसी क्लास के लिए तत्काल या प्रीमियम तत्काल टिकट बुकिंग समय में कोई बदलाव प्रस्तावित नहीं है।

फॉल्ट की पहचान और सुधार कार्य में मिल रही मदद

# ट्रांसमिशन टॉवरों की ड्रोन पेट्रोलिंग से ब्रेकडाउन में कमी

हरिभूमि जबलपुर।

मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम पी ट्रांसको)में एक्स्ट्रा हाई टेंशन ट्रांसमिशन टावरों की ड्रोन से पेट्रोलिंग के प्रयोग को सफलता मिली है । मध्य प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने जानकारी दी कि 220 के व्ही के 10000 ट्रांसमिशन टावरों की ड्रोन से पेट्रोलिंग की शुरुआती सफलता के बाद अब इसके अगले चरण में मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने इसे विस्तारित करते हुए अपने 400 एवं 132 के व्ही के 23000 ट्रांसमिशन टावरों की पेट्रोलिंग प्रारंभ कर दी है।



श्री तोमर ने बताया कि इससे फॉल्ट की सटीक पहचान करने और उसका समय पर सुधार कार्य करने में काफी मदद मिल रही है, जिससे एकस्ट्रा हाईटेंशन लाइनों में ब्रेक डाउन को कम करने में सफलता मिली है। दुर्गम इलाकों में अब टॉवरों की सटीक हाईटेक मॉनिटरिंग की जा रही है, इसके जरिए मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने फॉल्ट आने के पहले ही उसमें सुधार कर लिया , इसके कारण पिछले एक साल में जिन लाइनों में ड्रोन पेट्रोलिंग की गई है, उनके ब्रेक डाउन में कमी आई है।

मध्यप्रदेश में लगभग 8040 कि.मी. एकस्ट्रा हाईटेंशन लाइनों के टॉवरों की ड्रोन से निगरानी की जा रही है। इसमें 400 के.व्ही. की 21 एवं 132 के.व्ही की 245 लाइनें शामिल है। ड्रोन के जरिए अभी फिलहाल 400 एवं 132 के.व्ही. अति उच्चदाब लाइन टॉवरों की ड्रोन के जरिए पेट्रोलिंग की जा रही है।

### 4 किमी तक कंट्रोल होता है ड्रोन

ड्रोन के द्वारा एक स्थान से लगभग चार से पांच किलोमीटर दूर तक के टॉवरों की पेट्रोलिंग की जा सकती है। ड्रोन द्वारा दी गई तस्वीरों को एनालाइज किया जाता है।

### 23 हजार टॉवरों की पेट्रोलिंग

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने बताया कि मध्य प्रदेश में 43 हजार किलोमीटर सर्किट से अधिक की लाइनें हैं और 90 हजार के लगभग ट्रांसमिशन टॉवर हैं। वर्तमान में करीब 23000 टॉवरों की ड्रोन से पेट्रोलिंग की जा रही है। ड्रोन पेट्रोलिंग की शुरुआत में कुछ चुनिंदा टॉवरों को शामिल किया गया था, जब इन टॉवरों में यह प्रयोग सफल हुआ, तब इसे आगे बढ़ाया गया है।

### मोबाईल पर उपलब्ध रहेगा डेटा

ड्रोन के माध्यम से की जा रही टॉवरो के पेट्रोलिंग का डाटा मैंटेनेन्स के उच्चाधिकारियों सहित सभी कार्मिकों के मोबाईल पर उपलब्ध रहेगा। साथ ही वेब पोर्टल एवं एप पर भी यह उपलब्ध रहेगा, जिसमें चिन्हित की गई खराबी और उसके सुधार का संपूर्ण विवरण उपलब्ध होगा।

3 सटोरिए गिरफ्तार, नगदी व उपकरण जब्त

# होटल के कमरे में चल रहा क्रिकेट सट्टा

हरिभूमि जबलपुर।

माढ़ोताल और क्राईम ब्रांच की टीम ने गत रात रायना इन होटल के कमरे में ऑनलाईन आईपीएल क्रिकेट का सट्टा खिला रहे तीन सटोरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नगद 7 हजार 300 रुपए 6 मोबाइल, 1 एलईडी टीव्ही, केलकुलेटर जब्त किया है।

माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रात मुखबिर की सूचना पर क्राईम ब्रांच और माढ़ोताल पुलिस ने रायना इन होटल में 106 नंबर कमरे में मुम्बई इंडियन एवं दिल्ली केपिटल के बीच चल रहे है ऑनलाईन आईपीएल क्रिकेट मैच खिला रहे त्रिपाठी बिल्डिंग मस्ताना चौक रांझी निवासी 46 वर्षीय विशाल सराफ, शारदा नगर रांझी निवासी 33 वर्षीय वीरु दुबे, रक्षा कालोनी रांझी निवासी 31 वर्षीय अंकित मेहरा को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ करने पर मुख्य आरोपी विशाल ने बताया कि एप के माध्यम से आईडी से लाईन लेकर ग्राहकों से मोबाइल के जरिये दाव लगाकर अपने अन्य साथी भवरताल गार्डन के पास ओमती निवासी अनमोल उर्फ वीसू पटारिया और दिलीप खत्री को दाव पलटाने और हार जीत का हिसाब सोमवार के दिन करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नगद 7 हजार 300 रुपए 6 मोबाइल, 1 एलईडी टीव्ही, केलकुलेटर जब्त करते हुए सभी पांचों सटोरियों के विरूद्ध धारा 4(क) सट्टा अधिनियम एवं धारा 112 भारतीय न्याय संहिता के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।



# किराए पर ली कार को बेचने से पहले पकड़े गए 3 बदमाश


**जबलपुर।** भोपाल से कार चुराकर जबलपुर में बेचने की फिराक में लगे तीन शातिर बदमाशों को क्राइम ब्रांच ने समय रहते गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने फर्जी आधार कार्ड का इस्तेमाल कर भोपाल से एक कार किराए पर ली थी और जबलपुर में उसे बेचने की योजना बना रहे थे। क्राइम ब्रांच थाना प्रभारी शैलेष मिश्रा ने बताया कि एक मुखबिर से सूचना मिली थी कि काले रंग की क्रेटा कार (एमपी 07 जेडएन 1752) को चोरी करके जबलपुर लाया गया है और उसे यादव कॉलोनी इलाके में मात्र एक लाख रुपये में बेचा जा रहा है। सूचना मिलते ही क्राइम ब्रांच और यादव कॉलोनी चौकी की टीम मौके पर पहुंची और तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों में शरद शिवहरे (छिंदवाड़ा निवासी), संकल्प अग्रवाल (विजयनगर, जबलपुर) और अमित अमरोदे (कोलार, भोपाल) शामिल हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने भोपाल की एक ट्रेवल एजेंसी से फर्जी आईडी के जरिए कार किराए पर ली थी, और जबलपुर में उसे बेचने की तैयारी कर रहे थे। इसके अलावा, उन्होंने पहले भी कोहेफिजा थाना क्षेत्र में एक युवक से एग्रीमेंट कर क्विड कार बेची थी और बाद में उसे चुरा लिया। इस मामले में एफआईआर दर्ज है। इसी तरह अयोध्या नगर थाना क्षेत्र में भी इनके खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज है।

अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

# *स्वामी राघव देवाचार्य को सोशल मीडिया पर मिली धमकी!*

**जबलपुर।** प्रतिष्ठित संत स्वामी राघव देवाचार्य को सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी दी गई है। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है और जांच शुरू कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुछ युवकों ने इंस्टाग्राम पर एक आपत्तिजनक पोस्ट के जरिए स्वामी राघव देवाचार्य को धमकी दी। मदन महल थाना पुलिस ने स्वामी राघव देवाचार्य की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ आईपीसी की कई धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने अब तक एक दर्जन से अधिक इंस्टाग्राम अकाउंट्स की पहचान की है और साइबर टीम के माध्यम से इनकी जांच की जा रही है।

इधर, धमकी की खबर सामने आने के बाद विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, करणी सेना सहित कई हिंदूवादी संगठनों ने नाराजगी जताई है। संगठनों ने प्रशासन से जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि कार्रवाई में देर हुई तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। पुलिस का कहना है कि सोशल मीडिया के जरिए धमकी देने वालों की जल्द पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।




बादलों की बसाहट से पारे के उछाल पर ब्रेक

# झोंकेदार हवाओं के बीच बूंदाबांदी की संभावना

**जबलपुर।** बीते दो तीन दिनों से मौसम के मिजाज पटरी पर नहीं आ पा रहे हैं। दिनभर धूपछाव के खेल के बाद रात में तेज हवाएं चलने लगती है और बूंदाबांदी होने लगती है। मौसम विज्ञान केन्द्र ने चेतावनी दी है कि अगले 24 घंटे के दौरान भी जिले में ऐसा ही मौसम रहेगा। तेज झोंकेदार हवाओं के बीच कहीं कहीं वर्षा भी हो सकती है। बादलों की वजह से पारे के उछाल पर रोक लगी हुई है। फिर भी उमस भरी गर्मी परेशान कर रही है। रात में बूंदाबांदी होने के बाद हवा में नमी घुलने से मौसम सुहाना हो जाता है। सुबह होते ही फिर उमस का वातावरण बनने लगता है। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार से मौसम में सुधार आ सकता है हालांकि आंशिक रूप से बादल छा सकते हैं। मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान एक पश्चिमी विक्षोभ ईरान के ऊपर हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात के रूप में बना हुआ है। इससे एक द्रोणिका भी संबद्ध है। दक्षिणी राजस्थान एवं उससे लगे उत्तरी गुजरात पर हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। इस चक्रवात से लेकर उत्तरी ओडिशा तक भी एक द्रोणिका बनी हुई है। बंगाल की खाड़ी में एक प्रति चक्रवात अभी भी बना हुआ है जिससे आ रही नमी से बादल छा रहे हैं। अगले 24 घंटे के दौरान मौसम प्रणालियां कम जोर पड़ जाएंगी और मौसम का मिजाज भी सुधरने लगेगा। मौसम विज्ञान केन्द्र से बताया गया कि पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 36.08 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री कम, न्यूनतम तापमान 21.0 डिग्री सामान्य से 1 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 54 प्रतिशत और सायंकाल 35 प्रतिशत दर्ज की गई। शहर में उत्तर पश्चिमी हवाएं 4 से 5 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। प्रदेश में सबसे अधिक 40.2 डिग्री तापमान नर्मदापुरम जिले में और सबसे कम 17.1 डिग्री अमरकंटक में दर्ज किया गया। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 37.0 और न्यूनतम तापमान 19.08 डिग्री दर्ज किया गया था। अगले 24 घंटों के दौरान जबलपुर सहित संभाग के अनेक जिलों में गरज चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ने की संभावना है।



प्रवेश की कार्रवाई संबंधी जानकारी एजुकेशन पोर्टल-3.0 पर होगी

# अगली कक्षा के लिए स्कूल नहीं तो आगे की क्लास में भर्ती कराना शिक्षक की जिम्मेदारी

हरिभूमि, जबलपुर

स्कूलों में नया सत्र शुरू होने के साथ ही स्कूल शिक्षा विभाग सरकारी स्कूलों में नामांकन बढ़ाने और अगली कक्षाओं में प्रवेश की तैयारियों में जुट गया है। विभाग की ओर से स्कूलों में प्रवेश को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। प्राचार्यों और शिक्षकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है कि वह अपने क्षेत्र के प्रत्येक विद्यार्थी और उनके अभिभावकों तक पहुंचे। अगली कक्षा के लिए गांव में अगर स्कूल नहीं है तो यह शिक्षकों की जिम्मेदारी होगी कि वह बच्चे का नजदीक के सरकारी स्कूल में प्रवेश कराएं। दरअसल, स्कूल शिक्षा विभाग में अकादमिक एवं प्रशासनिक कार्यों के क्रियान्वयन की मॉनीटरिंग तथा परिणामों की समीक्षा के लिए डिजिटल प्लेटफार्म तैयार किया गया है। प्रदेश में एक अप्रैल से नवीन अकादमिक सत्र में सभी शासकीय और अशासकीय विद्यालयों में प्रवेश की कार्यवाही एजुकेशन पोर्टल-3.0 पर की जा रही है। सरकारी स्कूलों के अलावा अन्य सभी प्रबंधन की शालाएं, जिनमें प्रायवेट स्कूल, मदरसा, केन्द्रीय विद्यालय और नवोदय आदि को उनकी शाला के यूडीआईएसई कोर्ट के माध्यम से लॉग इन कर संबंधित शाला के प्राचार्य द्वारा शाला के समस्त विद्यार्थियों का प्रवेश, पोर्टल पर किया जाएगा।

शिक्षक-प्राचार्य अपने क्षेत्र के प्रत्येक विद्यार्थी और उनके अभिभावकों तक पहुंच बनाएं




### दस्तावेज के अभाव में प्रवेश से वंचित नहीं

शाला प्रभारी द्वारा सूची के अनुसार पालकों से सम्पर्क कर विद्यार्थियों को प्रवेश दिलाया जाएगा। इस वर्ष नवीन पोर्टल पर सभी शालाओं एवं उनमें पदस्थ शिक्षकों को लॉग इन आईडी दी गई है। शाला प्रवेश के समय दस्तावेज के अभाव में किसी भी विद्यार्थी को प्रवेश से वंचित नहीं रखा जाएगा।

# उच्च शिक्षा विभाग ने कॉलेजों से मांगा डिमांड लेटर

**जबलपुर।** उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी सरकारी कॉलेजों से इस बजट वर्ष में उनके द्वारा खर्च की जाने वाली राशि के लिए डिमांड लेटर मांगा है। आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग निशांत वरवड़े द्वारा जारी आदेश में कॉलेजों के प्राचार्यों से कहा गया है कि इस बजट वर्ष 2025-26 के लिए मिले राज्य शासन बजट के तहत आपके महाविद्यालयों में निर्माण, अतिरिक्त निर्माण, फर्नीचर, पुस्तकालय के लिए पुस्तक, ई-पुस्तकें, प्रयोगशाला, आईटी संबंधी उपकरण आदि की आवश्यकता के अनुसार मांग पत्र प्रस्तुत करें।

यह मांगपत्र दिए गए फार्मेट में देना होगा। मांगपत्र में पूरा विवरण 15 अप्रैल तक उच्च शिक्षा विभाग के कार्यालय को प्रस्तुत करने का आदेश दिया गया है। आदेश में स्पष्ट कहा है कि इसके बाद किसी भी महाविद्यालय से मिले प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जाएगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240